# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-179 ▶ मुंबई, शनिवार, 25 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



जागरूक टाइम्स YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें




रोजलिन के दावों के बीच हिना ने शेयर कीं स्टनिंग तस्वीरें ...पेज 11

# भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका



**8 की मौत** | **5 गंभीर**

▶▶ 14 लोगों के फंसे होने की आशंका

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में मौजूद सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सवेरे धमाका हो गया। जिसमें 8 लोगों की मौत हो चुकी है। पांच लोग गंभीर तौर पर घायल बताए जा रहे हैं। धमाके से एक छत भी गिर गई। जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। धमाका कितना जोरदार था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि धमाके की आवाज करीब पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर से सांसद नितिन गडकरी मामले पर नजर रखे हुए हैं।

### फैक्ट्री में बनता प्रोपेलेंट

- भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री डबल बेस प्रोपेलेंट भी बनाती है। जिसे बैलिस्टाइट के रूप में जाना जाता है। ये एक तरह का आधुनिक विस्फोटक है, जिसमें नाइट्रोग्लिसरीन और नाइट्रोसेल्यूलोज होता है। ये दोनों चीजें बैलिस्टिक मिसाइल और दूसरे सेना के लिए जरूरी चीजों में आवश्यक होती हैं। भंडारा का ये ऑर्डिनेंस फैक्ट्री डबल-बेस रॉकेट प्रोपेलेंट भी बनाता है, जो रॉकेट के लिए जरूरी होता है। इसमें ईंधन और ऑक्सीडाइजर दोनों होते हैं, जो रॉकेट, मिसाइल के लिए काफी जरूरी होते हैं।



वक्फ संशोधन बिल

# जेपीसी की बैठक में हंगामा

- विपक्ष के 10 सांसद सस्पेंड
- हंगामे के बीच बुलाए मार्शल

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की बैठक में शुक्रवार को हंगामा हो गया। हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। असदुद्दीन ओवैसी और कल्याण बनर्जी समेत 10 विपक्षी सांसदों को जेपीसी सदस्यता से एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। जेपीसी में विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव भाजपा सांसद निशिकांत दुबे लाए थे। चेयरमैन जगदंबिका पाल ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

### सस्पेंड सांसदों के नाम

जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें असदुद्दीन ओवैसी, इमरान मसूद, कल्याण बनर्जी, अरविंद सावंत, नासिर हुसैन, ए. राजा, मोहिबुल्लाह नदवी, एम. एम. अब्दुल्ला, नदीमुल हक, मोहम्मद जावेद शामिल हैं। 10 सदस्यों को शुक्रवार के लिए सस्पेंड किया गया।

### विपक्षियों के हंगामे का कारण

वक्फ पर बनी जेपीसी में विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा हंगामे के पीछे का मुख्य कारण यह था कि रिपोर्ट एडॉप्ट की तारीख को 31 जनवरी किया जाए। क्लॉज दर क्लॉज अमेंडमेंट पर चर्चा के लिए पहले 24 और 25 की तारीख तय की गई थी। लेकिन गुरुवार देर रात वो तिथि बदलकर 27 कर दी गई थी। विपक्षी सांसदों की ये मांग थी कि बैठक 31 जनवरी को हो। समिति के अध्यक्ष विपक्षी दलों के सांसदों की मांग मानने के लिए तैयार नहीं थे।

### 500 पन्नों की रिपोर्ट संभव!

माना जा रहा है कि समिति आगामी बजट सत्र में अपनी 500 पन्नों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकती है। वक्फ पर बनी इस समिति ने दिल्ली में 34 बैठकें कीं हैं और कई राज्यों का दौरा किया है। जहां 24 से अधिक हितधारकों को बुलाया गया था। समिति के 21 लोकसभा और 10 राज्यसभा सदस्यों में से 13 विपक्षी दलों से हैं। निचले सदन में नौ और उच्च सदन में चार सदस्य हैं।

# मप्र : 17 धार्मिक शहरों में शराब बैन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने राज्य के 17 धार्मिक शहरों में शराब बंदी का ऐलान कर दिया है। माहेश्वर में कैबिनेट में शराबबंदी के फैसले पर शुक्रवार को मुहर लगा दी गई। इसके बाद उज्जैन, जबलपुर, मंदसौर समेत 17 शहरों में शराब पर पाबंदी लग जाएगी। इन शहरों में उज्जैन, ओंकारेश्वर, मैहर, खजुराहो, महेश्वर, ओरछा, सांची, नलखेड़ा, सलकनपुर, जबलपुर, मंदसौर आदि जिलों का नाम शामिल है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेने से पहले ही इस बात की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में सबसे महत्वपूर्ण फैसला शराब बंदी को लेकर किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में बस-ऑटो-टैक्सी किराया बढ़ा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में राज्य सरकार ने सड़क परिवहन के किराए में बढ़ोत्तरी करने वाले प्रस्ताव को मंजूदी दे दी है। इस प्रस्ताव को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया है। बसों में किराए की बढ़ोत्तरी को 24 जनवरी से ही लागू कर दिया गया, जबकि ऑटो और टैक्सी के किराए की बढ़ोत्तरी को एक फरवरी से लागू किया जाएगा। इससे अनुमान है कि परिवहन को हर दिन जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई हो सकेगी। महाराष्ट्र में राज्य परिवहन प्राधिकरण की लंबे वक्त बाद बैठक हुई है। जिसमें यात्री किराए की बढ़ोत्तरी को लेकर फैसला लिया गया है। यह प्रस्ताव महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेसन यानि एमएसआरटीसी ने पेश किया था। मीटिंग के दौरान प्रस्ताव पर चर्चा की गई और इसकी जरूरत समझते हुए इसे लागू किया गया है।

**अमेरिका** | व्हाइट हाउस का दावा

# 500 से ज्यादा घुसपैठिए गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका ने अपनी सीमा से विभिन्न देशों के 500 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। व्हाइट हाउस की सूचना के अनुसार 538 घुसपैठियों को अमेरिकी सेना ने पकड़ा है। इसके अलावा 373 बंदियों को हिरासत में लिया गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार इनमें से सैकड़ों लोगों को मिलिट्री एयरक्रॉफ्ट में बैठाकर वापस भेज दिया गया है। ट्रंप प्रशासन लाखों अवैध घुसपैठियों की पहचान कर वापस उनके देश भेजने की तैयारी कर चुका है।



▶▶ बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा

▶▶ लाखों भारतीय अमेरिका के निशाने पर

### ट्रंप की नई इमिग्रेशन पॉलिसी

डोनाल्ड ट्रंप ने नई इमिग्रेशन पॉलिसी बनाई है। जिसके तहत अवैध रूप से अमेरिका में घुसे प्रवासियों को पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजने का प्रावधान है। क्योंकि इन लोगों को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। इनकी संख्या कई लाख में बताई जा रही है। ट्रंप ने इस बाबत एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके नई इमिग्रेशन पॉलिसी लागू कर दी है। साथ ही अपने शपथ ग्रहण के पहले ही दिन सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी।

▶ मद्रास हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# महिलाओं के साथ अनचाहा व्यवहार भी यौन उत्पीड़न



**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ अवांछित व्यवहार भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उत्पीड़नकर्ता की मंशा चाहे जो भी हो, यह कृत्य आपराधिक कृत्य है। न्यायमूर्ति आर. एन. मंजुला ने इस बात पर जोर दिया कि पीओएसएच अधिनियम यौन उत्पीड़न के पीछे के इरादे की तुलना में उसके कृत्य को प्राथमिकता देता है। कार्य स्थल पर अवांछित व्यवहार यौन उत्पीड़न है, चाहे उत्पीड़क का इरादा कुछ भी हो। यदि कोई बात अच्छी तरह से स्वीकार नहीं की जाती है तो यह अनुचित है और दूसरे लिंग, यानी महिलाओं को प्रभावित करने वाले अवांछित व्यवहार के रूप में महसूस की जाती है, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह यौन उत्पीड़न की परिभाषा के अंतर्गत आएगा। कोर्ट ने अमेरिकी अदालत के एक फैसले का हवाला भी दिया।

## महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी



**प्रयागराज।** 90 के दशक की स्टार बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने आम जीवन को त्याग कर वैराग्य की ओर रुख कर लिया है। वे किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन चुकीं हैं। उन्होंने अपना पिंडदान कर दिया है, अब वे अपना जीवन वैरागी बनकर बिताएंगी। शुक्रवार शाम को ममता के पट्टाभिषेक समारोह के बाद वे अधिकारिक महामंडलेश्वर बन गईं।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की रिपोर्ट

# एशिया के 25 करोड़ बच्चे नहीं जा सके स्कूल

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बातें सामने आईं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल खराब मौसम (हीटवेव, बाढ़, चक्रवात, अत्यधिक बारिश) के कारण 85 देशों में लगभग 242 मिलियन यानी 24 करोड़ 20 लाख बच्चों की स्कूली शिक्षा बाधित हुई है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि बच्चे मौसम को लेकर अधिक संवेदनशील होते हैं और उन पर इसका प्रभाव भी पड़ता है। कैथरीन रसेल ने कहा कि बड़ों की तुलना में बच्चे मौसम के बदलाव के कारण तेजी से प्रभावित होते हैं। भीषण गर्मी के कारण बच्चे क्लास में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। रास्ते में पानी भर गया हो या स्कूल बह गया हो तो वो स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। शिक्षा उन सेवाओं में से एक है, जो जलवायु संबंधी खतरों के कारण सबसे अधिक बार बाधित होती है। इतना सब कुछ होते हुए भी नीतिगत चर्चाओं में इस समस्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

### 171 मिलियन बच्चे हीटवेव से प्रभावित

हीटवेव, चक्रवात, बाढ़ और अन्य मौसमी गतिविधियों के कारण कक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं हैं, छुट्टियां बढ़ानी पड़ी हैं, स्कूल खोलने में देरी हुई है। यहां तक कि स्कूल क्षतिग्रस्त या नष्ट भी हुए हैं। कम से कम 171 मिलियन बच्चे हीटवेव से प्रभावित हुए हैं।

## न्यूज BRIEF

### अमूल दूध एक रुपए सस्ता



**मुंबई।** अमूल ने अपने दूध प्रोडक्ट की कीमतें घटाने का ऐलान कर दिया है। 26 जनवरी से इनकी कीमतों में एक रुपए की कटौती की गई है। पहले अमूल गोल्ड 66 रुपए था। अब यह 65 रुपए में मिलेगा। वहीं अमूल टी स्पेशल की कीमत 63 रुपए से 62 रुपए कर दी गई है। वहीं अमूल फ्रेश को 54 से 53 रुपए कर दिया गया है। (विस्तृत देखें पेज-4)

### अनंत सिंह का कोर्ट में सरेंडर

**मोकामा।** बिहार के मोकामा में बुधवार की शाम को पंचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी मामले में अभियुक्त पूर्व विधायक अनंत सिंह ने बाढ़ कोर्ट में शुक्रवार को सरेंडर कर दिया। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सोनू-मोनू गैंग और अनंत सिंह समर्थकों के बीच गोलीबारी हुई थी।

### आईजीआई पर लाखों का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर निविया क्रीम के बॉक्स और टाइगर बाम की बोतलों के अंदर छुपाया गया 23.76 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 21 जनवरी को रियाद (सऊदी अरब) से आने के बाद एक भारतीय शख्स को शक के आधार पर रोका गया।













म्हाडा : मुंबई इमारत दुरुस्ती और पुनर्रचना मंडल

# गालों के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 31 तक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** म्हाडा के मुंबई इमारत दुरुस्ती और पुनर्रचना मंडल ने बृहतसूची में दर्ज पात्र किरायेदारों, उनके वारिसों और संक्रमण शिविर में अधिवास धारण कर रहे लाभार्थियों के लिए गालों के वितरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया 31 जनवरी 2025 की रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदक master-list.mhada.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया उन लाभार्थियों के लिए है, जिनकी इमारतें पुनर्विकास के लिए खाली कराई गई थीं और जिनका पुनर्विकास भूमि की कमी, आरक्षण, सड़क चौड़ीकरण या अन्य कारणों से संभव नहीं हो पाया। यह उन किरायेदारों के लिए भी है जिन्हें पुनर्रचित इमारतों में अभी तक स्थायी गाला नहीं मिला है। जिन किरायेदारों को निष्कासन नोटिस (व्हेकेशन नोटिस) जारी कर उनकी इमारत खाली कराई गई है और जो संक्रमण शिविर में रह रहे हैं, वे भी इस प्रक्रिया में आवेदन कर सकते हैं।




**स्वयं प्रमाणित प्रतियां 30 दिनों में मुख्यालय में जमा करें**

### आवेदक को अपलोड करने होंगे सभी दस्तावेज

आवेदन के लिए आवेदकों को आधार कार्ड, रंगीन फोटो, हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान, बिजली बिल, संक्रमण शिविर में आवंटित गाले का वितरण आदेश और कब्जा प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज अपलोड करने होंगे। यदि किसी आवेदक के पास स्थानांतरित अनुबंध (ट्रांसफर एग्रीमेंट) है, तो उसकी प्रति भी अपलोड करनी होगी। पहले से पात्र घोषित आवेदकों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। जिन आवेदकों का आवेदन ऑफलाइन पेंडिंग है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

1. **रजिस्ट्रेशन करें:** आवेदक www.mhada.gov.in के सिटिजन कॉर्नर सेक्शन में जाएं और Application for Masterlist पर क्लिक करके या masterlist.mhada.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. **लॉगिन करें:** रजिस्ट्रेशन के दौरान उपयोग किए गए ईमेल और पासवर्ड से लॉगिन करें।
3. **आवेदन फॉर्म भरें:** लॉगिन के बाद दिए गए निर्देशों के अनुसार आवेदन फॉर्म भरें और सभी जरूरी दस्तावेज अपलोड करें।

### 30 दिनों में म्हाडा मुख्यालय भेजे प्रतियां

सफलतापूर्वक आवेदन सबमिट करने के बाद, सभी जरूरी दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित प्रतियां 30 दिनों के भीतर म्हाडा मुख्यालय के कक्ष संख्या 372, दूसरा तल, कलानगर, बांद्रा पूर्व, मुंबई में जमा करनी होंगी। सुनवाई के समय सभी अपलोड किए गए दस्तावेजों की मूल प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है। मुंबई इमारत दुरुस्ती और पुनर्रचना मंडल ने स्पष्ट किया है कि गालों का वितरण म्हाडा अधिनियम 1976 और विनियम 1981 के तहत तय किया जाएगा। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए www.mhada.gov.in पर जाएं।

## अहमदाबाद-एलटीटी के बीच और एक स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए अहमदाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) के बीच और एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन विशेष किराए पर चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 01004 अहमदाबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल 27 जनवरी को अहमदाबाद से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 13:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 01003 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अहमदाबाद स्पेशल 26 जनवरी को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 00:55 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन वडोदरा, उधना, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड और ठाणे स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड भारतीय रेल को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क (आरडीएन) का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।


दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में समारोह आज

### सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी

भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। #ChunavKaParv और #DeshKaGarv जैसे हैशटैग के साथ चलाए गए कैंपेन ने नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दर्शाती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

## जेकेए : काता स्पर्धा में दिवेश त्रिवेदी ने स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेकेए इंडिया) ने 18 जनवरी, 2025 से 22 जनवरी तक हैदराबाद के गाचीबोली इंडोर स्टेडियम में जेकेए इंडिया के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया। चैंपियनशिप में दुनिया भर से 1600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 64 छात्र महाराष्ट्र से थे।

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक/परिचालन विभाग दिवेश त्रिवेदी ने 55 से 60 वर्ष आयु वर्ग में XII जेसेए I सीनियर कराटे चैंपियनशिप के काटा इवेंट में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। वे 1985 से कराटे का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने 1991 में जापान कराटे एसोसिएशन की पहली डैन ब्लैक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसका मुख्यालय टोक्यो, जापान में है। वर्तमान में वे जापान कराटे एसोसिएशन के छठे डैन ब्लैक बेल्ट हैं।




पश्चिम रेलवे 'महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार'

वडोदरा मंडल से पांच, मुंबई सेंट्रल से चार, राजकोट से चार तथा अहमदाबाद से तीन कर्मी शामिल

# 16 सतर्क रेलकर्मी सम्मानित


पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र, अपर महाप्रबंधक एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार विजेताओं के साथ।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे के 16 कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को नवंबर एवं दिसंबर, 2024 के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया गया। इन 16 कर्मचारियों में वडोदरा मंडल से 05, मुंबई सेंट्रल मंडल से 04, राजकोट मंडल से 04 तथा अहमदाबाद मंडल से 03 कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार श्री मिश्र ने सम्मानित किए गए कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। सम्मानित किए गए कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल एवं ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, मानव जीवन को बचाना, कोचों में पाए जाने वाले धुएं को बुझाना, ब्रेक बाइंडिंग, लटकती वस्तुओं का पता लगाना आदि जैसे संरक्षा से संबंधित कार्यों को करते हुए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई। पश्चिम रेलवे को इन सभी पुरस्कृत कर्मचारियों पर गर्व है जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोकने में मदद की।

नवी मुंबई महानगरपालिका का अभिवाचन स्पर्धा

## कर्मचारियों ने चरित्र, आत्मचरित्र को दी नई दृष्टि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से, मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के तहत 'मला भावलेले चरित्र-आत्मचरित्र' विषय पर आयोजित 'अभिवाचन' स्पर्धा में 24 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान चरित्र और आत्मचरित्र के पाठ के माध्यम से अनेक व्यक्तित्वों के जीवन के विविध पहलुओं को उजागर किया गया। मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के अवसर पर 14 से 28 जनवरी के बीच नवी मुंबई मनपा द्वारा मराठी भाषा से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन महापालिका आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में किया गया है। इसी क्रम में आयोजित चरित्र-आत्मचरित्र अभिवाचन स्पर्धा का मूल्यांकन प्रसिद्ध नाट्य और धारावाहिक अभिनेता व निर्देशक अशोक पलवे ने किया।



स्पर्धा में भाग लेने वाले 24 अधिकारियों और कर्मचारियों के अभिवाचन के बाद, परीक्षक के तौर पर संवाद करते हुए अशोक पळवे ने कहा कि चरित्र और आत्मचरित्र हमारे व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालते हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए चरित्रों के इतने प्रभावशाली अभिवाचन की सराहना की, जिससे सुनने वालों को वह पुस्तक पढ़ने की प्रेरणा मिले। उन्होंने नवी मुंबई मनपा की समृद्ध लाइब्रेरी और उसमें उपलब्ध पुस्तकों की आकर्षक प्रस्तुति की प्रशंसा की।

**निश्चिन्तपुर में माल परिचालन क्षेत्र का विकास**

**निविदा सूचना संख्या : SCL-ENGG-05 of 2025, दिनांक :** 20-01-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **आइटम का संक्षिप्त विवरण :** डीईएन/V/लामडिंग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत निश्चिन्तपुर (एनसीटीपी) में माल परिचालन क्षेत्र का विकास। **निविदा मूल्य :** ₹ 3,37,24,505.60/-; **अग्रिम राशि :** ₹3,18,600/-; उपरोक्त निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **13-02-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **14-02-2025** को **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर दिनांक **13-02-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), लामडिंग

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्रांकः** एस/सेल /611/5270/ ई-नीलामी / 24-25 **दिनांक** 24.01.2025

**द्वितीय शुद्धिपत्र**

**ई-नीलामी सूचना संख्या 11 में द्वितीय संशोधन पत्र**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त फरवरी - 2025 में वरि. मंडल सामाग्री प्रबन्धक / झॉसी द्वारा आयोजित होने वाली ई-नीलामी कार्यक्रम मे **दिनांक 26.02.2025 (बुधवार) के स्थान पर 28.02. 2025 (शुक्रवार)** किया जाता है।

ई-नीलामी कार्यक्रम की अन्य तिथियाँ, नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी। **93/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**क्रमांकः झाँसी/टी.डी./ड्रा.से./टेन्डर/नोटिस/149** **दिनांकः 21.01.2025**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन; (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-टी डी-टेन्डर-2024-19, **कार्य का नाम :** झांसी मंडल के झांसी (Excl.)-बीना (Excl.) खण्ड मे कॉन्टैक्ट वायर के ऑगमैन्टेशन का कार्य (फेस-2 और फेस-3)।

**अनुमानित लागत (₹):** 5,02,87,017.80 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिट (₹):** 4,01,400.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 14.02.2025, 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

- निविदा दिनांक **14.02.2025** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **144/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा संख्याः AGC-EL-C-T-12-2024-25** **दिनांकः 22.01.2025**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली अभियंता / नि0- / उ0म0रे0 / आगरा द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ओन लाइन इ-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम लोकेशन सहितः** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के आगरा फोर्ट-बांदीकुई (150 किमी) कार्य के संबंध में आगरा फोर्ट - बांदीकुई खंड में विभिन्न सेवा भवनों, एप्रोच रोड, क्वार्टरों, एलसी गेटों आदि का विद्युतीकरण का कार्य।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 4,06,33,470.94/- | **निविदा धरोहर राशिः** 3,53,200/-

**कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी होने से 12 माह तक मानसून अवधि सहित

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 17.02.2025 के 15:00 बजे तक

**वैधता अवधिः** निविदा खोलने की तिथि से 60 दिन

निविदाएं केवल वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक 17.02.2025 के 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **150/25 (DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए साबरमती और दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल (आरक्षित) ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्ननानुसार है।

**1. ट्रेन संख्या 04013/04014 (2 फेरे)**

ट्रेन संख्या 04013 साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल 25 जनवरी 2025 को साबरमती से प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन रात्री 23.00 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04014 दिल्ली सराय रोहिल्ला–साबरमती स्पेशल 24 जनवरी 2025 को दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रातः 08.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 00.30 बजे साबरमती पहुंचेगी।

यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर,किशनगढ़, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुडगाँव एवं दिल्ली केंट स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी I-टियर, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर श्रेणी के कोच रहेंगे।

**2. ट्रेन संख्या 04063/04064 (2 फेरे)**

ट्रेन संख्या 04063 साबरमती–दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल 26 जनवरी 2025 को साबरमती से प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन रात्री 23.00 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04064 दिल्ली सराय रोहिल्ला–साबरमती स्पेशल 25 जनवरी 2025 को दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रातः 08.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 00.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर,किशनगढ़, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुडगाँव एवं दिल्ली केंट स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी I–टियर, एसी 2–टियर, एसी 3–टियर और स्लीपर श्रेणी के कोच रहेंगे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 4551-जीआरसी-सीई-सी-01-02-2025, दिनांक 23.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डनरीच, द. पू. रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची एवं हटिया स्टेशन बाई पासिंग द्वारा वाई कनेक्शन के साथ लोधमा-पिस्का के बीच लिंक लाइन के लिए संयुक्त कार्य - दक्षिण पूर्व रेलवे के पिस्का स्टेशन से लोधमा स्टेशन तथा वाई लेग से बालसिरिंग स्टेशन छोर तक के साथ लूप लाइन एवं गुड्स साइडिंग इत्यादि में फॉर्मेशन एवं कटिंग में मिट्टी के कार्य के साथ छोटे एवं महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण, पी. वे जोड़ने के कार्य के साथ बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, ओआरएच, एसआरएच कार्यालयों प्लेटफॉर्म एवं यात्री सुविधाओं, पहुंच सड़कों का निर्माण, ढलान संरक्षण कार्य के साथ एस एंड टी, विद्युतीय कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 297.00 करोड़; **बोली सुरक्षाः** रु. 1,00,00,000; **समापन अवधिः** 24 महीने। **बंद होने की तारीखः** 21.02.2025; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्रः** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1055)**

## मुंबई-अहमदाबाद के बीच अतिरिक्त विशेष ट्रेन चलेगी

**मुंबई।** मध्य रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने के हेतु मुंबई और अहमदाबाद के बीच अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

01003 विशेष दिनांक 26.1.2025 को एलटीटी मुंबई से 00.55 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। (1 सेवा)। 01004 विशेष दिनांक 27.1.2025 को अहमदाबाद से 04.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 13.30 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। (1 सेवा)।



**ठहरावः** ठाणे, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, उधना और वडोदरा।

**संरचनाः** एक 2 वातानुकूलित, छह 3 वातानुकूलित, 9 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन।

राष्ट्रीय महामार्ग के भूमि अधिग्रहण का मामला

# जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान हो : शिवेंद्र भोसले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** शेवगांव-पाथर्डी क्षेत्र में राष्ट्रीय महामार्ग 752 ई पैठण-पंढरपुर (पालखी मार्ग) और राष्ट्रीय महामार्ग 361 एफ खरवंडी से नवगण राजूरी तक की सड़कों के दोहरीकरण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूरे किए जाएं। भूमि अधिग्रहण में आने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए, ऐसा निर्देश सार्वजनिक निर्माण मंत्री (सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर) शिवेंद्रसिंह भोसले ने यहां दिए। बांधकाम भवन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महामार्ग 752 ई पैठण-पंढरपुर (पालखी मार्ग) और राष्ट्रीय महामार्ग 361 एफ खरवंडी से नवगण राजूरी तक के दोहरीकरण कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक में विधायक मोनिका राजले, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सचिव संजय दशपुते (निर्माण) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री भोसले ने कहा कि जिन गांवों में राष्ट्रीय महामार्ग 752 ई पैठण-शिरूर सड़क के दोहरीकरण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, वहां संबंधित अधिकारियों को स्थानीय निवासियों का विश्वास जीतकर अधूरी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तुरंत पूरा करना चाहिए। जहां कार्य आरंभ हो चुका है, वहां संबंधित ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



### प्राथमिकता के आधार पर हो कार्य

मार्च–अप्रैल 2025 तक भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर, अहिल्यानगर जिले में शेष सड़क कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। राष्ट्रीय महामार्ग 361 एफ खरवंडी से नवगण राजूरी सड़क के दोहरीकरण कार्य में गति लाई जाए। इस क्षेत्र में शेष 14.30 किलोमीटर के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक तंत्र को तुरंत लागू किया जाए। अहिल्यानगर जिले के जिन गांवों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में त्रुटियों के कारण निर्णय लंबित हैं

पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

## स्पेशल ट्रेनों में जोड़े गए अतिरिक्त कोच

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद मण्डल से चलने वाली तीन जोड़ी महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों में चार-चार कोच अतिरिक्त जोड़ने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 09413/09414 साबरमती-बनारस-साबरमती महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन में साबरमती से 5,9,14 और 18 फरवरी 2025 को तथा बनारस से 6,10,15 और 19 फरवरी 2025 को दो एसी 3-टियर तथा दो स्लीपर श्रेणी के कोच अतिरिक्त जोड़े जाएंगे। ट्रेन संख्या 09421/09422 साबरमती-बनारस-साबरमती महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन में साबरमती से 23 और 26 जनवरी 2025 को तथा बनारस से 24 और 27 जनवरी 2025 को दो एसी 3-टियर तथा दो स्लीपर श्रेणी के कोच अतिरिक्त जोड़े जा रहे है।

# पुणे मंडल पर डीआरयूसीसी की बैठक संपन्न




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पुणे।** पुणे मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक 24 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजेश कुमार वर्मा ने की। बैठक का समन्वय वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मिलिंद हिरवे ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने यात्रियों की सुविधाओं और समस्याओं के संबंध में सुझाव दिए और उन पर रेल प्रशासन से चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने समस्याओं का उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। बैठक में शिवनाथ बियानी, नंदकुमार बाबूराव पाटिल, राहुल रमन मुथा, एडवोकेट विनीत विलास पाटिल, ऋतुराज अर्जुनराव काले, राम बी. जोगदंड, राज कुमार नाहर, रंजीत श्रोगोड़, गोरख हरिबाऊ बरहाटे और रफीक लतीफ खान डीआरयूसीसी सदस्य उपस्थित थे।

**बैठक की अध्यक्षता डीआरएम ने की**

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने पुणे मंडल पर यात्री सुविधाओं, आधारभूत संरचना कार्यों तथा विकास कार्यों के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे के सुरक्षित तथा समय पर परिचालन, रेलवे ट्रैक के उचित रखरखाव, सिग्नल प्रणाली को मजबूत बनाने आदि के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। पुणे रेलवे प्रशासन अपने यात्रियों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सदस्यों से रेलवे के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा राजस्व में वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास करने तथा सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को उठाया जैसे कि पुणे से साईनगर शिरडी, साईनगर शिरडी से पंढरपुर तक नई ट्रेन शुरू करना, मनमाड से पुणे तक डेमू शुरू करना, बेलापुर स्टेशन पर हॉलिडे स्पेशल का ठहराव, सह्याद्री एक्सप्रेस का मुंबई तक विस्तार, राहुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 11025/11026 पुणे अमरावती और 11041/11042 दादर-शिरडी दादर को ठहराव प्रदान करना, बेलापुर स्टेशन का नाम बदलकर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर स्टेशन करना, बेलापुर गुड्स शेड को स्थानांतरित करना, कोल्हापुर/बेलगाम से पुणे तक इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाना।

**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E.H.V. Civil Const. cum Maint. Division, Airoli**

**SRM e-Tender Notice No. 17/2024-25**

Website: www.mahatransco.in email: ee7710@mahatransco.in

Online bids (SRM-e-Tenders) are invited for following work, from registered agencies.

| Sr. No. | RFx No. | Name of work | Estimated cost in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000035024 | Civil works for renovation of internal finishing work at Control room, construction of parking shed and miscellaneous civil works at 220KV Nerul substation. | 23,66,140.65 |
| 2 | 7000035025 | Civil works for providing external painting to Pasthal Colony of Class-II, Class-III and Class-IV buildings at Pastal Colony. | 24,19,692.00 |

**Schedule**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Start date | From 10:00:00 Hrs 25.01.2025 |
| 2 | Submission dead line date | 08.02.2025 upto 23:59:59 hours. |
| 3 | Techno commercial response opening date | 10.02.2025 @ 11:00:00 hours. |
| 4 | Price bid opening date | 10.02.2025 @ 14:00:00 hours. |

Contact person: Miss. Ashwini Pawar, Assistant Engineer (Civil), Tel. No. 022-27601814 (O), Mob. 8793292312. For detailed information, please visit website: https://srmetender.mahatransco.in (Guest User.)

**Executive Engineer (Civil), Airoli.**

**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**

**ई–निविदा मागविणेकामी**

पनवेल महानगरपालिकेतील GIS based encroachment management system संस्थापक प्रणाली कार्यान्वित व प्रस्थापित करणेकामी. (1+4 वर्षाकरीता) या कामाची ई–निविदा पनवेल महानगरपालिका, पनवेल कडून मागविण्यात येत आहे. या कामासंबंधीचा सविस्तर तपशील https://mahaternders.gov.in या वेबसाईट वर उपलब्ध आहे. संबंधित निविदाधारक यांनी त्याची नोंद घ्यावी.

पमपा/मातंवि/3024/प्र.क्र.50/43 /2024–25 सही/–

दिनांक : 24/01/2025 (कैलास गावडे)

मुदत : 15 दिवस उप आयुक्त

पनवेल महानगरपालिका

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का निर्देश

# राज्य में 'मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष' की स्थापना



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार, राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के सभी जिलों में "मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष" स्थापित करने का निर्णय लिया है, जो आर्थिक रूप से जरूरतमंद मरीजों को सहायता प्रदान करेगा। यह कदम फडणवीस के पहले मुख्यमंत्री कार्यकाल में शुरू की गई मुख्यमंत्री सहाय्यता निधि के तहत आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि यह सुविधा नागरिकों को उनके अपने जिलों में आसानी से उपलब्ध हो, और इस दिशा में शासन ने निर्णय लिया है कि अब सभी जिलों में यह कक्ष स्थापित किए जाएंगे।

## ▸▸ नागरिकों को जिलों में आसानी से उपलब्ध हो सहायता

पहले मरीजों और उनके परिजनों को मंत्रालय में आकर उनके आवेदन का पालन करना पड़ता था। अब इस फैसले के बाद नागरिकों को मुख्यमंत्री सहाय्यता निधि के मामलों की जानकारी उनके जिले में ही उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री सहाय्यता निधि कक्ष के प्रमुख रामेश्वर नाईक ने बताया कि यह निर्णय नागरिकों के लिए सहूलियत बढ़ाएगा।

### सुलभ और पेपरलेस प्रक्रिया

▪ मुख्यमंत्री फडणवीस के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सहाय्यता निधि कक्ष की प्रक्रिया को अब पूरी तरह से सुलभ और पेपरलेस किया जा रहा है। महंगे उपचार के लिए आर्थिक मदद प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल होगी, जिससे मरीजों को मंत्रालय में आने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए जल्द ही एक स्वतंत्र ऑनलाइन प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे नागरिकों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। राज्य सरकार ने "मुख्यमंत्री सहाय्यता निधी कक्ष" को राज्यभरातील जिल्हाधिकारी कार्यालयांमध्ये स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे गंभीर रोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करना अब और भी सरल होगा। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहाय्यता निधी के तहत जरूरतमंद नागरिकों को गंभीर उपचारों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

### अर्ज की प्रक्रिया अधिक गतिशील, होगी सरल

मुख्यमंत्री सहाय्यता निधी कक्ष ने अब तक राज्यभर में हजारों जरूरतमंद रुग्णों को जीवनदान दिया है। यह सहायता प्रक्रिया अब और भी सुलभ और गतिशील बनने जा रही है, क्योंकि धर्मादाय रुग्णालय मदद कक्ष और मुख्यमंत्री सहाय्यता निधी कक्ष की ऑनलाइन प्रणालियां एक साथ जोड़ी जाएंगी। यह कदम प्रक्रिया को सरल और अधिक प्रभावी बनाएगा। मुख्यमंत्री के इस उपक्रम से राज्य की स्वास्थ्य सेवा और अधिक सक्षम और जनाभिमुख होगी, ऐसा विश्वास व्यक्त करते हुए श्री. नाईक ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

महाराष्ट्र पशु और मत्स्य विज्ञान विवि, नागपुर अंतर्गत आने वाले मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय

# पंकजा ने किया नई इमारत का उद्घाटन

▪ महाविद्यालय द्वारा किसानों को मत्स्य व्यवसाय और मत्स्य पालन के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नागपुर। महाराष्ट्र पशु और मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, नागपुर के अंतर्गत आने वाले मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, नागपुर की नई इमारत का उद्घाटन हाल ही में पंकजाताई मुंडे, मंत्री, पशुपालन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, महाराष्ट्र राज्य के करकमलों द्वारा किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि डा. हिमांशु पाठक, सचिव (कृषि अनुसंधान और शिक्षा) तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और डा. एन. रामास्वामी, सचिव, पशुपालन, दुग्ध विकास और मत्स्य व्यवसाय, महाराष्ट्र राज्य थे।

### उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों, वैज्ञानिकों की मौजूदगी

इस उद्घाटन अवसर पर डा. प्रवीण कुमार देवरे, आयुक्त पशुपालन, डा. राघवेंद्र भट्टा, उपमहानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, और महाराष्ट्र पशु और मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय के डा. एस. वी. उपाध्ये, निदेशक शिक्षा तथा अधिष्ठाता (पशु विज्ञान शाखा), डा. एन. वी. कुरकुरे, निदेशक अनुसंधान, डा. एस. डब्ल्यू. बोंडे, अधिष्ठाता (मत्स्य विज्ञान शाखा), मोना ठाकूर, कुलसचिव, मनीषा शेंडे, नियंत्रक, और आरिफ शेख, विश्वविद्यालय अभियंता सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, नागपुर के सहयोगी अधिष्ठाता डा. प्रशांत तेलवेकर और महाविद्यालय के शिक्षकों व गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष परिश्रम किए।

### नागपुर विदर्भ क्षेत्र में एकमात्र संस्था

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, नागपुर विदर्भ क्षेत्र में मत्स्य व्यवसाय शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्र में काम करने वाली एकमात्र संस्था है। महाविद्यालय द्वारा किसानों को मत्स्य व्यवसाय और मत्स्य पालन के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं, यह बात इस अवसर पर उल्लेखित की गई। महाविद्यालय की नई इमारत के भूतल का निर्माण पूरा हो चुका है।

## गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की बेटी करेगी पुष्पवर्षा

मुंबई। प्रजासत्ताक दिवस के अवसर पर राजधानी के कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य समारोह में महाराष्ट्र की बेटी फ्लाइंग ऑफिसर दामिनी देशमुख ध्वजारोहण के बाद ध्वज पर पुष्पवर्षा करेंगी। बीड जिले के वडवणी तालुका के देवडी गांव की निवासी दामिनी दिलीप देशमुख वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं और राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य समारोह में 'परेड कमांडर' की जिम्मेदारी निभाएंगी। दामिनी के पिता, न्यायाधीश दिलीप देशमुख, पुणे विभाग के पूर्व धर्मादाय आयुक्त रहे हैं। उनके परिवार की सामाजिक और शैक्षणिक विरासत को दामिनी ने अपनी मेहनत से आगे बढ़ाया है। वर्ष 2019 में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कॉमन एडमिनिस्ट्रेटिव परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर का पद प्राप्त किया।

भारत का 76वां गणतंत्र दिवस

# मुख्य शासकीय समारोह का रंगारंग पूर्वाभ्यास



### पूर्वाभ्यास छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान में संपन्न

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। भारत के 76वें प्रजासत्ताक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य सरकारी समारोह का रंगारंग पूर्वाभ्यास छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान में संपन्न हुआ। राजशिष्टाचार विभाग के अवर सचिव सुनील सोनार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) डॉ. निखिल गुप्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय नौसेना, गोवा पुलिस, महाराष्ट्र राज्य रक्षित पुलिस



बल, बृहन्मुंबई पुलिस सशस्त्र बल, बृहन्मुंबई पुलिस दंगा नियंत्रण दल, बृहन्मुंबई सशस्त्र महिला पुलिस बल, मुंबई लोहमार्ग पुलिस बल, गढ़चिरौली और गोंदिया जिलों का सी-60 बल, गृह रक्षक दल (पुरुष), बृहन्मुंबई यातायात पुलिस बल, गृह रक्षक दल (महिला), राज्य उत्पादन शुल्क विभाग, वन विभाग, मुंबई अग्निशमन दल, बृहन्मुंबई महानगरपालिका सुरक्षा दल, सुरक्षा रक्षक मंडल बृहन्मुंबई और ठाणे जिला, नागरिक सुरक्षा दल (पुरुष/महिला), राष्ट्रीय सेवा योजना (लड़के/लड़कियां), एम.सी.एम गर्ल्स हाईस्कूल कालाचौकी, सी. कैडेट कोर (लड़कियां), सी. कैडेट कोर (लड़के), रोड सेफ्टी पेट्रोल (लड़कियां) रुस्तमजी इंटरनेशनल स्कूल, दहिसर मुंबई, रोड सेफ्टी पेट्रोल (लड़के) डॉ. एंटोनियो डिसिल्वा हाईस्कूल दादर मुंबई, रोड सेफ्टी पेट्रोल (लड़कियां) अंजुमन ए इस्माईल हाईस्कूल बांद्रा मुंबई, रोड सेफ्टी पेट्रोल (लड़के) रुस्तमजी इंटरनेशनल स्कूल दहिसर मुंबई, रोड सेफ्टी पेट्रोल (लड़कियां) मनपा स्कूल पंतनगर घाटकोपर (पूर्व) मुंबई, रोड सेफ्टी पेट्रोल मनपा माणिकलाल एम.पी.एस इंग्लिश हाईस्कूल घाटकोपर मुंबई, स्टूडेंट पुलिस कैडेट (लड़के-लड़कियां), बृहन्मुंबई महानगरपालिका, ब्रास बैंड दल और पाइप बैंड दल जैसे विभिन्न दलों ने सलामी दी।

अयोध्या मंदिर प्रतिष्ठा वर्षगांठ

## मलाड में भंडारा




▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर कुरार विलेज मलाड में भंडारे का आयोजन रखा गया था। जिसमे सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम में दिंडोशी विधानसभा व्यापारी सेल अध्यक्ष गणपत सिंह राजपुरोहित को शॉल व गुलदस्ता देकर सत्कार करते उ.प.जिला व्यापार सेल के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भावेश प्रजापति, गणेशाराम चौधरी, प्रकाश चौधरी, सोहन लाल बिश्नोई, नगाराम चौधरी, नरेश ओझा समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की निबंध प्रतियोगिता

## 400 विद्यार्थियों को दी नोटबुक



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा भायंदर। विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 400 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में अव्वल आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और निबंध प्रतियोगिता में आए सभी 400 विद्यार्थियों को नोटबुक दी गई। एक-एक विद्यार्थियों को छह नोटबुक दी गई। निबंध प्रतियोगिता के बाद दिव्यागों को व्हील चेयर दी गई। इस अवसर पर ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद तावड़े, फायर ब्रिगेड स्टेशन इंचार्ज केसरकर द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

### वर्षों से जरूरतमंदों को की जा रही मदद

ट्रस्ट के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ ही समाज को जागरूक करने का काम वर्षों से कर रही है। गौरतलब है कि पिछले एक दशक से ट्रस्ट भागवत कथा के जरिए सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रही है। ठंड के महीनों में जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरण किया जाता है साथ ही कैंसर पीड़ित मरीजों की मदद ट्रस्ट करते आ रही है। ट्रस्ट ने गौशाला में गीर गायों को रखा जहां गौसेवा होती है। इस अवसर उमाशंकर विश्वकर्मा, आदित्य, रामजनम, छोटेलाल विश्वकर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, संतोष बर्गे, हर्षद महापालकर, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



### विजेताओं के साथ महापारेषण के निदेशक

▪ मुंबई। महापारेषण द्वारा बांद्रा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर विजेताओं के साथ महापारेषण के निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता जूली वाघ, सुनील सूर्यवंशी, कैलास कणसे, मंगेश शिंदे, राजू गायकवाड़, भरत पाटिल और नितिन कांबले उपस्थित रहे।

## हिन्दुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया नार्वेकर का अभिनंदन

मुंबई। हिन्दुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुलजी नार्वेकर का दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक अभिनन्दन किया। चेंबर अध्यक्ष सुशील गाड़िया ने राहुल के समक्ष कोलाबा क्षेत्र के विधायक होने के नाते इस क्षेत्र की एवं व्यापारिक समस्यों को रखा जिसमें प्रमुख रूप के आरबीट्रेशन अवार्ड पर स्टैंप शुल्क में वृद्धि प्रोफेशनल टैक्स समाप्त, भिवंडी पावरलूम नगरी इचलकरंजी की तरह डी कैटेगरी में शामिल कर



सुविधाएं दिलाने, मथाड़ी कामगार बोर्ड गठित करने आदि प्रस्तुत की। राहुल ने आगामी मार्च में विधानसभा सत्र में इन समस्याओं के अलावा मार्केट के रिडेवलेपमेंट, पार्किंग संबंधी सभी विषयों पर मुख्य मंत्री एवं टेक्सटाइल मंत्री के साथ चेंबर प्रतिनिधियों की मीटिंग रखकर प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील गाड़िया, चेंबर संरक्षक बैजनाथ रुंगटा, उपाध्यक्ष गोबिन्द सराफ, सामान्य मंत्री राम किशोर दरक, अमृत खिवेसरा एवं कोषाध्यक्ष अनुराग पोद्दार पुष्पगुच्छ एवं शाल ओढ़कर स्वागत किया।

## मंत्रालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम संपन्न

मुंबई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में लोकतंत्र के प्रति निष्ठा व्यक्त करने हेतु मंत्रालय में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को अपर मुख्य सचिव (राजस्व) राजेश कुमार ने शपथ दिलाई। 25 जनवरी को सरकारी अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मंत्रालय में आयोजित इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. किरण कुलकर्णी, मुख्य सचिव कार्यालय की सह सचिव स्मिता निवतकर के साथ सामान्य प्रशासन विभाग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभिक भाषण एवं संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी किरण शार्दूल ने किया। साल 2011 से, राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को वार्षिक रूप से मनाया जाता है।

# पालघर : ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

▸▸ कान में लड़की ने लगा रखा था ईयरफोन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पालघर। पालघर जिले में ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पार करते समय एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 16 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। जीआरपी अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को दोपहर बाद 1.10 बजे सफाले और केलवे रोड रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। मृतक लड़की की पहचान पालघर जिले के मकने गांव की रहने वाली वैष्णवी रावल के रूप में हुई है। वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी, तभी कोचुवेली-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की शायद आती हुई ट्रेन की आवाज नहीं सुन सकी, क्योंकि उसने ईयरफोन लगा रखा था। लड़की को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और इस सिलसिले में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।




## दुर्घटना से एक व्यक्ति की मौत

वसई। वालीव पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र में सड़क हादसे में एक 35 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार वसई पूर्व के खैरपाडा निवासी शिवबाबू पासवान (35) नामक व्यक्ति घर आ रहा था। वह जैसे ही शालीमार हॉटेल के पास, विठ्ठल मंदिर के सामने पहुंचा. उसी दौरान ऑटो रिक्शा ने उसे जोरदार ठोकर मार दी । इस हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## दिवा में 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

▪ घंटा गाड़ी चालक की लापरवाही आई सामने

ठाणे। दिवा के संतोष नगर निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग सीताराम थोटम जब पैदल जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा में लापरवाही से घंटा गाड़ी चला रहे नगर निगम के एक कर्मचारी ने सीताराम थोटम को पीछे से टक्कर मारते हुए और उन्हें घसीटकर काफी दूर ले गया। गाड़ी के पीछे खड़े लोगों ने चिल्लाकर चालक से घंटा गाड़ी रोकने को कहा, लेकिन चालक ने कान में हेडफोन लगा रखा था। चालक फोन पर किसी से बात करने में व्यस्त था जिस वक्त यह घटना घाटी , उसे यह ध्यान नहीं रहा कि उसके पीछे एक बुजुर्ग व्यक्ति उसकी गाड़ी के नीचे कुचला जा चुका है, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी है। फिर भी पड़ोस के लोगों ने उसे कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार जन और वहां के स्थाई निवासियों ने प्रशासन से उक्त घंटा गाड़ी चालक के खिलाफ मानवाधिकार हनन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा नगर पालिका को इस मामले की जांच करानी चाहिए कि मांग की है।

# शहर के नाकों पर लगे हटाए गए सीसीटीवी

▸▸ वसई के मन्यक ज्वेलर्स में डकैती कांड

नायगांव। वसई विरार शहर महानगरपालिका ने सौंदर्यीकरण के लिए नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे हटा दिए हैं। इसका पुलिस जांच पर बड़ा असर पड़ रहा है। वसई विरार शहर महानगरपालिका ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न कार्य शुरू किया था। इसमें शहर के चौराहों का सौंदर्यीकरण, मूर्तियां, फव्वारे आदि का निर्माण शामिल था। इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। लेकिन इस सौंदर्यीकरण के दौरान नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे हटा दिए गए। उन कैमरों को फिर से लगाने की जरूरत थी। लेकिन नगर पालिका ने कैमरे नहीं लगाए। कैमरे न होने की वजह से पुलिस जांच में बाधा आ रही है। हाल ही में वसई के मन्यक ज्वेलर्स में डकैती हुई थी। पुलिस इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही थी। लेकिन चुलणे में चेकपॉइंट पर लगे कैमरे हटा दिए जाने से पुलिस की जांच में बाधा आ रही है, ऐसा क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारियों ने बताया। सीसीटीवी कैमरे आरोपियों को पकड़ने में बहुत महत्वपूर्ण हैं। शहर में नागरिकों की भागीदारी से विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे सौंदर्यीकरण के दौरान हटा दिए गए हैं।



▸▸ कैमरे न होने की वजह से पुलिस जांच पर असर

ताज महल पैलेस की आर्ट गैलरी

# 40 कलाकारों की विविध प्रतिभाओं का अनावरण

### ▸▸ कला संवाद द्वारा प्रथम एक दिवसीय कला प्रदर्शनी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



मुंबई। कला संवाद ने नए प्रयोग के तहत आयोजित प्रथम एक दिवसीय कला प्रदर्शनी में 40 प्रतिभाशाली कलाकारों की अविश्वसनीय कृतियों को प्रदर्शित की गई, ये कला प्रेमियों और संग्रहकर्ताओं के लिए एक जीवंत और मनोरंजक अनुभव रहा। यह आयोजन कला संवाद द्वारा एवं नंदू सरस्वती द्वारा क्यूरेट किया गया था। यह अनूठा कार्यक्रम ताज आर्ट गैलरी, ताज महल पैलेस, मुंबई में 24 जनवरी 2025 को, समयः सुबह 09.00 बजे से शाम 08.00 बजे तक आयोजित किया गया। अलियाक्सांद्र मात्सुको (मुंबई में बेलारूस गणराज्य के महावाणिज्य दूतावास) इसके मुख्य अतिथि थे और पद्मप्रेमजीत बारिया (प्रख्यात कलाकार, दीव (डीएनएच, दमन और दीव)), पूर्व डीन वसंत सोनावणे (जे जे स्कूल ऑफ आर्ट मुंबई), विभु राज कपूर (बियोंड आर्ट गैलरी) अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सम्मानीय अतिथि थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कला संवाद के राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कलाकारों और उनकी कृतियों को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें पहचान और प्रसिद्धि मिल सके। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को भी पेंटिंग, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, मिश्रित मीडिया और बहुत कुछ की शानदार श्रृंखला देखने का अवसर मिला, जो हर कला प्रेमी के लिए एक गतिशील अनुभव प्रदान करता है। जे जे स्कूल ऑफ आर्ट्स से ललित कला में मास्टर नंदू सरस्वती, जो विभिन्न कलात्मक शैलियों और माध्यमों को उजागर करने के लिए कला में एक नया युग शुरू करने के लिए तैयार हैं, समकालीन, अमूर्त और शास्त्रीय कला रूपों में कृतियाँ प्रस्तुत करेंगी।



### देश के कलाकारों ने लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में देशभर के कलाकारों ने हिस्सा लिया, जिनमें पद्मप्रेमजीत बारिया, पद्मसुधारक ओल्वे , प्रो. पठारे ज्योत्सना विनोद, सुनील देवरे (बीएफए), दिलीप सुब्रमण्यन (एमएफए), मंशा प्रदीप (एमएफए), डा. योगेश पवार (एमएफए), राजू भुइकर (एमएफए), भावेश जाधव (एमएफए), विजया गुंजाळ (एमएफए), बल्लाल यादव (एमएफए), रमेश करमरकर (बीएफए), माधवी जोशी (बीएफए), इशिता (बीएफए), महादेव डी जाधव (बीएफए), सुषमा वालावलकर अदाते (बीएफए), प्रबोध गमरे (बीएफए), काशी नाथ बोस (बीएफए), श्रुति गोयंका (बीएफए), ज्योति मलिक (बीएफए), दिलीप माळी, दीपक बी पाटिल, आशा फड़तरे शामिल रहे।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में बाड़मेर की आशाएं लेंगी भाग : डा. विश्नोई

**दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित आशाएं**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाएं नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगी। मुख्य चकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. विष्णुराम विश्नोई ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशा को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस को विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी, आशा विभाग की अहम कड़ी है, जो विभाग के समस्त गतिविधियों को धरातल स्तर पर पहुंचाने का कार्य करती है। जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश भाटी ने बताया कि राज्य स्तर से जारी निर्देशानुसार बाड़मेर से दो श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशाओं का चयन किया गया है। अपने जीवन साथी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेगीं। भाटी ने बताया कि दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम कार्यक्रम रखा गया है जिसमें बाड़मेर जिले से भगवती, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी केंद्र मिठड़ी, सीएचसी बाखासर, खण्ड फागलिया एवं मुगी देवी, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी केंद्र, सज्जन का तला, पीएचसी भंवार, खण्ड सेड़वा तथा बालोतरा जिले से रजिया आंगनवाड़ी केंद्र सादुलानियो की ढाणी, पाटोदी व भगवती आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी केंद्र अमरपूरा, जसोल अपने जीवन साथी के साथ दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगी। बाड़मेर की आशाओं को गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहली बार आमंत्रित किया गया है, जो सभी आशाओं के लिए एक सम्मान की बात है।

कार्यक्रम में भाग लेनी वाली आशाओं एवं उनके जीवनसाथियों का यात्रा के दोरान होने वाला व्यय चिकित्सा विभाग वहन करेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश भाटी ने आशाओं एवं उनके जीवनसाथी को गुलदस्ता के साथ शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया।

# रात का पारा चार डिग्री गिरकर 10.6 डिग्री पहुंचा

**हवा से बढ़ी ठिठुरन, तीन दिनों में सर्दी बढ़ने की संभावना**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक बार फिर से तापमान गिर रहा है। बीते तीन दिनों में रात का तापमान 14.0 डिग्री से 3.4 डिग्री गिरकर 10.6 डिग्री पहुंच गया। वहीं दिन का तापमान भी तीन डिग्री गिरा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा चलने से सर्दी बढ़ने के साथ तापमान भी गिरा है। मौसम विभाग आगामी दिनों में सर्दी बढ़ने की संभावना जता रहा है। दरअसल, जिले में मौसम में हो रहे बदलाव से रबी की फसलों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया। जीरा, सरसों, अरंडी सहित कई फसलों में इन दिनों बदलते मौसम की वजह से रोग बढ़ गए हैं। गुरुवार को बाड़मेर का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया था। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई। हल्की हवा चलने से सर्दी बढ़ी है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे तेज धूप खिलने के बाद सर्दी से कुछ राहत मिली है। जनवरी में माह एक समान सर्दी नहीं। हर तीसरे-चौथे दिन मौसम में बदलाव हुआ। कभी ठंडक, शीतलहर, कभी बूंदाबांदी, कभी छाए सामने में बादल। लगातार बदलते मौसम से लोगों को खूब परेशान किया। तापमान में उतार-चढ़ाव को देखते को मिला। रबी की फसलों पर इन दिनों फूल लग रहे हैं। ऐसे में बार-बार बदल रही हवा और तापमान बढ़ने से फसलों पर संकट मंडराने लगा है। हालांकि इस बार मौसम की मार की वजह से फसलों की पैदावार पर भी असर पड़ रहा हे। जनवरी माह बीत रहा है कि लेकिन फसलों की ग्रोथ अभी तक नहीं हुई है।

# पीत पाषाण पर कलात्मक डिवाइडर गोल्डन सिटी की बढ़ा रहे शोभा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जैसलमेर।** विश्व में धातुओं में सोना सर्वोत्तम माना जाता है, उसी भांति सोने के रंग के पत्थर से बनी स्वर्णनगरी की हवेलियों भी विश्व विख्यात मानी जाती है। स्वर्णनगरी में नगरपरिषद द्वारा ऐतिहासिक निर्णय ले कर शहर में पीत पाषान पर कलात्मक डिवाइडर बनवाए है। तीन करोड़ की लागत से यलो स्टोन के डिवाइडर अंबेडकर पार्क से मलका प्रोल तक बनकर तैयार हो गए है, इनमें मिट्टी एवं खाद भरने का कार्य बाकी है। इसी भांति डेढ़ करोड़ की लागत से विजय स्तम्भ से एयर फॉर्स तक यलो स्टोन के डिवाइडर का टेंडर हो गया है, जिसका कार्य शीघ्र शुरू होगा। अपनी तरह के पहली बार हुए इस निर्माण की हर कोई तारीफ कर रहा है। नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा ने बताया कि जैसलमेर शहर को सुंदर दिखाने के लिए नगर परिषद काफी प्रयास कर रही है। शहर के एक हिस्से के डिवाइडर को पीले कलात्मक पत्थरों के साथ बनाया जा चुका है। बकाया हिस्से के डिवाइडर कार्य का टेंडर हो गया है, जल्द ही कार्य शुरू होगा। शहर को सुंदर बनाने और सैलानियों को लुभाने के लिए नगरपरिषद अनूठे प्रयास कर रही है। इसको लेकर हम करीब साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च कर जैसलमेर के पीले पत्थरों से कलात्मक डिवाइडर बनाने का काम कर रहे हैं ताकि स्वर्णनगरी की सुंदरता में ये यलो स्टोन से बने डिवाइडर चार चांद लगा दे। उन्होंने आम जनता को संदेश दिया है कि डिवाइडर की सुंदरता कायम रखने का ख्याल रखें डिवाइडर पर पान की पीक, गुटखा ना थूके। उन्होंने बताया कि नगरपरिषद द्वारा निगरानी टीम बनाई जाएगी जो शहर की स्वच्छता का ध्यान रखेगी।

# नशीली गोलियों के साथ युवक को पकड़ा

**ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट के साथ बायतु का रसूल खान गिरफ्तार**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर की सांगड़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन मद मर्दन के तहत नशीली टैबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक रसूल खान (24) गांव नौसर, बायतु का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 1200 नशीली प्रतिबंधित ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट जब्त की। सांगड़ थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि युवक को प्रतिबंधित नशे कि गोलियों के साथ पकड़ा और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सांगड़ थाना एसएचओ राजेश कुमार ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली कि फतेहगढ़ कस्बे में एक युवक नशे की गोलियां बेचने की फिराक में घूम रहा है।

**ऑपरेशन मद मर्दन अभियान में कार्रवाई**

- मुखबिर की सूचना पर सांगड़ थाना पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर रसूल खान पुत्र निसार खान, निवासी नौसर, पुलिस थाना बायतु, जिला बालोतरा को पकड़ा। रसूल खान के पास से करीब 1200 टैबलेट मिली। जांचने पर वो ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट थी। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट एक प्रतिबंधित दवाई है और एनडीपीएस एक्ट में इसे ड्रग्स घोषित किया गया है। हमने रसूल खान को गिरफ्तार किया और थाने लाए। जहां उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। राजेश कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार व विकास कुमार महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन मद मर्दन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। रसूल खान को पकड़ने में हैड कॉन्स्टेबल सुमेरदान, कॉन्स्टेबल कानसिंह, पहाड़ सिंह, राणाराम व मांगीलाल कि विशेष भूमिका रही।

# शादी के सात साल बाद एक साथ हुए तीन बच्चे

**डाक्टर ने बताया रेयरेस्ट केस**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। महिला जमाला (28) पत्नी गुलशन खान, केहर फकीर की ढाणी, देवीकोट की रहने वाली है। जवाहिर हॉस्पिटल में पहली बार एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है। ऑपरेशन से हुए नवजातों में दो लड़के और एक लड़की है। डाक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया- ऐसा केस लाखों में कोई एक ही होता है। हालांकि बच्चों का वजन कम है, लेकिन जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं। तीनों बच्चे एनआईसीयू वार्ड में भर्ती हैं, वहीं मां भी हॉस्पिटल में एडमिट है। जमाला के परिजन सात साल बाद जमाला के मां बनने और एक साथ तीन बच्चों के जन्म देने पर बहुत खुश हैं। सभी परिजन जमाला को घेरे हैं और बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि ईश्वर ने लंबे समय बाद बच्चे दिए भी तो एक साथ तीन। बोले अब जमाला का परिवार पूरा हो गया।



**सात साल पहले हुई थी शादी, बच्चे नहीं हुए**

डाक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि महिला जमाला की शादी सात साल पहले गुलशन खान से हुई थी। लेकिन शादी के बाद बच्चे नहीं हो रहे थे। करीब 15 महीने पहले महिला ने सरकारी जवाहिर हॉस्पिटल में प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अरुण कुमार वर्मा को दिखाया। जिसके बाद महिला का इलाज चला और आठ महीने बाद वह गर्भवती हुई। बुधवार शाम करीब सात बजे महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है।

# सुपर कार से उदयपुर घूमने निकलीं माधुरी दीक्षित

**बोलीं–महल ही नहीं, गलियां भी खूबसूरत**
**लक्ष्यराज मेवाड़ के बेटे को पसंद आई कार**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने शुक्रवार को पति डाक्टर श्रीराम नेने के साथ छह करोड़ की सुपर कार मैक्लारेन 750S लेकर उदयपुर पहुंची। माधुरी और श्रीराम ने ब्लू कलर की इस सुपर कार से उदयपुर की सैर की। दरअसल, उदयपुर में शुक्रवार को मैक्लारेन ऑटोमोटिव की ओर से भारत में कंपनी की 50 कार होने का जश्न मनाया गया। इस दौरान देशभर से 11 मैक्लारेन कार उदयपुर के सिटी पैलेस में स्थित माणक चौक पर आई थीं। इनमें मैक्लारेन 720S, जीटी, आर्टुरा, मैक्लारेन 750S स्पाइडर शामिल हैं। मैक्लारेन 750S स्पाइडर वर्ल्ड में सिर्फ 60 ही हैं। इन कारों की कीमत पांच करोड़ से लेकर 12 करोड़ रुपए तक है। उदयपुर में सेलिब्रेशन के बाद शहर में आया सुपर कार का यह काफिला माउंट आबू के लिए रवाना हो गया। माधुरी की कार मैक्लारेन 750S मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के बेटे हरितराज सिंह को खूब पसंद आई।

**माधुरी बोलीं-उदयपुर बेहद पसंद**

माधुरी दीक्षित ने सिटी पैलेस के माणक चौक में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम से पहले सुबह पिछोला झील को निहारा। उन्होंने पिछोला किनारे उदयपुर के हेरिटेज प्लेस को देखा और उनकी तारीफ की। मीडिया से बातचीत में माधुरी ने कहा– मुझे उदयपुर शहर बेहद पसंद है। उदयपुर की खूबसूरत सुबह और यहां का मौसम अच्छा है। सर्दी के एहसास के बीच उदयपुर के नजारे देखकर बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि लेकसिटी के रास्ते, गलियां और महल सब कुछ अच्छे लगते हैं। श्रीराम नेने ने कहा कि उदयपुर बहुत प्यारा शहर है और हमको यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

**लक्ष्यराज के बेटे को पसंद आई कार**

सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मैक्लारेन मुंबई के डीलर ललित चौधरी ने मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह का स्वागत किया। लक्ष्यराज और उनके बेटे हरितराज ने यहां एक-एक कार को नजदीक से देखा। इस दौरान उनके बेटे हरितराज को पूछा गया कि उनको कौनसी कार पसंद है तो उन्होंने काफिले में से माधुरी दीक्षित की कार की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह ब्लू कलर की कार मुझे बहुत पसंद है। लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि सुपर कार लवर्स के लिए उदयपुर में इन गाड़ियों को देखना बेहद उत्साहित करने वाला पल है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे हरितराज को भी सुपर कार बेहद पसंद हैं। पिता होने के नाते मेरा धर्म बनता है कि ऐसी चीजों को हम बच्चों को दिखा सकें ताकि इनकी भी दिलचस्पी बनी रहे।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 846 | 850 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 258 | 260 |
| जिंक स्लैब | 275 | 277 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 181 |
| टिन स्लैब | 2663 | 2673 |
| निकल | 1380 | 1400 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 802 | 804 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 794 | 796 |
| कॉपर आर्मेचर | 782 | 784 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 734 | 735 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 535 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 571 | 574 |
| एल्युमिनियम | 198 | 197 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी– |
|---|---|---|
| कॉपर | 9084 | –1350 |
| टिन | 29700 | –100 |
| लीड | 1933 | –1925 |
| जिंक | 2814 | –1825 |
| एल्युमिनियम | 2598 | –2500 |
| निकल | 15450 | +1825 |

# व्यापार जगत

# देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता

- गोल्ड 65 रुपए और फ्रेश 53 रुपए प्रति लीटर मिलेगा
- नई कीमतें 24 से लागू

**नई दिल्ली।** देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता हो गया है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतें घटाई गई हैं। नई कीमतें 24 जनवरी से ही लागू कर दी गई हैं। आम चुनाव के नतीजों से पहले बढ़ाए थे दाम पिछले साल लोकसभा चुनाव नतीजे चार जून को आए थे। इससे तीन दिन पहले ही अमूल दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें अमूल गोल्ड दूध में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं अमूल शक्ति और टी स्पेशल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई थी। जीसीएमएमएफ ने कहा था- प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ी पिछले साल दाम बढ़ाए जाने पर जीसीएमएमएफ ने कहा था कि कंपनी के ऑपरेशन और प्रोडक्शन की कॉस्ट बढ़ने की वजह से कीमतें भी बढ़ाई गई हैं। हालांकि, यह बढ़ोतरी ओवरऑल एमआरपी की 3-4% ही है, जो की खाद्य महंगाई की दरों से काफी कम है। यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि फरवरी 2023 से अब तक कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया था।

**अमूल का मॉडल तीन लेवल पर काम करता है**

दूध का उत्पादन करने वाले गांव के सभी किसान डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी के मेंबर होते हैं। ये मेंबर रिप्रजेंटेटिव्स को चुनते हैं जो मिलकर डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन को मैनेज करते हैं। डिस्ट्रिक्ट यूनियन मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट की प्रोसेसिंग करती है। प्रोसेसिंग के बाद इन प्रोडक्ट्स को गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड डिस्ट्रीब्यूटर की तरह काम कर मार्केट तक पहुंचाता है। सप्लाई चेन को मैनेज करने के लिए प्रोफेशनल्स को हायर किया जाता है। दूध के कलेक्शन, प्रोसेसिंग और डिस्ट्रीब्यूशन में डायरेक्ट-इनडायरेक्ट रूप से करीब 15 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। अमूल का मॉडल बिजनेस स्कूल्स में केस स्टडी बन गया है। इस मॉडल में डेयरी किसानों के कंट्रोल में रहती है। यह मॉडल दिखाता है कि कैसे प्रॉफिट पिरामिड के सबसे निचले हिस्से तक पहुंचता है।

**लाखों लीटर दूध कैसे इकट्ठा होता है?**

- गुजरात के 33 जिलों में 18,600 मिल्क को-ऑपरेटिव सोसाइटीज और 18 डिस्ट्रिक्ट यूनियन हैं। इन सोसाइटीज से 36 लाख से ज्यादा किसान जुड़े हैं, जो दूध का उत्पादन करते हैं। दूध को इकट्ठा करने के लिए सुबह पांच बजे से ही चहल-पहल शुरू हो जाती है। किसान मवेशियों का दूध निकालते हैं और केन्स में भरते हैं। इसके बाद दूध को कलेक्शन सेंटर पर लाया जाता है। सुबह करीब सात बजे तक कलेक्शन सेंटर पर किसानों की लंबी लाइन लग जाती है। सोसाइटी वर्कर दूध की मात्रा को नापते हैं और फैट कंटेंट भी नापा जाता है। ये सिस्टम पूरी तरह से ऑटोमेटेड होता है। हर किसान के दूध के आउटपुट को कंप्यूटर में सेव किया जाता है। किसानों की आमदनी दूध की मात्रा और फैट कंटेंट पर निर्भर करती है। किसानों को हर महीने एक निश्चित तारीख पर पेमेंट किया जाता है। किसानों के लिए एक ऐप भी बनाया गया है, जिसमें उन्हें दूध की मात्रा और फैट से लेकर पेमेंट की जानकारी मिलती है। पेमेंट सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है। मवेशियों का दूध कैन्स में भरने के बाद कलेक्शन सेंटर पहुंचाया जाता है।
- **अमूल से जुड़े अन्य तथ्य :** अमूल के पिरामिड मॉडल में सबसे नीचे मिल्क प्रड्यूसर्स आते हैं। खर्च होने वाले हर एक रुपए में से करीब 86 पैसे उसके मेंबर को जाते हैं और को-ऑपरेटिव बिजनेस चलाने के लिए 14 पैसे रखे जाते हैं। क्वांटिटी ज्यादा होने से ये रकम बहुत बड़ी हो जाती है। डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन का प्रमुख चेयरमैन होता है, जो हर महीने मीटिंग करता है। यहां ये लोग को-ऑपरेटिव बिजनेस का जायजा लेते हैं।
- इसमें एक्सपेंशन प्लान, नई मशीनरी खरीदने और सदस्यों को बोनस देने जैसे मुद्दों पर चर्चा होती है। प्रोडक्टिविटी में सुधार लाने के लिए मवेशियों की सेहत का ध्यान रखा जाना भी जरूरी है। इसलिए, को-ऑपरेटिव मेंबर को मुफ्त ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें मवेशियों की देख-रेख कैसे करें और अन्य चीजें बताई जाती हैं। ट्रेनिंग प्रोग्राम से किसानों की बड़ी मदद होती है।

# सोना ऑल टाइम हाई पर, 10 ग्राम की कीमत 80430

**सोना 24 दिन में 4268 महंगा**
**चांदी 91265 रुपए प्रति किलो**

**नई दिल्ली।** सोना 24 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 391 रुपए बढ़कर 80,430 रुपए हो गया है। इससे पहले गुरुवार को इसका दाम 80,039 रुपए प्रति दस ग्राम था। सोने ने दो दिन पहले 22 जनवरी को 80,194 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 632 रुपए बढ़कर 91,265 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 90,633 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



**पिछले 24 दिनों में 4,268 महंगा सोना**

31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 76,162 रुपए था, जो इस महीने के 24 दिन में 4,268 रुपए बढ़कर 80,430 रुपए पर पहुंच गया है।

# सेंसेक्स 329 अंक गिरकर 76190 पर बंद

**निफ्टी भी 113 अंक गिरा**

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 24 जनवरी को सेंसेक्स 329 अंक की गिरावट के साथ 76,190 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 113 अंक की गिरावट रही, ये 23,092 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1142 अंक की गिरावट के साथ 50,107 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट और 19 में तेजी रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.60% की गिरावट रही।

**एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार**

रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस ने बाजार को ऊपर खीचने की कोशिश की। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.067% की गिरावट और कोरिया के कोस्पी में 0.85% की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.70% की तेजी के साथ बंद हुआ। 23 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.92% की तेजी के साथ 44,565 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.53% चढ़कर 6,118 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.22% की तेजी रही। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 29 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 31 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। पांच फरवरी को कंपनी के शेयर



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। कल बाजार में रही थी तेजी इससे पहले 23 जनवरी को सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही, ये 23,205 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली थी। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त थी। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट थी।

# श्रीलंका सरकार का अडाणी से पावर परचेज एग्रीमेंट कैंसिल

**अमेरिका में गौतम अडाणी पर करप्शन के आरोपों के चलते फैसला**

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अडाणी ग्रुप से पावर परचेज एग्रीमेंट खत्म कर लिया है। सरकार ने मई 2024 में अडाणी विंड पावर कॉम्प्लेक्स से बिजली खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। कंपनी 484 मेगावाट के इस विंड पावर कॉम्प्लेक्स को श्रीलंका के मन्नार और पूनरी कोस्टल एरिया में बनाने जा रही है। श्रीलंकन सरकार ने इसी पावर कॉम्प्लेक्स से 0.0826 डॉलर (मौजूदा वैल्यू- करीब 7.12 रुपए) प्रति किलोवाट के रेट से बिजली खरीदने का एग्रीमेंट किया था। एएफपी ने सोर्सेस के हवाले से इस एग्रीमेंट के केंसिल होने की जानकारी दी।



**दिसानायके एडमिनिस्ट्रेशन ने प्रोजेक्ट की जांच शुरू की**

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके एडमिनिस्ट्रेशन ने ग्रुप की कंपनी के लोकल प्रोजेक्ट को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी भी बनाई है। कई श्रीलंकन एक्टिविस्ट्स ने इस प्रोजेक्ट को चुनौति दी थी, उनका तर्क था कि कई छोटी रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स अडाणी की तुलना में दो-तिहाई कीमत पर बिजली बेच रही हैं। इसके अलावा, कंपनी पर एनवायरनमेंटल कंसर्न के चलते सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामला चल रहा है।

**अडाणी पर अमेरिका में रिश्वतखोरी-धोखाधड़ी के आरोप**

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को अरबों रुपए की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी करने के आरोप के मामले में समन भेजना अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड कमीशन (एसईसी) के अधिकार में नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि समन उचित राजनयिक माध्यम से भेजना होगा। वहीं गौतम अडाणी समेत आठ लोगों से जुड़ा यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके इस मामले की जांच की मांग की है।

# आपका राशिफल 25 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
दिन भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता हैं। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का प्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर हो बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक 3 6 8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक 3 6 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना हैं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख आनंद कारक समय है। शुभांक 2 4 6

# जिनवाणी की मिठास हमेशा अद्भुत : आचार्य जिन मणिप्रभ सूरीश्वर

- जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ सांचौर एवं मूर्तिपूजक जैन संघ सांचौर द्वारा संघपति का बहुमान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** मरडीया परिवार द्वारा आयोजित चितलवाना से जीरावला छ री पालित संघ चौथे दिन सत्यपुर सांचौर नगर में पहुंचा। इससे पूर्व कारोला में सुबह शुभ मूहर्त पर संघपति का तिलक एवं गुरुदेव की मांगलिक के साथ संघ ने सांचौर के लिए प्रस्थान किया। शहर के दादावाड़ी सहित कई जैन मंदिरों के दर्शन करता हुआ गोडी पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन करते हुए युग शांति पुरम् में पहुंचा। इससे पूर्व कुंतुनाथ मंदिर में सांचौर संघ की महिलाओं द्वारा भव्य सोमैया से स्वागत किया गया एवं भोजनशाला से वरघोड़े के रूप में चतुविद संघ शहर के मुख्य मार्गों की स्पर्शंसना करता हुआ मंदिरों के दर्शन करता हुआ पड़ाव में पहुंचा। प्रवचन को संबोधित करते हुए आचार्य जिन मणि प्रभ सुरीश्वर ने कहा कि जिनवाणी की मिठास अदभुत होती है साधु साध्वी हमेशा परमात्मा के आगम अनुसार धर्म की बात बोलते हैं। इसी से संघ की अच्छी व्यवस्था में अंतर्मन के भावों को जागृत करती है। तभी तो संघ समाज में ऐसे सुंदर धर्म प्रभावना के आयोजन होते हैं। आचार्य ने आगे कहा कि इसी प्रभाव से इस बार सूरत संघ में ऐतिहासिक तपस्या की झड़ी लगी थी, जिसमें लगभग 62 मासखमण, 27 सिद्धि तप और अठाई सहित लगभग 1000 तपस्या हुई थी। सभी श्रावकों को भी शासन की पालना करनी है एवं धर्म के विधि विधान के अनुसार यात्रा के मूल्य एवं परिस्थितियों को समझना है। अपने आप को अरिहंत परमात्मा से जोड़ना है। प्रवचन के दौरान जैन श्वेतांबर खरतरगछ संघ सांचौर एवं जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ सांचौर ने संघपति परिवार का बहुमान किया। संघपति परिवार द्वारा नगरपालिका सांचौर चेयरमेन नरेश सेठ एवं पाठशाला के शिक्षक दिनेश का बहुमान किया गया। संघपति परिवार द्वारा सांचौर स्कूल के बच्चों को मिठाई, पाठ्य सामग्री और कंबल वितरण किए गए।

# रेप आरोपी को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

▸▸ 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर की पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग लड़की से रेप के दोषी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार का जुर्माना लगाया है। सजा पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायधीश भूपेंद्र कुमार सनाढ्य ने सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जालोर के बागरा थाने में 5 अक्टूबर 2024 को पीड़ित लड़की के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पिता ने पड़ोसी पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का शक जाहिर किया। रिपोर्ट पर महिला पुलिस थाना जालोर की थानाधिकारी सरिता ने जांच की। सामने आया कि पड़ोसी लड़की को टैक्सी से अहमदाबाद ले गया था। पुलिस टीम ने आबूरोड में उसे पकड़ लिया और लड़की को मुक्त करा लिया। लड़की ने बताया कि युवक उसे टैक्सी में बैठाकर 4-5 बार सुनसान इलाके में ले जाकर रेप कर चुका है। 5 अक्टूबर की शाम डरा-धमका कर वह उसे टैक्सी में बैठा कर अहमदाबाद ले जा रहा था। रात




करीब 11 बजे आबूरोड में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच में पॉक्सो का मामला प्रमाणित होने के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट में 15 गवाहों के बयान के बाद दोषी को 20 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई।

# एसएमसी सदस्यों का गैर आवासीय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** पीईईओ राउमावि आजोदर में विद्यालय प्रबंधन समिति SMC सदस्यों का गैर आवासीय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रथम दिवस प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन राजेंद्र कुमार कोली प्रधानाचार्य राउमावि आजोदर द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में के आर पी के रूप में आसुराम सेन शारीरिक शिक्षक राउमावि सेवाड़िया एवं विनोदकुमार यादव अध्यापक राउमावि बड़गांव ने प्रशिक्षण की महत्ती आवश्यकताओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दूसरे व अंतिम दिन 23/01/2025 को SMC/SDMC के गठन,कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा में सभी सदस्यों ने उत्सुकतापूर्ण भाग लिया एवं विद्यालय के प्रबंधन और



विकास में समिति के सदस्यों के सहयोग की भूमिका के बारे में भी चर्चा की गई। वाइस प्रिंसिपल नासिर मोहम्मद द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में सामाजिक सहभागिता से होने वाले विकास की प्रशंसा की। लखमाराम चौधरी प्रधानाचार्य राउमावि सेवाड़िया ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में आये सभी सदस्यों से आह्वान किया कि आपकी सक्रियता से ही विद्यालय का विकास सम्भव हैं इसलिए सभी सदस्य अपनी भूमिका को महत्व देंगे। भामाशाह एवं विधायक द्वारा मनोनीत समिति के सदस्य उम्मेदसिंह झाला ने बताया कि विद्यालय के विकास भामाशाहों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समय समय पर भामाशाहों द्वारा सहयोग किया गया है और आगे भी तैयार रहेंगे। शिविर के समापन में पारसाराम राणा व्याख्याता स्थानीय विद्यालय ने सभी मेहमानों समिति के सदस्यों को धन्यवाद आभार प्रेषित किया। प्रशिक्षण में बोगियों की ढाणी आजोदर से नरेंद्र कुमार जोशी एवं आदरवाड़ा से शिक्षक कैलाशकुमार यादव और स्थानीय विद्यालय की उपस्थिति रही।

# ठाकुरजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** निकटवर्ती चेकला गांव में श्री ठाकुर जी व श्री कृष्ण भगवान के मंदिर व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महेंद्रपाल सिंह देवल ने बताया कि हमारे गांव का ये पौराणिक स्थान है। पुराने मंदिर के जर्जर होने के बाद नया मंदिर बनाया गया है। लेकिन कई वर्षो से इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आदेश नहीं हो रहा था। अब महान तपस्वी श्री श्री 1008श्री चंदनगिरि महाराज के आदेशानुसार इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर में गांव के सभी वरिष्ठजनों द्वारा तैयारियों को लेकर अहम बैठक रखी गई थी। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को कार्य सौंपे गए।
यहां भगवान के मंदिर का रंग रोगन, पंडाल, लाइटिंग के साथ ही भव्य हवन कुंड बनाया जा रहा है। 27जनवरी की शाम को चढ़ावे बोले जाएंगे।

# हर सफल व्यक्ति के पीछे शिक्षक की भूमिका : डा.अरुण दवे

▸▸ भावी पीढ़ी के राष्ट्र निर्माता तैयार करना शिक्षकों का कर्तव्य : गजेंद्र देवासी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा 15 से 23 जनवरी तक आयोजित कर्तव्य बोध पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को उप शाखा भीनमाल का कर्तव्य बोध पखवाड़ा का आयोजन मुख्य वक्ता डाअरुण दवें व गजेंद्रकुमार देवासी सीबीईओ रानीवाड़ा के विशिष्ट अतिथि में स्थानीय विद्यालय कचहरी रोड विद्यालय में हुआ।
इस दौरान डा. अरुण कुमार दवे ने छत्रपति शिवाजी व स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए इनके गुरुओं के योगदान के बारे में बताया कि हर योद्धा या सफल व्यक्तियों के पीछे महान शिक्षक का योगदान होता है। गजेंद्र कुमार देवासी ने राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक मात्र संगठन है, जो अपने शिक्षक सदस्यों को कर्तव्य बोध के लिए कार्यक्रम करता है। इन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षकों को भावी पीढ़ी के निर्माण में अपने अपने कर्तव्यों व दायित्वों का स्मरण करवाया। समापन में गोपालसिंह राव जिला सभाध्यक्ष जालोर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेशकुमार सेन जिला सहकार्यवाह, गुलाब भाटी विभाग संगठन मंत्री, उर्मिला खंडेलवाल प्राचार्य आदर्श विद्या मंदिर(बालिका), मीरा देवासी जिला संपर्क सेवा समिति, किशोरसिंह सिसोदिया अध्यक्ष, गणपतदान चारण मंत्री, मनोहर खिलेरी कोषाध्यक्ष, रणजीत प्रजापत, विपिन शुक्ला, रामचंद्र, विनोद दवे, घनश्याम दवे, नरोत्तम त्रिवेदी, लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित, अंकित दुआ अनुराधा रावत, हेमलता चुंडावत, सरोज काला, कमला विश्नोई, मोहिनी विश्नोई, मीनाक्षी शेखावत विक्रमसिंह शेखावत, रतन दवे, रुडाराम खटाना, लक्ष्मण निठारवाल, संजयपुरी, सतीश वैष्णव, मीठालाल व राजेश सोनगरा सहित बड़ी संख्या मे शिक्षक बंधु व मातृशक्ति मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन विजयसिंह राठौड़ ने किया।

# नि:शुल्क साइकिल वितरण

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा उपखंड की स्थानीय विद्यालय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा में भाजपा नेता पूर्व सरपंच रिड़मलसिंह डाबी भाजपा नेता पूर्व सरपंच नागजीराम परमार एसएमसी सदस्य नारायण लाल माहेश्वरी प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल उप प्रधानाचार्य भागीरथ बिश्रोई की उपस्थिति में साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरित की जाती है। निःशुल्क साइकिल वितरण प्रभारी भोलाराम देवासी ने बताया कि 56 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण वितरित की गई। इस अवसर पर वगताराम प्रजापत निंबाराम निवेदिता पूनिया विमला बिश्नोई महेंद्र सिंह दाहिमा नरपतसिंह चुन्नीलाल चौहान टीकमचंद जिंदगार रणछोड़ाराम पुरोहित जया कंवर देवड़ा कृष्ण कुमार उत्तम चंद मुकेश कुमार रामनिवास उम्मेद सिंह हितेश कुमावत सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम

▸▸ 16 जनवरी को प्रस्तावित पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा 27 को




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में डिप्लोमा इन एलीमेंट्री (डीएलएड) प्रथम व द्वितीय वर्ष का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। डाइट प्रधानाचार्य भेराराम व डी.एल.एड. परीक्षा के केंद्राधीक्षक शांतिलाल दवे ने बताया कि पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार डीएलएड प्रथम वर्ष प्रोन्नत व प्रोन्नत द्वितीय अवसर की 16 जनवरी को प्रस्तावित पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा 27 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे की पारी में होगी। 20 जनवरी की कला शिक्षा की परीक्षा 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे की पारी और 25 जनवरी को प्रस्तावित सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी की परीक्षा 28 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसी प्रकार डीएलएड द्वितीय वर्ष की नियमित, पूर्ववर्ती व पूरक अभ्यर्थियों की 15 जनवरी की तृतीय भाषा की परीक्षा 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक व 16 जनवरी की स्वस्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा इसी दिन दोपहर 2 बजे सायं 4 बजे तक होगी। वहीं 20 जनवरी की सामाजिक विज्ञान व विज्ञान शिक्षण की परीक्षा 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

# श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ को रवाना



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** कुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं का जत्था महंत अमृतनाथ के नेतृत्व में रवाना हुआ। महंत अमृतनाथ महाराज ने बताया कि महाकुंभ के शाही स्नान के लिए महंत प्रकाशनाथ महाराज वणधर, महंत काशीनाथ महाराज मठ करड़ा, महंत अमृतनाथ महाराज निंबावास, महंत रामपुरी महाराज नूंन व थानापति सोमगिरी महाराज पुनासा की सानिध्यता में रिड़मलसिंह, शिवनाथसिंह, हरिसिंह निंबावास, कृष्ण कुमार देवासी विशाला, सत्यप्रकाश बिश्नोई पुनासा, किशनाराम बिश्नोई पुनासा, हनुमानराम बिश्नोई, आसुराम बिश्नोई व अनिल मांजू सांचौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रवाना हुए।

# कालमा बने भाजपा सांकड़ मंडल अध्यक्ष

▸▸ टेलर बागरा मंडल अध्यक्ष निर्वाचित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के तहत विधानसभा क्षेत्र रानीवाड़ा के सांकड़ मंडल एवं विधानसभा क्षेत्र आहोर के बागरा मंडल में मंडल अध्यक्ष संगठन के विधि विधान अनुसार निर्वाचित किए गए। भाजपा संगठन पर्व के जिला सह चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार खंडेलवाल ने बताया कि जिला चुनाव अधिकारी विष्णु चेतानी के सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र रानीवाड़ा के सांकड़ मंडल अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत चंदन सिंह कालमा मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र आहोर के बागरा मंडल अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश चंद टेलर मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। दोनों मंडलों के मंडल अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करते हुए निर्वाचित हुए जिन्हें जिला सह चुनाव अधिकारी डाक्टर वन्ने सिंह गोहिल एवं जिला सह चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार खंडेलवाल ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष को माला साफा पहनाकर जयघोष के साथ शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# चाइल्ड फंड इंडिया संचालित बाल श्रम मुक्त कार्यक्रम आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुड़ामालानी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चाइल्ड फंड इण्डिया प्रतिनिधि खेराजराम परिहार ने बताया कि इस दिन की शुरुआत सबसे पहले 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और भारत में लड़कियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने के लिए की गई थी। यह हर संभव तरीके से लड़कियों का समर्थन करने की याद दिलाता है, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य या विकास के अवसरों के माध्यम से हो। चाइल्ड फंड द्वारा बाल संरक्षण समितियां को क्रियाशील एवं सक्रिय करवाया जा रहा है। राप्रावि गेनोणी धतरवालों की ढाणी अध्यापिका गीता मीणा एवं अनीता मीणा ने बालिका-बालक की समानता पर जोर दिया। बाड़मेर जिले के बायतु ब्लॉक के गांव हुडो की ढाणी, चौखला, उदाराम की ढाणी, मुलोणियो की ढाणी, खानजी का तला, भीमडा में इस अवसर पर बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। चित्रकला प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, नाटक,राष्ट्रीय बालिका दिवस का महत्व ,भारत में लिंगानुपात, राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं बालिका के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा का किस प्रकार महत्व हैं इस विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर फेसिलिटेटर संगीता, प्रमिला चौधरी, जेठी बोस, शांती, निमु, पेपों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा एवं कमला उपस्थित रहे।

# जालोर में केमिस्ट एसोसिएशन का रक्तदान शिविर

50 लोगों ने किया ब्लड डोनेट, राष्ट्रीय अध्यक्ष की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**सांचौर।** जालोर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन 24 जनवरी 2025 को सांचौर में ममता हॉस्पिटल के पास, पीडब्ल्यूडी रोड पर किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चले कार्यक्रम में जिले भर से आए 50 केमिस्ट साथियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जालोर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भंवरलाल बिश्नोई ने कहा कि केमिस्टों की हक की लड़ाई लड़ने वाले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्त जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन केमिस्ट का काम करने वाले लोगों के हितों को लेकर काम करता है। जिला सचिव बालजी जैन ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों के लिए आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि गंभीर घायल लोगों को नया जीवन दिया जा सके। इस दौरान कार्यक्रम में डा. सुरेश सागर, डा. मुकेश बिश्नोई, डा. सुपर्णा चौधरी, डा. भीखाराम डारा और डा. बाला बिश्नोई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा हनवंत सोनी, राधेश्याम वैष्णव, अर्जुन देवासी, मनोहर खत्री, प्रताप पवार, दिनेश पुरोहित, दिनेश वैष्णव, सवाराम चौधरी और अमृत दर्जी सहित जालोर जिलेभर के केमिस्ट मौजूद रहे।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-क्र.सं.: 1. निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/270: दि. 22.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: चर्चगेट:** इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन बिल्डींग का संरचनात्मक संधारण। **कार्य की अनु. अनुसार :** रु. 90,59, 441.39, **ईएमडी:** रु. 1,81,200/-, **क्र.सं.: 2. निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/271: दि. 22.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: कोलाबा-बधवार पार्क:** बधवार पार्क में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस तथा विविध सुविधाओं का व्यवस्थापन। **कार्य की अनु. अनुसार :** रु. 3,10,19,485.35, **ईएमडी:** रु. 3,05,100/-, उक्त दोनो निविदाएं **जमा करने की दिनांक व समय:** 18.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समय:** 18.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **1004**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# धूल के गुबार से आहत, दुकानदारों को मिलेगी राहत




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड से लेकर कलापुरा तिराह तक पिछले कई वर्षो से जर्जर हालत में पड़ी सड़क दुकानदार व आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। जिसको लेकर दुकानदारों ने कई बार अपने स्तर पर जनप्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए थे, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं हुई। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद दुकानदारों ने अपनी पीड़ा पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के समक्ष रखी तो उन्होंने शीघ्र ही सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। सरकार के गठन के बाद पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने अपने स्तर पर प्रयास कर सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत करवाकर वित्तीय स्वीकृति जारी करवाई। गुरुवार को सीसी सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया। जिससे दुकानदारों में हर्ष है। वहीं सड़क निर्माण होने के बाद पंचायत समिति कार्यालय में सरकारी कार्य से आने वाले लोगों को भी सहूलियत होगी। इस सड़क मार्ग को लेकर दैनिक समाचार पत्र जागरूक टाइम्स ने अपने अंक में कई बार खबर प्रकाशित किया था तथा जनप्रतिनिधियों व प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया था।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा बढ़ाई

▸▸ भीनमाल में पुलिस ने की होटल और संदिग्ध स्थानों की जांच



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** गणतंत्र दिवस को लेकर भीनमाल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया है। थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। सुरक्षा के मद्देनजर टीम ने शहर के होटलों और संभावित संदिग्ध स्थानों का निरीक्षण किया। थानाधिकारी भाटी ने बताया कि यह विशेष जांच अभियान गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। पुलिस ने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के साथ ही स्थानीय नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। इस सुरक्षा अभियान के तहत होटलों में ठहरे यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की गई और होटल संचालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष निगरानी बढ़ा दी है।

# जिला बहाल करने की मांग, भड़वल के ग्रामीणों ने दिया समर्थन

**27 वें दिन भी जारी रहा धरना**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर बचाओ संघर्ष समिति का धरना 27 वें दिन रहा। इस दौरान भड़वल ग्राम पंचायत के ग्रामीणो ने धरने को समर्थन देकर सरकार के आदेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उपखंड मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान धरना स्थल पर कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर व सवाराम पटेल भी पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर है। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौन से आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। पुखराज पराशर ने कहा कि सांचौर जिला बनाने में कांग्रेस पार्टी ने रामलुभाया कमेटी के रिपोर्ट अनुसार बनाया था जिसमें सभी मापदंड पूर्ण थे उन मापदंडों के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाए थे, जिसको वर्तमान सरकार ने किस आधार पर निरस्त किया कोई जानकारी नहीं है। सांचौर जिला बनाने का सभी मापदंड पूर्ण है सांचौर जिले को पुनः जिला बनाकर रहेंगे। वर्तमान सरकार केवल पूर्व सरकार द्वारा किए गए कार्यो को निरस्त करने में लगी हुई है। सवाराम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि सांचौर जिले को निरस्त करना भेदभाव पूर्ण कार्य है।

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या 30 वर्ष 2024-2025 दिनांक : 23.01.2025**

| क्र.सं. | ई-निविदा सं. एवं कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत | ईएमडी लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | DRM-ADI-199-2024-25 | 7,51,275.00 | 15,000.00 |
| | सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) (नई कॉलोनी) साबरमती के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे कॉलोनी और सेवा भवनों के ओवर हेड वाटर टैंक और भूमिगत जल संप की सफाई। (24 महीने के लिए) | | |
| 2 | DRM-ADI-200-2024-25 | 11,02,687.66 | 22,100.00 |
| | अहमदाबाद स्टेशन क्षेत्र: स्टेशन क्षेत्र के लिए भूमिगत जल निकासी और मैनहोल की मरम्मत और सफाई। (16.0 महीने के लिए) (शेष कार्य)। | | |
| 3 | DRM-ADI-201-2024-25 | 56,28,049.19 | 1,12,600.00 |
| | अहमदाबाद-वीरमगाम-समाखियाली-खंड वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) - अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके टैम्पिंग पूर्व और बाद में ट्रैक माप सर्वेक्षण। | | |
| 4 | DRM-ADI-202-2024-25 | 3,97,00,123.43 | 3,48,500.00 |
| | रेलवे कॉलोनी गांधीधाम और आदिपुर रेलवे स्टेशन में पुरानी और जीर्ण-शीर्ण पाइपलाइन की मरम्मत और पानी की आपूर्ति तथा मंडल इंजीनियर (एनडब्ल्यू)-अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अन्य संबंधित कार्य। (पुनः आमंत्रित) | | |
| 5 | DRM-ADI-203-2024-25 | 39,47,35,781.76 | 21,23,700.00 |
| | गांधीधाम- न्यू भुज खंड:- सीआरओ प्रवण स्थानों के संबंध में मवेशी बाड़ लगाने की व्यवस्था करना। | | |
| 6 | DRM-ADI-204-2024-25 | 64,82,060.70 | 1,29,700.00 |
| | मिथा-समाखियाली-खंड सीनियर डीईएन (एनडब्ल्यू)-एडीआई के अधिकार क्षेत्र में टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके पूर्व और बाद में टैम्पिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण | | |

**ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 18.02.2025 समय 15:00 बजे
**कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सम.) अहमदाबाद, डीआरएम कार्यालय, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद - 382345 **ई-निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाइट :** www.ireps.gov.in
301

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

## सुविचार

लोग अक्सर ये भूल जाते है की आज जो आपके साथ है वो ही सच्चा सोना है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## प्राइवेट सेक्टर फुस्स

भारतीय अर्थव्यवस्था का आकलन समय समय पर होता रहता है। इससे देश में विकास की रफ्तार के बारे में पता चलता रहा है। इस बार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास दर के बाद अब प्राइवेट सेक्टर से भी एक बुरी खबर आ रही है। एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी में 14 महीनों के निचले स्तर 57.9 पर आ गई, जो पिछले महीने के चार महीनों के उच्च स्तर 59.2 से कम है। इसका आंकड़ा 13 महीनों में पहली बार 58 के निशान से नीचे गिर गई। एचएसबीसी ने बताया कि भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 2025 की शुरुआत धीमी वृद्धि के साथ की। नए व्यापार में वृद्धि कम होने के कारण कुल उत्पादन नवंबर 2023 के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़ा। महीने के दौरान कुल गतिविधि में गिरावट आई, लेकिन विनिर्माण प्रदर्शन बेहतर रहा क्योंकि फैक्ट्री उत्पादन पिछले महीने के 56.4 से बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर 58 पर पहुंच गया। इससे पहले विनिर्माण क्षेत्र पिछड़ गया था, जिससे विकास दर सात तिमाही के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने साल की शुरुआत मजबूत की थी। उत्पादन और नए ऑर्डर तीसरी वित्तीय तिमाही की तुलना में बेहतर हुए थे। नए निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि खास तौर पर ध्यान देने योग्य थी और इनपुट लागत मुद्रास्फीति में कमी भी निर्माताओं के लिए अच्छी खबर है। वहीं दूसरी ओर सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि निराशाजनक रही क्योंकि सेवाओं में नए व्यवसाय की वृद्धि धीमी हो गई। सेवाओं के क्षेत्र में नए घरेलू व्यवसाय की वृद्धि में ठहराव, अर्थव्यवस्था में एक संभावित कमजोर बिंदु को उजागर करता है। दूसरी ओर सेवा प्रदाताओं के लिए नए निर्यात व्यवसाय में वृद्धि की गति बनी रहने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत में सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 की अनुमानित वृद्धि 6.4 प्रतिशत पर आंकी गई है, जो 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान और आरबीआई के संशोधित 6.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। विनिर्माण गतिविधि में वृद्धि ने भी व्यापार विश्वास को बढ़ावा दिया, जिससे भावना मई 2024 के बाद से सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई। दूसरी ओर सेवाओं की भावना तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसका मतलब हुआ कि फैक्ट्रियों में निर्माण और उत्पादन तो तेजी से हो रहा है, लेकिन सर्विस सेक्टर में गिरावट और सुस्ती दिख रही है। संभवतः सरकार इस ओर ध्यान देगी या कहें कि सरकार ध्यान दे रही होगी।

### 2047 तक विकसित भारत

# लक्ष्य हासिल करने निर्यात बढ़ाना जरूरी



मनोहर मनोज

अब जब हमने आगामी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का ऐलान कर दिया है, तो ऐसे में सकल घरेलू उत्पाद में कम से कम एक चौथाई की हिस्सेदारी निर्यात क्षेत्र से होनी जरूरी है। उपलब्ध आंकडों के मुताबिक अप्रेल-नवंबर 2024 के दौरान भारत का कुल निर्यात 536 अरब डालर था, जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के 498 अरब डालर के मुकाबले 7.5 फीसदी ज्यादा है। जबकि अगले 23 सालों में विकसित देश बनना है तो इस दौरान हमारा निर्यात कम से 950 अरब डॉलर होना चाहिए था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल निर्यात करीब 800 अरब डालर होगा, जो पिछले वित्त वर्ष में 770 अरब डालर के करीब 30 बिलियन डॉलर ज्यादा होगा जबकि इसे 180 बिलियन डॉलर ज्यादा होना चाहिए था।

इमेज

अभी भी हमारी अर्थव्यवस्था निर्यात बढ़ाने के कई उपायों के बावजूद एक्सपोर्ट मॉडल केंद्रित न होकर आयातित मशीनरी व तकनीकी आधारित है। इस वजह से हमारा व्यापार घाटा सकल घरलू उत्पाद के एक फीसदी से कम नहीं हो पा रहा। विगत में यह दो से ढ़ाई फीसदी तक गया है। अभी गुजरे दिसंबर 2024 माह के आंकड़ों पर गौर करें तो हमारा निर्यात 38 अरब डॉलर तथा आयात 60 अरब डॉलर रहा है। पिछली सदी के 1990 के दशक की बात करें तो उस समय कुल विश्व व्यापार में हमारी हिस्सेदारी महज आधा फीसदी थी, जो अब करीब डेढ से दो फीसदी तक पहुंची है। जबकि अगर हम अपने मुख्य प्रतिद्वंदी चीन की बात करें, तो विश्व व्यापार में 90 के दशक में उसकी हिस्सेदारी जहां महज दो फीसदी थी, अब बढ़कर करीब 17.6 फीसदी हो चुकी है। पिछले वर्ष चीन का कुल निर्यात 3,413 बिलियन पौंड था, उसके बाद दूसरे नंबर पर 2572 बिलियन पौंड यानी 13.2 फीसदी निर्यात यूरापीय यूनियन का था। अमेरिका तीसरे नंबर पर 1960 बिलियन पौंड के साथ था, जिसकी विश्व निर्यात में भागीदारी 10.1 फीसदी बन रही थी। जापान चौथे और दक्षिण कोरिया 649 बिलियन पौंड के साथ पांचवें नंबर पर था। इस तरह देखें तो अभी चीन का कुल निर्यात आकार उतना ही है, जितना बड़ा आकार फिलहाल भारत की समूची अर्थव्यवस्था का है। यह ठीक है कि दुनिया के कई मुल्कों की अर्थव्यवस्था आयात आधारित होते हुए भी यथोचित प्रगति के सोपान हासिल करने में सफल रही हैं। परंतु हर देश को अपनी वस्तुओं व सेवा व्यापार के एडवांटेज और डिस्वाटेंज पहलू की बड़ी बुद्धिमतापूर्वक प्लानिंग व रणनीति बनाने की आवश्यकता पड़ती है। यही नहीं देशों को समय समय पर अलग अलग तकनीक व समयानुगत मांगों की आपूर्ति को लेकर भी अपनी रणनीति बदलती रहनी पड़ती है। मिसाल के तौरपर भारत अपने तीन चौथाई पेट्रोलियम उत्पादों, जिसमें 85 फीसदी कच्चे तेल व 44 फीसदी प्राकृतिक गैस तथा उर्वरकों व मेटल्स की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर करता है, पर भारत ने आयातित कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर तैयार पैट्रोलियम उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक देश बना तो उससे व्यापार संतुलत लाने में बड़ी सहूलियत हुई। लेकिन दिसंबर 2024 माह में तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 28 फीसदी की गिरावट आयी है। इसी तरह भारत हर साल करीब 40 अरब डॉलर का सोना खरीदता है, पर इसके बरक्श पॉलिश किए जेम्स व ज्वैलरी का भारत एक बड़ा निर्यातक बना तो इससे भी व्यापार संतुलन लाने में सहूलियत मिली। मगर हाल के आंकड़ों के मुताबिक जेम्स व ज्वैलरी के निर्यात में 26 फीसदी की गिरावट आ गई।

यही नहीं भारत ने इधर जबसे पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजना शुरू की गई तो सरकार का प्रोत्साहन व्यय जरूर बढ़ा पर इससे मोबाइल फोन सेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश में बदलने की कहानी भी शुरू हुई। भारत में आयात प्रतिस्थापन व निर्यात प्रोत्साहन की नीति विगत के योजनाकरण के दौर में सरकार की एक आधारभूत नीति हुआ करती थी, पर अलग अलग आइटम व सिगमेंट तथा नये नये व्यापार चलन व प्रचलन के हिसाब से भारत एक वैसी आक्रामक निर्यात रणनीति नहीं बना पाया जैसे कि हमारे पड़ोसी देश चीन ने किया। यह ठीक है कि चीन ने अपनी बाह्य अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की शुरूआत हमसे एक दशक पहले कर दी थी, जिससे एक तरफ उसके यहां बड़ी मात्रा में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरफ से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया और फिर वह समूची दुनिया का फैक्ट्ररी हाउस बनने में कामयाब होता गया। चीन ने समूची दुनिया के अलग अलग देशों की मांग और उनकी क्रय क्षमता के हिसाब से उनके अनुरूप वस्तु व सेवाओं का उत्पादन, प्राइसिंग व उनकी सप्लाई की। इस क्रम में उसने समूचे अमेरिका व यूरोप की कई जरूरतों की मांग हथिया ली। क्योंकि इन देशों को ये लगता था कि इन चीजों के घरेलू उत्पादन की लागत ज्यादा है और इनकी सप्लाई चीन से कराने में उन्हे ज्यादा फायदा है। इसी तरह से भारत को जिसे टेक्सटाइल व हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़त प्राप्त थी, उसे वह पिछले तीन दशक में आगे नहीं बढ़ा पाया और चीन व बांग्लादेश जैसे देश हमें इस मामले में कड़ी टक्कर देते चले गए। भारत की अर्थव्यवस्था फार्मेसी व कंप्यूटर हार्डवेयर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स की आधारभूत चीजों के लिए चीन पर निर्भर रही है। इनका त्वरित रूप से आयात प्रतिस्थापन करने में हम सक्षम नहीं हो पाए। ये ठीक है कि हमने इधर स्मार्ट मोबाइल व कंप्यूटर सेमी-कंडक्टर व चिप्स के कई सारे प्लांटों की नींव देश में डाल दी, जिसके अच्छे नतीजे जरूर मिलेंगे। दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा प्रधान होने की वजह से व्यापार मामले में भी सेवा क्षेत्र की प्रधानता ज्यादा देखी गई है। मर्चेन्डाइज सेक्टर में हमारा आयात निर्यात से काफी ज्यादा है, जबकि सेवाओं के मामले में हमारा निर्यात आयात से काफी ज्यादा है। मिसाल के तौरपर वर्ष 2024 के अप्रेल-नवंबर अवधि के दौरान मार्चेन्डाइज व्यापार मामले में भारत करीब 200 अरब डालर के घाटे में था, जबकि सेवा सेक्टर में भारत को करीब 120 अरब डालर का व्यापार सरप्लस हासिल था। यही वजह है कि भारत दुनिया में विदेशों से कमाई हासिल करने वाला सबसे बड़ा देश बना हुआ है। मर्चेन्डाइज व सेवा व्यापार में संतुलन लाना भारत व इसकी अर्थव्यवस्था के लिए प्राथमिकता होना चाहिए। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब हमारी अर्थव्यवस्था में उद्योग विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान ज्यादा होगा। देखा जाए तो इन मामलों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों व उनकी शर्तों की भी बड़ी भूमिका है। मिसाल के तौरपर दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के व्यापारिक संगठन आरसेप में भारत ने अंत समय में भाग लेने से इसलिए मना कर दिया; क्योंकि इससे भारत के पारंपरिक घरेलू सेक्टर में चीन के सस्ते उत्पादों के आवक की आशंका ज्यादा थी। भारत ने नयी आर्थिक नीति के बाद तथा विश्व व्यापार संगठन की नयी रिजीम में शामिल होने के बाद प्रतियोगिता व संरक्षण नीति में एक संतुलन लाने का प्रयास किया पर वह भारत को व्यापार सरप्लस देश बनाने में कामयाब नहीं कर पाया।

## पंचांग

25 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | एकादशी 20.32 तक |
| वार | - | शनिवार |
| नक्षत्र | - | ज्येष्ठा अहोरात्र |
| योग | - | ध्रुव 28.38 तक |
| करण | - | बव 08.05 तक |
| सूर्योदय | - | 07.15 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.26 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.20 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | वृश्चिक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.28 से 13.13 |
| राहु काल | - | 10.02 से 11.26 |
| व्रत, त्यौहार | - | बिच्छुड़ा, षटतिला एकादशी (कोपरा) |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## राम-सीता की वन में सेवा करने को चौदह वर्षों तक नहीं सोए लक्ष्मण

अगर छोटे भाई के प्रेम और त्याग को कोई उदाहरण दिया जाता है तो हमेशा लक्ष्मण का नाम लिया जाता है। कहा भी जाता है कि अगर बड़ा भाई भगवान राम जैसा हो तो छोटा भाई लक्ष्मण जैसा हो। लक्ष्मण के भाई के प्रति प्रेम का कोई दूसरा उदाहरण तीनों लोक में नहीं मिलता है। लक्ष्मण का अपने बड़े भाई श्रीराम के प्रति प्रेम को बताने के लिए तमाम कहानियां हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार माना जाता है कि राम जब 14 वर्षों के लिए वनवास काट रहे थे तो उस दौरान बड़े भाई और भाभी की रक्षा के लिए लक्ष्मण कभी नहीं सोए। इसीलिए उन्हें 'गुडा केश' भी कहा जाता था। गुडा केश का मतलब जो निद्रा का स्वामी हो। अपनी इसी विशेषता की वजह से लक्ष्मण लंका युद्ध में रावण के बड़े पुत्र और बेहद पराक्रमी योद्धा और अति बलशाली मेघनाद का वध करने में सफल रहे थे। लक्ष्मण ने बाण से मेघनाद का सिर धड़ से अलग कर दिया था।

**ब्रह्मा जी ने मेघनाद को दिया वरदान**

पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण ने स्वर्ग पर अपना कब्जा जमाने के लिए देवताओं पर आक्रमण कर दिया था। इस युद्ध में मेघनाद ने भी भाग लिया था। मेघनाद ने इंद्र सहित सभी देवताओं को परास्त कर दिया। जिसके बाद उन्हें इंद्रजीत के नाम से पुकारा जाने लगा। युद्ध जीतने के बाद मेघनाद जब लंका जाने लगे तो उन्होंने इंद्र को अपने साथ ले लिया। ब्रह्मा जी ने मेघनाद से कहा कि अगर वो इंद्र को मुक्त कर देंगे तो वह उन्हें एक वरदान देंगे। ब्रह्मा जी ने मेघनाद का अमर होने के वरदान की मांग को ठुकरा दिया, लेकिन उन्हें आशीर्वाद दिया कि पृथ्वी पर एक केवल वही व्यक्ति उनका वध कर सकता है जो 14 सालों से सोया न हो।

**वनवास में राम के साथ गए लक्ष्मण**

जब राजा दशरथ ने श्रीराम को 14 वर्ष के वनवास की आज्ञा दी तो लक्ष्मण ने भी अपने बड़े भाई के साथ वन में जाने का निर्णय ले लिया। लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला ने कहा कि वह भी उनके साथ चलेंगी। तो उन्होंने अपनी पत्नी को समझाते हुए कहा कि वह वन में राम और सीता की सेवा करना चाहते हैं। अगर उर्मिला भी उनके साथ जाएंगी तो उनके काम में विघ्न पड़ेगा, क्योंकि उन्हें उनका भी ध्यान रखना होगा। उर्मिला ने दिल पर पत्थर रखकर लक्ष्मणजी की यह बात मान ली और वह उनके साथ नहीं गईं।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह भारत सरकार द्वारा अधिक युवा मतदाताओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया था, और पहली बार 25 जनवरी 2011 को मनाया गया था। तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री अंबिका सोनी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके नए मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में कम रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में उनके नामांकन का स्तर 20 से 25 प्रतिशत तक कम है। उन्होंने कहा, "इस समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने देश भर में 8.5 लाख मतदान केंद्रों में से प्रत्येक में हर साल 1 जनवरी तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सभी पात्र मतदाताओं की पहचान करने के लिए एक जोरदार अभ्यास करने का फैसला किया है।" सोनी ने कहा कि ऐसे पात्र मतदाताओं का समय पर नामांकन किया जाएगा और हर साल 25 जनवरी को उन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवाओं में सशक्तीकरण और गर्व की भावना पैदा होगी और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। नए मतदाताओं को "मतदाता होने पर गर्व है - मतदान के लिए तैयार" लोगो के साथ एक बैज प्रदान किया जाएगा। समावेशिता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' का नारा गढ़ा गया है। चुनाव प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता, दक्षता और नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। ये पुरस्कार चुनाव मशीनरी, सरकारी विभाग/एजेंसी/पीएसयू, सीएसओ और मीडिया द्वारा योगदान को मान्यता देते हैं। भारत के युवा मतदाताओं में सबसे ज्यादा खुशी देखी जाती है। चौथे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर, विकलांगता कार्यकर्ता सतेंद्र सिंह की आरटीआई ने भारत के चुनाव आयोग को तब चौंका दिया जब उन्हें विकलांग मतदाताओं को मताधिकार देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

### प्रयाग महाकुंभ

# श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र किन्नर अखाड़ा

एन. के. अरोड़ा

**प्रयागराज में चल रहे मौजूदा महाकुंभ में देश-विदेश के भक्तों और श्रद्धालुओं का ध्यान सबसे ज्यादा नागा और किन्नर साधु खींच रहे हैं। नागा साधु जहां विभिन्न शैव अखाड़ों का हिस्सा होते हैं, वहीं किन्नर संत पहली बार एक मान्यता प्राप्त अखाड़े के रूप में प्रयागराज महाकुंभ में शामिल हुए हैं। हालांकि वह इसके पहले 2021 में हरिद्वार में और उसके पहले नासिक कुंभ में भी भागीदारी कर चुके हैं।**

- इमेज

पहली बार अपने एक स्वतंत्र अखाड़े के संतों के रूप में किन्नर साधुओं ने प्रयागराज में शाही स्नान किया है और इस घटना से रूबरू होने के लिए किन्नर साधुओं के रास्ते में दोनों तरफ लाखों लोगों की भीड़ खड़ी थी, जो उनका जय जयकार कर रही थी और उन पर फूल बरसा रही थी। इस बार के पहले शाही स्नान के दौरान महाकुंभ में किन्नर साधुओं को देखकर आम श्रद्धालु इस कदर रोमांचित थे कि हजारों की तादाद में पुलिस फोर्स के लगे होने के बावजूद वे अपनी जान जोखिम में डालकर किन्नर साधुओं के रथों के पीछे दौड़ रहे थे और उनके पैर छूने को बेताब थे। किन्नर साधु जैसे ही संगम तट पर शाही स्नान के लिए पहुंचे, लोग रोमांच से जय जयकार करने लगे। जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े के संत शाही रथों और बग्घियों पर सवार होकर अमृत स्नान के लिए पहुंचे थे। किन्नर अखाड़े ने श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ अमृत स्नान में हिस्सा लिया। राजशाही तरीके से सुज्जित रथों में स्नान करके लौटते हुए किन्नर संतों ने भाव विह्वल हुए श्रद्धालुओं को निराश भी नहीं किया, उन्होंने भक्तों के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। जबकि दूसरे साधु आमतौर पर भक्तों के प्रति इतने दयालु नहीं होते। लेकिन शायद इन्हीं और संतों के प्रति आम भक्त इतने आसक्त भी नहीं होते, जिस तरह किन्नर संतों के प्रति लोगों की भाव विह्वलता देखने को मिली।

शायद भारतीय समाज में यह बहुत गहरे तक विश्वास बना हुआ है कि किन्नर बहुत पवित्र आत्मा होते हैं। यही वजह है कि आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में जब किन्नर अखाड़े के साधु, संत संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया, तो समूचे महाकुंभ क्षेत्र में जय जयकार होने लगी और एक खास तरह की ऊर्जा से पूरा कुंभ क्षेत्र चार्ज हो गया। हर हर महादेव का जयघोष करते जब किन्नर अखाड़े के संत पारंपरिक शस्त्रों का लयपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तो उनकी गरिमा और शौर्य का उल्लास देखते बनता था। किन्नर अखाड़े के साधुओं ने अमृत स्नान के अवसर पर हर भारतवासी के लिए सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उनके मुताबिक महाकुंभ का यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का आयोजन भी है। हर हर महादेव के नारों के बीच किन्नर अखाड़े ने भारतीय संस्कृति का एक ऐसा समरस रूप प्रस्तुत किया है, जो किसी और देश में किन्नरों को इतनी ऊंची सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में शायद ही स्वीकार हो।

गौरतलब है कि किन्नर अखाड़े की स्थापना साल 2015 में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने की थी, यह अखाड़ा उत्तराखंड के हरिद्वार में है। यह भारत में संतों के 13 अखाड़ों से अलग है, जो अखाड़े सदियों से मौजूद हैं। किन्नर अखाड़ा दरअसल ट्रांसजेंडर समुदाय का आध्यात्मिक मंच है। इसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सनातन धर्म और सनातन परंपरा के अनुसार आध्यात्मिक और धार्मिक नेतृत्व की भूमिका में शामिल किया जाता है। ट्रांसजेंडर अखाड़े में दूसरे अखाड़ों की तरह ही किन्नर महामंडलेश्वर, साध्वी और गुरुओं की परंपरा स्थापित की गई है। ये तकनीकी रूप से पहली बार 2019 के कुंभ मेला में शामिल हुए थे, क्योंकि इसके पहले तक किन्नर समुदाय विधि-विधान से उच्च धार्मिक परंपराओं में शामिल नहीं होते थे। साल 2021 के हरिद्वार कुंभ में किन्नर अखाड़े ने अपनी परंपरा और आध्यात्म के प्रचार प्रसार में मजबूती दिखाई और जब 2025 में लोगों ने प्रयागराज में इनकी पूर्ण मौजूदगी देखी तो अभिभूत हो गए।

क्योंकि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में किन्नरों का विशेष स्थान है। रामायण और महाभारत जैसे महान हिंदू धार्मिक ग्रंथों में किन्नरों का महत्वपूर्ण उल्लेख मिलता है। बाद में आधुनिक समाज ने इनकी पहचान को हाशिये पर धकेल दिया था, खासकर जब भारत में मुस्लिमों का शासन था, तो उन्होंने किन्नरों को हर तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों से दूर कर दिया था। मगर आजाद भारत में एक बार फिर से किन्नर सनातन धर्म परंपरा की समरस संस्कृति का मजबूत हिस्सा हैं। किन्नर मूलतः अपने आध्यात्मिक रहस्यवाद के लिए जाने जाते हैं। किन्नर अखाड़ा केवल धर्म प्रचार नहीं करता बल्कि यह ट्रांसजेंडर अधिकारों, शिक्षा और सामाजिक समावेश के लिए भी काम करता है। भारतीय संस्कृति में किन्नरों को बहुत पूज्य और पवित्र माना जाता है। उनकी धार्मिक और आध्यात्मिक शक्ति को हमेशा नमन किया जाता है, इसलिए जब किन्नर किसी अखाड़े या मेले के आयोजन में शामिल होते हैं, तो लोग उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा और रहस्यमय आभा से प्रभावित होते हैं। अब सनातन पंरपरा के महान संत अखाड़ों में शामिल हुआ, किन्नर अखाड़ा भारतीय समाज में, किन्नरों के सम्मान और स्वीकृति का प्रतीक है। इसलिए कुंभ में नागा साधुओं की तरह इन्हें भी विशेष आदर, सम्मान व उत्सुकता से देखा जाता है।

## गीता सार



**अर्जुन उवाच**

**अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः।**
**कथमेतद्विजानीयां त्वमादौ प्रोक्तवानिति ॥4॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

अर्जुन बोले – आपका जन्म तो अभी हाल का है और सूर्य का जन्म बहुत पुराना है तब मैं इस बात को कैसे समझूं कि आप ने ही (कल्प के) पूर्व में सूर्य से यह योग कहा था?

## बोले तो...



2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से एक निर्णायक साल था। इसमें दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गलत सूचनाएं ऐसे वक्त ही प्रसारित की जाती हैं।

-राजीव कुमार



सैफ अली खान जल्द ठीक होकर फिल्म इंडस्ट्री में वापस आएंगे। जो भी इस घटना के पीछे है, हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। महाराष्ट्र को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। हम अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

- एकनाथ शिंदे



विपक्ष के लोगों खासकर ओवैसी की सोच है कि हमने जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना और मीरवाइज उमर फारूक को बुलाया। उन्हें सुनने के लिए ही जेपीसी अध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी और खंडवार चर्चा की। आज विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है।

- निशिकांत दुबे

## कुछ अलग | अजब गजब

# गुड़गांव के नीचे बहती थी एक नदी, अधिकांश लोग इस दुर्लभ जानकारी से वंचित

हर शहर का अपना अलग इतिहास होता है। कई बार इस इतिहास से लोग रूबरू नहीं होते हैं। इस वजह से उन्हें ये जानकारियां हैरान करने वाली लगती हैं। हाल ही में ऐसी ही एक जानकारी लोगों को अनोखी लग रही है। ये जानकारी हरियाणा के गुड़गांव शहर की है जो जो दिल्ली-एनसीआर का अहम शहर बन चुका है जहां सैकड़ों कंपनियों के ऑफिस बने हैं। क्या आप जानते हैं कि इस शहर के नीचे एक नदी बहा करती थी? ये जानकारी इतनी दुर्लभ है कि यूपी-बिहार तो छोड़िए, जो लोग हरियाणा में रह रहे हैं, उन्हें भी शायद इस नदी के बारे में नहीं पता होगा, क्योंकि कई सालों पहले ही ये सूख गई थी।

जिस नदी की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम था साहिबी, जिसे सीबी भी कहते थे। यह नदी जयपुर के जीतगढ़ नामक स्थान से निकलकर अलवर (राजस्थान), रेवाड़ी, गुड़गांव (हरियाणा) से होते हुए दिल्ली के नजफगढ़ नाले में गिरती थी और वहां से ये यमुना में जाकर मिल जाती थी। यह बारिश पर निर्भर नदी थी. रिपोर्ट्स की मानें तो 1980 के दशक तक इस नदी में पानी था। अब सवाल ये उठता है कि आखिर ये नदी कहां गई?

1980 के दशक में नदी में था पानी

बारिश कम होने की वजह से ये नदी सूखती गई। इसके



अलावा नदी को जबरदस्ती भी सुखाने का काम किया गया। सूखी हुई जमीन पर प्लाट काट-काटकर लोगों को बेचे गए और वहीं पर गुड़गांव का निर्माण हुआ। गुड़गांव गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल रहे डा. अशोक दिवाकर ने कहा था कि उन्होंने इस नदी में 1977 में आई बाढ़ देखी थी। रेवाड़ी के एक गांव में वो बाढ़ से जुड़े राहत कार्य करने गए थे। तब पानी गुड़गांव के सेक्टर-14 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज तक घुस आया था। जानकारों का कहना है कि सिर्फ 4 दशक पहले तक जिस नदी में बाढ़ आती थी, उसका नामोनिशान अब मिट चुका है। नदी को सुखाकर उसके रास्ते में मकान और इमारतें बनाना खतरनाक है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भूगोल से पीएचडी करने वाले डा. दिवाकर कहते हैं कि नदी के मार्ग में घर बनाने के बाद अगर बाढ़ आती है तो जान-माल के नुकसान में नदियां जिम्मेदार नहीं हैं। साहिबी नदी में कभी पानी भर जाए तो वो बाढ़ रूप में विनाश करेगी।

## पाठक पाती

### लोगों में यात्रा के दौरान सतर्कता और विवेक जरूरी

रेल यात्रा परिवहन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है इससे देश का बड़ा वर्ग जुड़ा हुआ है। अपेक्षाकृत रेल यात्रा सस्ती और सुरक्षित मानी जाती है। समय और किराये की बचत इसका बड़ा फायदा है, लेकिन देखने में आ रहा है कि पटरियों पर दुर्घटनाएं आज आम बात हो गई है जो एक गंभीर समस्या हैं। मानवीय गलतियां, लापरवाही और तकनीकी खामियों की वजह से ये दुर्घटनाएं होती हैं। रेल दुर्घटनाओं में पटरियों, सिग्नल में गड़बड़ी तथा सुरक्षा उपायों की कमी बड़ी चुनौती है। हाल ही में महाराष्ट्र में रेल में आग की अफवाह से भगदड़ में 12 लोगों की मौत ने इस समस्या के एक और गंभीर पहलू को उजागर किया है। अफवाहें लोगों में जागरुकता की कमी से होती है और अचानक भगदड़ ऐसी त्रासदियों को जन्म देती हैं। इस घटना के बाद लगता है कि तकनीकी सुधारों के साथ ही यात्रियों में सामाजिक जागरुकता और आपातकालीन स्थितियों से निपटने का विवेक पैदा करने की भी जरूरत है। जरा सी हलचल को एकदम सही मानने की बजाय उसकी सच्चाई को परख कर फिर सुरक्षित कदम उठाए जाने चाहिए जिससे हादसे ने हों। दुर्घटना के समय यात्रियों को रेल में सतर्कता और स्वविवेक होना जरूरी है।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# आज सभी क्षेत्रों में बेटियां लहरा रही अपना परचम : डा. धर्म सिंह मीणा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ द्वारा नगर परिषद सभागार धौलपुर में राष्ट्रीय बालिका का दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां शक्ति स्वरुपा है। आज सभी क्षेत्रों में बेटियां अपना परचम लहरा रही है। जब हम बेटा बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे तब ही सही अर्थों में बालिका दिवस का आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी । इस दौरान उन्होंने द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित मुखबिर योजना के बारे में बताते हुए कहा की भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना देने वाले व्यक्ति को 3 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती हैं। आपको कहीं पर भी भ्रूण लिंग परीक्षण की जानकारी मिलती है तो उसे गोपनीय रूप से हमें सूचित करें बताने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवकुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में बेटियों के स्वास्थ्य संबंधी एवं राज्य सरकार द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने कहा कि बेटियों को भी बेटों के बराबर अवसर प्रदान करने बेटियां भी बेटों के समान घर परिवार का नाम रोशन करती हैं। जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी पंकज शुक्ला ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की प्रावधानों के बारे में बताया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नृत्य नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीना द्वारा स कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान कैलेंडर विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की बालिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की जल्द करें आक्षेप पूर्ति

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ऑनलाईन आवेदन पत्रों का पूर्ण निस्तारण विद्यार्थियों के स्तर पर आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर शिक्षण संस्थान को ऑनलाईन फारवर्ड करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है एवं शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतकर्ता अधिकारी तक ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गयी है।

## बालिकाओं को किया सम्मानित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत सरकार के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन पेंशन कल्याण भवन में किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख वंदना ने कहा कि आज के युग में बेटिया भी किसी से कम नहीं है। हमें बेटियों को आगे बढाने के लिए उन्हे शिक्षित करना होगा। बेटियों को समय समय पर प्रोत्साहित करना होगा जिससे ये आगे जाकर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि एक बेटी पढ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती है। अभिभावकों को अपनी बेटियों को पढने के लिए शाला के मंदिर में भेजना होगा। जिससे बालिका शिक्षित बनें। आज के युग में बेटिया शिक्षा के साथ साथ खेल क्षेत्र में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नरेन्द्र सिंह शेखावत, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जय प्रकाश, सुपरवाईजर कृष्णा आदि ने बालिकाओं, महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशासहोगनियों आदि का आभार व्यक्त किया। मंचस्थ अतिथियों ने 40 प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेम कुमारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रंगोली बनाई। कार्यक्रम में ज्ञानप्रकाश गोदारा, अंकित सैनी, भूपेन्द्र सिंह, अभिषेक चौधरी, संजु प्रजापत, संदीप भाम्बू, पूनम कँवर, मंजू, सुमन, रोशनी आदि ने भूमिका निभाई। संचालन महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर ज्योति वर्मा ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आरएसी मैदान में होगा आयोजित, जिला कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह रविवार 26 जनवरी को आरएसी मैदान में हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा प्रातः 9.15 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान, 9.25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण तथा मार्च पास्ट, 9.35 बजे राज्यपाल के सन्देश का पठन, 10 बजे पारितोषिक वितरण, 10.20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटी प्रदर्शन, 10.40 बजे झांकियों का प्रदर्शन एवं 11:15 बजे राष्ट्रगान ध्वनि के साथ समारोह का समापन होगा। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 8:45 बजे जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

### बिना प्रीमियम दिए पशुओं का 40 हजार रुपए का बीमा होगा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले के पशुपालक मंगला पशु बीमा योजना के तहत अपने पशुओं का 40 हजार रुपये तक की राशि का निशुल्क बीमा 31 जनवरी तक करवा सकते हैं। योजना के तहत गाय, भैंस व ऊँट की प्रति पशु अधिकतम 40 हजार रुपये बीमा राशि निर्धारित की गई है। वहीं भेड़ बकरियों के लिए प्रति यूनिट यानी 10 पशुओं की राशि 40 हजार रुपये तय की गई है। यह बीमा केवल एक साल के लिये वैध रहेगा। योजना के तहत पशुपालकों को कोई भी प्रीमियम राशि नहीं देनी है। पशु की मौत होने पर पशुपालक को अर्थिक संकट झेलना पड़ता है। पशु की मृत्यु पर 40 हजार रूपए तक का मुआवजा देय होगा। पशुपालक जनआधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल के साथ ई-मित्र व मोबाइल एप एमएम पीवीवाई पर खुद बीमा कर सकते हैं।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में केडेवरिक ऑथ सेरेमनी का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच के केडेवरिक ऑथ सेरेमनी का आयोजन महाविद्यालय के एनाटोमी विभाग में शुक्रवार को प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा केडेवर डोनेशन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को केडेवर की उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ. संतोष कुमार विभागाध्यक्ष एनाटोमी विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई तथा कहा कि केडेवर एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए प्रथम शिक्षक एवं ईश्वर की तरह होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आगे केडेवर पर ही शोध कर अध्ययन करते हैं। प्रधानाचार्य द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की गई कि केडेवर पर ध्यानपूर्वक डिसेक्शन का कार्य करें तथा अच्छी तरह सीख कर एक योग्य डॉक्टर बन भविष्य में देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि आमजन को बॉडी डोनेशन के लिए प्रेरित करें जिससे विद्यार्थियों को पर्याप्त मात्रा में अध्ययन हेतु केडेवर उपलब्ध हो सकें। इस मौके पर डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ. हेमलता गुप्ता, डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राधा सैनी बनीं एक दिन की जैन स्कूल की प्रिसिंपल



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चूरू के जैन स्कूल में बालिका प्रोत्साहन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधालय की व्याख्याता सपना शर्मा ने बालिका सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसी समय संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जागिङ ने विधालय की छात्रा राधा सैनी को एक दिन की प्रिसिंपल मनोनीत कर दिन भर का कार्य भार सौंपा। मनोनीत संस्था प्रधान राधा ने छात्रों व छात्राओं को एक दूसरे का सम्मान करने व अब परीक्षा में जुट जाने का संदेश दिया तथा कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा,उपप्रधानाचार्य व विजयकुमार शर्मा के साथ कक्षाओ का निरीक्षण किया, सफाई व्यवस्था देखी,सहयोगी विधार्थियों की समस्या समाधान का सत्र आयोजित किया।

### महनसरिया का जन्म दिवस मनाया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के जन्म दिवस पर गुरुवार को देर रात्रि तक अनेक स्थानों पर केक काट कर साल साफा माला मोमटो से स्वागत किया गया, वार्ड नंबर 13, में अयुब खा मलवाण, इदरीश खा मलवान, सलीम खा डीलर, लियाकत कुरैशी, युसूफ प्रधान, मनोज सैनी, वार्ड नंबर 56 में राजकुमार सारस्वत, हितेश सारस्वत, पार्षद प्रवीण वैध, पूर्व पार्षद ताराचंद बाढिया, पार्षद विजय कुमार सरस्वत, कालूराम महर्षि राजीव बहड, संदीप पाटिल, अरुण शर्मा मास्टर, राम अवतार लोहिया, रेलवे स्टेशन के सामने इदरीश खा दौलत खानी, इदु फतेह खानी, पूर्व पार्षद मनीष आबिद खा मोइल, मनीष कुमावत, मोहन ट्रेलर, जयचंद मेघवाल, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अबरार खान, सरवन बसेर, पार्षद बाबू खा मंत्री, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, सोइल डी के, महबूब कुरैशी सहित अनेक जनो ने महनसरिया का साल व साफे से स्वागत किया।

# विद्यार्थियों ने की एक्सपोजर विजिट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत सरकार के स्टार प्रोजेक्ट के तहत शिक्षा विभाग राजस्थान की ओर से जागृति आंगन कार्यक्रम के तहत चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जान्दवा में सुजानगढ़, बीदासर और रतनगढ़ ब्लॉक के कुल 60 विद्यार्थियों की एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। कार्यकन का शुभारम्भ सीबीईओ रतनगढ़ उमेश जाखड़ ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सीबीईओ रतनगढ़ उमेश जाखड ने कहा कि जागृति आंगन कार्यक्रम से तीनों ब्लॉक के विद्यार्थियों के मध्य परस्पर संवाद और नवाचारों की जानकारी से उनके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। इस अवसर पर जागृति आंगन विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सोनी बताया कि विद्यालय में जल संरक्षण के लिए नवाचार किये गये हैं तथा बुद बूंद सिंचाई से पेड़ पौधों में सिंचाई की जाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता और अकादमिक गतिविधि अनवरत गतिशील रहती है जिसके कारण विद्यालय ब्लॉक में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस अवसर पर सीबीईओ कार्यालय से महावीर सिंह सारण, नन्दलाल स्वामी, शुभकरण शर्मा व अंजु चौहान, सुजला, सरिता, राजपाल सिंह आयोजक विद्यालय का समस्त स्टाफव ग्राम जान्दवा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में नूपुर 2024-25 के दूसरे दिन का शुभारम्भ संगीत की मधुर स्वर लहरी के साथ एकल गायन प्रतियोगिता से हुआ। जिसमें छात्राओं नेहा तंवर, मानवी शर्मा, वंषिका शर्मा ने सत्यम्, षिवम्, सुन्दरम् मन बड़ा बहरूपिया........ आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में सचिव भागीरथ शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। प्राचार्य आषा कोठारी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेता प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। कार्यक्रम के अगले चरण में विचित्र वेषभूषा प्रतिभागियों में छात्राओं ने अलग-अलग रूप में अपनी अनोखी प्रस्तुतियां दिखाई। प्रतियोगिता में छात्रा ललिता प्रजापत ने प्रथम, लवली सोनी ने द्वितीय तथा नित्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लय-ताल के संगम के साथ युगल-नृत्य प्रतियोगिता हुई। वो कृष्णा है...., राधा कैसे ने जले.....,आयो रे आयो रे म्हारा ढोलना आदि गीतों पर छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुती दी। प्रतियोगिता में छात्रा माधवी शर्मा, मानवी शर्मा ने प्रथम, नेहा कुमारी, वंषिका शर्मा ने द्वितीय, पुनीता आसेरी, नन्दनी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विविध रंगों से सजी रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा जानवी रक्षक, माही वर्मा, मुस्कान क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। इसी क्रम में छात्राओं ने मेहन्दी प्रतियोगिता में अपना कला-कौषल उभारा। जिसमें छात्रा रीना ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका सहायक आचार्य कविता पंसारी, रवीन्द्र लाटा, डॉ. मन्सूर अली खान, सुषीला नाई, उमा भाटी, मुकेष बालान आदि ने निभाई।

# 25वें रजत जयंती बसंतोत्सव पर मंगल पाठ में झूमे श्रद्धालु



**चूरू।** अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार को दादी का भव्य मंगल पाठ किया गया। पाठ का वाचन अकोला की नेतल शर्मा ने किया। इस दौरान कोलकाता के बंगाली कलाकारों ने सिंदूर खेला की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उपस्थित महिला शक्ति ने अपने मस्तिष्क पर सुहाग के प्रतीक दादी का पवित्र सिंदूर लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा दी गई मां अंबे की प्रस्तुति सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। पाठ के अन्तर्गत राजस्थान के सभी देवी-देवताओं का प्रस्तुतियों के माध्यम से गुणगान किया गया। पाठ के दौरान श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गये। मंगल पाठ के बाद दादी की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# 1900 बच्चों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के बीच प्राथमिक उपचार के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आरएसी मैदान में आयोजित शिविर में पांच दर्जन से अधिक विद्यालयों के लगभग 1900 छात्रों ने भागीदारी निभाई। प्राथमिक उपचार शिविर में विषय विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा दीप वर्मा ने बताया कि सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है। यह एक इमरजेंसी जीवन रक्षक प्रक्रिया है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल रुक जाए। सीपीआर से दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि पीआर एक प्राथमिक चिकित्सा है, सीपीआर में मरीज के सीने को दबाया जाता है और मुंह से मुंह में सांस दी जाती है। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में शुरुआती 3 से 10 मिनट बहुत अहम होते हैं। अगर कार्डियक अरेस्ट की स्थिति 5 मिनट से ज्यादा समय तक बनी रहे, तो मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है। अगर कार्डियक अरेस्ट की स्थिति 8 मिनट से यादा समय तक बनी रहे, तो मौत हो सकती है। सीपीआर ट्रेनिंग लेने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से छात्रों को जानकारी उपलब्ध कराई और उन्हें प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। स्कूली छात्रों के बीच प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया जिससे छात्रों को इसके बारे में जानकारी मिल सके और वह अपने परिचितों की परवाह करें, और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक उपचार के सहायता से उनकी जान बचाई जा सके।

# विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनसाहस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मीटिंग हॉल में किया गया। कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट, विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव की अध्यक्षता में नालसा योजना 2024, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं राष्ट्रीय अभियान (बालिका दिवस) एवं महिला एवं बच्चों पर होने वाले लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के प्रकरण सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल रिट पीटिशन 1011/2022 के संबंध में समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों हेतु दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यशाला में जिला कलक्टर द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा के अधिकार तथा महिला एवं बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं के बचाव के उपाय तथा नालसा मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवा योजना 2024 के बारे में बताया गया। सुरेश प्रकाश भट्ट द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं लिए शिक्षा की महत्ता एवं आत्मरक्षा तथा पुलिस की कार्यवाही के बारे में बताया। सचिव रेखा यादव द्वारा उपस्थित लोगों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ताल्लुका विधिक सेवा समिति आदि के कार्य के बारे मे एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के प्रकरण सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल रिट पीटिशन 1011/2022 के संबंध में समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों के बारे मे तथा बालिका दिवस पर बालिकाओ के अधिकारो के बारे मे एवं महिला एवं बच्चों पर होने वाले लैंगिक हिंसा की रोकथाम के बारे मे बताया गया। जन साहस संस्था महिला और बच्चों के साथ होने वाले लैगिंक हिसा की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य करती है एवं किसी महिला या बच्चे के साथ लैगिंक हिंसा हो तो वह हैल्प लाईन नम्बर 180030002852 पर कॉल करके बता सकते है। उनहोंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य क्या होता है, मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण को कैसे पहचाना जाता है, हिंसा से मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पडता है।

# मंदिर में श्रद्धालुओं ने की महाआरती



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्रीराम मंदिर में श्रीरूकमानन्द कन्हैयालाल मंडावेवाला चेरिटेबल ट्रस्ट शिलांग की ओर से श्रीराम मन्दिर के वार्षिकोत्सव पर श्रद्धालुओं ने महाआरती कर भगवान श्रीराम को रिझाया। इस अवसर पर पं.फुसाराम व पं.मुकेश ने मंदिर के मुख्य ट्रस्टी शिलोंग निवासी जगदीश प्रसाद मंडावेवाला ने सपत्नीक को मंत्रोच्चारण से विधिवत रूप से भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करवाई। शिलोंग निवासी जगदीश प्रसाद मण्डावेवाला ने कहा कि भगवान की भक्ति करने से मनुष्य के जीवन में सफलता मिलती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान की पूजा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस दौरान विनोद कुमार व प्रमोद कुमार मंडावेवाला ने बताया कि मंदिर के 41 वें वार्षिकोत्सव पर पाटोत्सव पर श्रद्धालुओं की ओर से मंगल आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

# वार्षिकोत्सव पर दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

# प्रतिभावान विद्यार्थी एवं भामाशाह हुए सम्मानित







जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में शुक्रवार को सरकारी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। विद्यालयों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। जिला मुख्यालय के नवीन भवन विद्यालय में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव क्रिस्टल 2025 का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं यूसीईईओ भगवतसिंह देवड़ा ने वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। आईडीबीआई बैंक की ओर से उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री देवासी ने विद्यालय प्रार्थना स्थल पर इंटरलोकिंग के लिए 5 लाख एवं टॉयलेट विस्तार के लिए भी राशि देने की घोषणा की। भामाशाह जैसाराम माली, मदनसिंह राठौड़, प्रशांत सोनी, मंजीतसिंह डाबी, हरेश कुमार, विजय लक्ष्मी, निर्मला आचार्य सहित भामाशाह ने सहयोग किया। इसके विद्यालय की बेहतर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। गोपाल माली, अरुण ओझा, महेन्द्र माली, रोहितखत्री, एडवोकेट गोविन्द सैनी, मयंक मालवीय, हनुमान प्रजापत, सीबीईओ आनंदराज आर्य, पूर्व डीईओ गणपतसिंह देवड़ा, रामलाल, उपप्राचार्य ललिता खत्री, विद्यालय प्रभारी दीपक कुमार खत्री मौजूद थे। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी ड्रामा एवं दर्जन से अधिक रंगारंग प्रस्तुतिया दी। शिक्षकों ने भी सुन्दर प्रस्तुति दी। गिरीश रावल एवं मिनाक्षी गर्ग ने मंच संचालन किया।








पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाह, एलुमिनी सम्मान, खेल दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह पूर्वक मनाया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री एवं उत्सव एवं जयन्ति प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से किया गया। वंदना पर नृत्य जान्हवी और पार्टी से प्रस्तुत किया। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि बालिका शिक्षा के लिए धन की कमी केन्द्र व राज्य सरकार कभी नहीं आने देगी। पीएमश्री सभी विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 करोड का बजट दिया है। जिला कलेक्टर श्रीमती अल्पा चौधरी ने बताया कि बालिकाएं ही समाज का निर्माण करती है। महिलाओं के कारण हिन्दुस्तान द्रुतगति से विकास कर रहा है। पढ़ाई के साथ खेलकूद भी महत्वपूर्ण है। एडीजे रामदेवसिंह चांदू, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजेन्द्र कुमार पुरोहित, निदेशक महिला एवं अधिकारिता विभाग श्रीमती अंकिता राजपुरोहित, समाजसेवी हंसराज पुरोहित, हरिसिंह गहलोत, जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा गोपाल माली, महेन्द्र माली, अनिल प्रजापत, रामलाल परिहार, श्रीमती हेमलता पुरोहित, गीता पुरोहित, विधायक प्रतिनिधि प्रीति चौहान, रेखा जीनगर, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवडा का आतिथ्य रहा। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्य मों की एक से बढकर एक प्रस्तुती दी गई। उपप्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह आढ़ा, योगेन्द्र देथा, अनिता चौहान, महेन्द्र कुमार प्रजापत, लता किरण बंसल, तृप्ति डाबी, पारस कुमार राजपुरोहित, जया दवे, देवीलाल, सुमन कुमारी, कल्पना चौहान, कुसुम परमार, दिनेश कुमार सुथार, श्रद्धा सिंदल, रमेश कुमार मेघवाल, भारती सुथार, चन्द्रकान्ता चौहान, सोनल राठौड, कीर्तिकुमार सोलंकी, कामिनी रावल, पुखराज आदि मौजूद थे। मंच संचालन प्रतिभा आर्य एवं गोपालसिंह राव ने किया। उधर, विवेकानंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरकेएम में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव तरंग एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय की बेहतर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अतिथि ने भी शिक्षा विभाग पर जोर दिया। प्रधानाचार्य चन्द्रा खत्री, उप प्रधानाचार्य प्रमिला सिंघल, स्वदेशसिंह देवड़ा, सत्यप्रकाश आर्य, दिनेश कुमार व्यास, भरतसिंह देवल, सविता शर्मा, राजेश कोटवानी, छगनलाल कुम्हार, कालूराम भील, रेखा सोनी, संगीता डाबी, हरेश कुमार, पूजा जैन, सुमन नाथवत, अजयपालसिंह, शैलेन्द्रसिंह, उषा कंवर, पुष्पा मीणा रंजू चारण संतोष बालिया, सीता देवी एवं रेखा कुमारी आदि मौजूद थे। इसी क्रम में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुम्बाराम चौधरी



ने गुरूवार को रा.उ.मा.वि. सिलदर, मेरमाण्डवाडा, व सनपुर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बालकों को शिक्षा पर बल देने के साथ कडी मेहनत एवं लगन से अध्ययन करने की बात कहीं। सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हंसमुख कुमार ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।




एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के सानिध्य में राष्ट्रीय बालिका दिवस 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों के सशक्तिकरण' थीम पर मनाया गया। सीएमएचओ डॉ. खराड़ी ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'बेटियाअनमोल है' से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता रही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एसपी शर्मा, आरसीएचओ डॉ. रितेश सांखला, पीसीपीएनडीटी कोऑर्डिनेटर देव किशन छंगाणी, जिला आशा कार्य म समन्वय सीआर. लोहार, एएनएमटीसी प्रभारी श्रीमती सुनीता रानी एवं उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद बालिका दिवस के उपलक्ष में बेटी बचाओं की शपथ दिलवाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।




**जीरावल।** संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस संस्था प्रधान अर्जुन कुमार माली के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। छात्रा हेतल कंवर व पायल ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। निशा चौधरी ने स्पीच के माध्यम से नारी शक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन शिवानी सुनारिया ने किया। इस दौरानप्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड ऑटोमोबाइल व ब्यूटी एंड वैलनेस के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अजितसिंह, जगदीश कुमार, मुकेश पुरोहित, दिनेश गर्ग, अनिता, नरपतसिंह, रमेशराम, भादरनाथ, राहुल, श्रवण शर्मा, शिवानी, मुकेशदान, गणपतसिंह देवड़ा, रमेश प्रजापत, अजयराम, विष्णु दाधीच, शशिकला, छगन लाल व स्काउट गाइड सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।




इधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पाड़ीव में सरपंच देशाराम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य एवं हितेश लोहार की उपस्थित में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान श्रीमती भावना विद्यालय प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृति प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन नरेन्द्रसिंह ने किया। बालिकाओं एवं एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कोमल कंवर, संजय कुमार, महिपालसिंह, विक्रम कुमार, राहुल मिस्त्री, दुर्गासिंह, मोनिका शर्मा, प्रियंका राठौड, भामाशाह प्रताप प्रजापत, मगनलाल घांची, चेलाराम मेघवाल, अचलाराम प्रजापत, गलबाराम मेघवाल, गुलाबसिंह राव, मगनलाल प्रजापत आदि मौजूद थे।



**आबूरोड।** गांधीनगर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव वरुण त्रिवेदी एवं माधुरी त्रिवेदी का सानिध्य रहा। प्रधानाचार्य के अनुसार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा, पार्षद अर्जुनसिंह, राधेश्याम शाक्य, शमशाद अली अब्बासी, मोहनलाल बंजारा, राजा बंजारा, रमेश बंजारा, अनुराधा जैन, मुकेश मोदी, जितेंद्र परिहार समेत विद्यालय स्टॉफ मौजूद था।



**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव विधायक मोतीराम कोली के मुख्य आतिथ्य, जिला परिषद सदस्य मगनाराम कोली की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि सरपंच बबी देवी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनाराम मोबारसा, एसबीओ घनश्यामसिंह आढ़ा, पीईईओ सुमनेश कुमार विश्वकर्मा व संस्था प्रधान भगवतसिंह सोलंकी के आतिथ्य में आयोजित हुआ। बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। संचालन अध्यापक रमेश कुमार मीना व रामेश्वरलाल ने किया। मुख्य अतिथि विधायक कोली ने विद्यालय में परकोटा बनवाने की घोषणा की साथ ही आने वाले समय में विद्यालय में रंगमंच एवं बालिकाओं के भोजन के लिए कक्ष निर्माण करने का भी आश्वासन दिया। अध्यक्ष मगनराम कोली जिला परिषद सदस्य ने छत मरमत एवं फर्श मरमत कार्य को अति शीघ्र करवाने का भरोसा दिया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनाराम ओबरसा, एसबीओ घनश्यामसिंह आढ़ा, संस्था प्रधान भगवतसिंह सोलंकी ने सम्बोधित किया। इसके बाद अतिथियों ने विद्यालय की प्रतिभा, भामाशाहा, सेवाभावी बालिकाओं का सम्मान किया।



**मण्डार।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भिलड़ा में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गुदंवाड़ा सरपंच वगताराम चौधरी, विशिष्ट अतिथि करणाराम कोली, हनवंतसिंह चारण, अध्यक्षता सुरजराम चौहान, पीईईओ अशरफ खान की उपस्थिति रही। विद्यालय की बेहतर प्रतिभा एवं भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मान किया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। प्रधानाध्यापक अशरफ खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में रमेश कुमार चौधरी, मुकेश कुमार, लोकेश कुमार, रविन्द्र कुमार, कैलाश, मनीष कुमार, रमेश कुमार कोली, आनन्द, राकेश कुमार, स्वेतासिंह, डामराराम, दिपक कुमार, पायल कुमारी, ग्रामीण जन जसाराम, अमराराम, अर्जुनराम, हरसनराम, होगाराम, ओखाराम, मसराराम, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।



**कालन्द्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नून में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर शुभकामनाएं दी और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कहा कि देश का भविष्य आप जैसे होनहार विद्यार्थियों के हाथों में है। शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना ही सफलता का मूलमंत्र है। सांसद किसान केसरी लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन नई सुविधाओं से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, सिरोही प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल, तहसीलदार जगदीश कुमार, फूगनी सरपंच नैनसिंह राजपुरोहित, दुर्जनसिंह देवड़ा, गोकुलराम देवासी, मण्डल अध्यक्ष हिरेंद्रपालसिंह, मण्डल महामंत्री नाथु देवासी, प्रधानाध्यापक महेंद्रसिंह राजपुरोहित, प्रतापराम प्रजापत, नारायणलाल मेघवाल, देव कल्याण रायका, गणेश कुमार, मुकेश कुमार, शैलेश माली, दीपाली ठाकुर आदि उपस्थित रहे। इधर महावीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव निहारिका का आयोजन प्रधान हसमुख मेघवाल के मुख्य आतिथ्य, अध्यक्षता सरपंच महिपालसंह देवड़ा, विशिष्ट आतिथ्य, श्रीमति गीता देवी, गंगासिंह, पुरूषोंत्तम खंडेलवाल, मगनलाल प्रजापत एवं घनश्याम जोशी का सानिध्य रहा। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रधान ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व विद्यार्थी सम्मान में राजकीय सेवा में चयन आठ छात्राओं का सम्मान किया। संस्था प्रधान मुकेश सुथार ने विद्यालय परिणाम एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भामाशाह तेजपाल सोनी, जितेंद्र कुमार, केसराम, गटूसिंह, प्रभाराम, लीलाराम, दिलीप कश्यप सेवानिवृत शिक्षक, रवाराम राणा, संजय कुमार शर्मा, नैनू खा, केसाराम, चुनाराम, प्रतापसिंह, गलबाराम, दिलीपसिंह, रामलाल, नारायणलाल, पूनमाराम, भरत कुंडला, मोतीलाल पुरोहित, दिलीपसिंह बारड, महेंद्रसिंह सोलंकी, संदीप सूर्याल, जयंतीलाल, जोगाराम, शैलेंद्रसिंह, कमलेश कुमार मीणा, सुश्री गीता कुकरेजा, श्रीमती संतोष, अर्चना शर्मा, श्रीमती ममता शर्मा भुवनेश कुमार, जगदीश, श्रीमती भंवरी बाइ एवं शंकरलाल आदि मौजूद थे। इसी क्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हस्तिनापुर में वार्षिकोत्सव स्पार्कल 3 प्रधान हंसमुख कुमार की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि सरपंच महिपालसिंह देवड़ा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता देवी, विधायक प्रतिनिधि मगनलाल प्रजापत, प्रवीण कुमार घांची, दिलीपसिंह देवड़ा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, शिवराम माली,मोतीलाल आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान राजकुमार, भावेश राजपुरोहित, भरत कुमार सगरवंशी, प्रवीण कुमार छीपा, सवाराम कुमावत, हिमांशु आशिया, पोसाराम, जितेंद्र कुमार, विजय कुमार, गायत्री कंवर एवं भावना कुमारी मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री देवासी करेंगे ध्वजारोहण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गणतंत्र दिवस पर रविवार को जिलास्तरीय समारोह अरविंद पवेलियन में आयोजित किया जाएगा। ध्वजारोहण सवेरे 9.05 बजे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओटाराम देवासी करेंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शनिवार शाम को सर केएम विद्यालय के प्रांगण में होगा।

## माधव विवि में हर्षोल्लास से मनेगा गणतंत्र दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने की। जिसमें गणतंत्र दिवस के विभिन्न कार्य मों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह ने बताया कि इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर भव्य ध्वजारोहण और परेड का आयोजन किया जाएगा। डॉ अभिषेक सांचौरा, डॉ विष्णु चौधरी, डॉ भरत चौधरी, डॉ चिंतन पटेल, डॉ. संदीप गहलोत, डॉ ममता बेन सोनी, डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा, डॉ. प्रतीक्षासिंह, डॉ. सुशील भार्गव, डॉ. अफजल अली, शशि गुर्जर, धरती शिवानी, नारायण सोलंकी, पवन फौजदार, विक्रम सुथार व जतिंदर सिंह मौजूद रहे।

## भामाशाह ने स्कूल में भेंट की कुर्सियां



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुलिवा में श्रीकांत चुलेट की प्रेरणा से भामाशाह दिनेश भाई पुत्र करमीरात कोली ने आठ कुर्सियां भेंट की। प्रधानाध्यापक लवजीराम ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा निरंतर भामाशाहों से संपर्क कर छात्र छात्रों एवं विद्यालय के लिए भौतिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। शिक्षक श्रीकांत चूलेट एवं विद्यालय परिवार के प्रयास से विद्यालय में नामांकन वृद्धि हो रही हैं। मासूंगराम, चमनाराम, मुकेश, लक्ष्मण आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क का किया लोकार्पण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मावल ग्राम पंचायत में जिला परिषद मद से राप्रावि से वीर बाबा मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य कराया गया। जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल खरे ने निरीक्षण व लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य का स्वागत किया। सीसी रोड शमशान घाट जाने वाला मार्ग है। लंबे समय से ग्राम वासियों की मांग थी। जिला परिषद सदस्य ने जिसे पूरा करवाया। सरपंच सुमन मीणा, उप सरपंच छगन कीर, समाजसेवी प्रवीण मीणा, पिंटू भाई, वार्ड पंच लक्ष्मण देवासी, मुकेश गिरी आदि उपस्थित थे।

# शहीद रामसिंह शेखावत की शहादन पर हमें गर्व : डॉ.छोटेलाल

## शहीद के शहादत दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर एवं शहीद वीरांगना सहित पूर्व सैनिकों का सम्मान

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे के शहीद रामसिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा में कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत के 25वें शहादत दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बामलास धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं शहीद वीरांगना राज कंवर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह नरुका द्वारा की गई। ब्लड शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्ष्मणदास महाराज ने फीता काटकर किया। महाराज ने उपस्थित युवाओं को साधुवाद दिया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की परेड टुकड़ियों ने शहीद को सलामी दी। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वागत भाषण विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रामनिवास जाखड़ द्वारा दिया गया। विद्यालय की छात्रा मोनू कंवर ने शहीद के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों एवं मेडिकल टीम ने रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह के आयोजक समाजसेवी राजेंद्र दोराता का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। राजेंद्र सिंह दोराता पिछले 20 दिनों से स्वयं के खर्चे से इस कार्यक्रम की रूपरेखा में लगे हुए थे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहीद वीरांगना राज कंवर का माल्यार्पण कर शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों एवं ग्राम पंचायत चंवरा के सेना एवं अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत पूर्व सैनिकों का स्वागत राजेंद्र दोराता द्वारा राजस्थानी परंपरा की शान पगड़ी एवं फूलमाला द्वारा किया गया। शहीद परिवार ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने शहीद और शहीद वीरांगना को नमन करते हुए कहा कारगिल के युद्ध के दौरान मां भारती की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद रामसिंह शेखावत की शहादत पर हमें गर्व है। धन्य है वो माता-पिता जिन्होंने ऐसे लाल को जन्म दिया। झुंझुनूं सैनिकों का जिला है। सबसे ज्यादा शहीद झुंझुनूं जिले से हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन आधार कार्ड से 25 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज किया जाता है। इसलिए ग्रामीण लोग इस योजना का अधिक से अधिक फायदा उठाएं। जो लोग इस योजना में नहीं जुड़े हुए हैं वो 850 रुपए जमा करवा कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को अवगत करवाते हुए कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विद्यार्थियों का जटिल से जटिल बीमारी का निशुल्क इलाज किया जाता है। यदि ऐसा कोई विद्यार्थी हो तो आप हमें सूचित करें हमारी टीम विद्यालय में पहुंच जाएगी और छात्र-छात्रा का निशुल्क इलाज किया जाएगा। रक्तदान शिविर में 103 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। राजेंद्र डोरता ने ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं का आभार जताया। बीडीके अस्पताल की ब्लड संग्रहण टीम में डॉ. जावेद अहमद, अश्विनी कुमार जांगिड़, सरिता कुमारी, नवीन कुमार, अनुपमा, संदीप चाहर, नरेश, विनोद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक भवानी सिंह शेखावत द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजक राजेंद्र दोराता द्वारा ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंचासीन अतिथियों में सरपंच धर्मराज सैनी, हमीरसिंह शेखावत, मातादीन सिंह, किशन सिंह, गोवर्धन सिंह, महावीर सिंह, वरिष्ठ अध्यापक रामनिवास जाखड़, राजेंद्र दोराता, रविंद्र बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार शर्मा, महेश कड़वासरा आदि रहे। कार्यक्रम के दौरान सज्जन पारीक, प्रताप सिंह शेखावत, रामकरण रावत, हवलदार रुड़ाराम महारानियां, अमर शर्मा, प्रहलाद दोराता, महावीर दोराता, बालूराम रावत, महावीर रावत, रामपाल रावत, पाबूदान सिंह, हेमराज दोराता, श्रीराम दोराता, घासीराम रावत, नंदलाल चोपड़ा, बजरंग पहलवान, जयसिंह मांठ, मनदीप बराला, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व महिला तथा पुरुष उपस्थित रहे।

**पूर्व सैनिकों ने चंवरा पीएचसी में डॉक्टर लगाने की मांग सीएमएचओ से की :** सैनिक सम्मान समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों ने बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को चंवरा के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से डॉक्टर के रिक्त पद को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि चंवरा पीएचसी के नीचे ककराना, दीपपुरा, गढला, मैनपुरा, नेवरी आदि ग्राम पंचायत आते हैं। यह अस्पताल मात्र कंपाउंडरों के भरोसे चल रहा है। यहां डॉक्टर नहीं होने की वजह से मरीज को इलाज के गुढा जाना पड़ता है। जिससे भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन पर गौर करते हुए सीएमएचओ गुर्जर ने कहा कि 15 दिन में चंवरा पीएचसी पर डॉक्टर लगा दिया जाएगा।

# एनएमटी कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित, पुरस्कार वितरित किए



**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शिक्षक नेता राजकुमार मूंड थे तथा मुख्य अतिथि भामाशाह सेठ विश्वनाथ टीबड़ेवाला थे। कार्यक्रम के दौरान अकादमिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाली लगभग 150 छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की वर्षपर्यंत गतिविधियों एवं उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि राजकुमार मूंड ने छात्राओं को अनुशासन, कड़ी मेहनत तथा हौंसले से आगे बढ़ने की सलाह दी। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया। भामाशाह सेठ विश्वनाथ टीबड़ेवाला ने प्राचार्य के गरीब छात्राओं की मदद करने के आग्रह को स्वीकार करते हुए नगद 20 हजार रुपए की राशि इस निमित प्रदान की एवं जरूरतमंद छात्राओं के लिए ऊनी कंबल देने की भी घोषणा की। इस दौरान संकाय सदस्य किशोर कुमार को महाविद्यालय में वाटर प्यूरीफायर लगवाने तथा डॉ. अनिता जैफ को वाटर कूलर लगवाने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सिद्धि जोशी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा किशोर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अभिलाषा आबूसरिया व डॉ. प्रीतम सिंह ने किया।

# 25 लाख की लागत से बनने वाले अन्न भंडारण गोदाम का शिलान्यास

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**नवलगढ़।** डूंडलोद में विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट भैरूसिंह शेखावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुकुंदगढ़ चेयरमैन मनीष चौधरी, डूंडलोद चेयरमैन हरफूलसिंह पूनियां, ठाकुर रघुवेंद्रसिंह डूंडलोद, झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक संदीप शर्मा, पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। सहकारिता परिवार ने पुष्प माला व साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में अन्न भंडारण योजनान्तर्गत निर्मित गोदाम का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ विधानसभा का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। नवलगढ के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस अन्न भंडारण गोदाम का निर्माण लगभग 25 लाख रुपए की लागत से होगा। जिसका शिलान्यास हो चुका और ये जल्दी ही निर्मित होगा और किसानों के काम आएगा। इस दौरान पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी, पूर्व ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष बीरबल सिंह ढाका, सुरेश नूआंवाला, मदन स्वामी, सीताराम सैनी, जगदीशप्रसाद, महेश भादूपोता सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरस्वती स्कूल में स्पोर्ट्स मीट 'दंगल-2025' का शुभारंभ

**नवलगढ़।** बलवंतपुरा स्थित सरस्वती स्कूल में शुक्रवार को एनुअल स्पोर्ट्स मीट दंगल-2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा, प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच, अंग्रेजी माध्यम के प्रधानााचार्य ब्रवीम राय, प्रशासनिक अधिकारी नवीन राज गोदारा, कीर्तिमान गोदारा तथा संदीप लुणायच द्वारा गुब्बारे उड़ाकर सद्भावना व खेल भावना के संदेश के साथ किया। यह खेलकूद कार्यक्रम चार दिन तक चलेगा। जिसमें 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, रिले रैस, लॉन्ग जम्प, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी, सतौलिया, मारदड़ी व अन्य खेल विद्यार्थियों के मध्य खेले जाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर कक्षा 11 विज्ञान बी छात्राओं व कक्षा 11 गणित बी की छात्राओं के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें कक्षा 11 विज्ञान बी की छात्राएं विजेता रही। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 73 विद्यार्थी नेशनल लेवल तक खेल चुके। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 11 तक का प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम दो प्रकार के खेलों में आवश्यक रूप से भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 2700 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि इस खेलकूद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हर विद्यार्थी एक इनडोर व एक आउटडोर खेल से जुड़ें। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने बताया कि खेल विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रविम रॉय न बताया कि खेल विद्यार्थी के व्यक्तित्व को मजबूत बनाने व सर्वांगिण विकास के लिए आवश्यक है।

# स्वेटर, जूते, जुराब, पाठ्य सामग्री पाकर खुश हुए विद्यार्थी

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभ खेतान परिवार झुंझुनूं के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पांच सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण का शुभारंभ गत दिवस गुरुवार को किया गया था। इसी क्रम में द्वितीय दिवस सेवा कार्यों की श्रृंखला में शुक्रवार को वार्ड नंबर 16 मंड्रेला रोड स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर के समीप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को उपरोक्त सामग्री वितरण की। कक्षा एक से पांच तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को जब स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया तो बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुमन कुमारी, अध्यापक सुरेंद्र कुमार, बसेसर सिंह, मोनिका एवं किरण का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने दुपट्टा ओढ़ाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। ट्रस्ट, खेतान परिवार एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। स्कूल की ओर से सुरेंद्र कुमार ने स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक संस्था का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में विभिन्न दानदाताओ के सहयोग से सामाजिक सरोकारों में विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

# श्री गोपाल गौशाला में खंडेलिया परिवार विभिन्न कार्यों के लिए दी स्वीकृति



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी मंजू सुरेश खंडेलिया, भीलवाड़ा प्रवासी ज्योति दिनेश बागड़ोदिया एवं रूपा योगेंद्र बसावतिया ने शुक्रवार श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं सपरिवार आकर अपने हाथों से गौ माता को गुड़, गेंहू के आटे से बनी रोटियां एवं हरा चारा इत्यादि सामग्री खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, मातादीन टीबड़ा एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे। जिन्होंने प्रवासी गौ भक्त परिवारों का दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया। प्रवासी गौ भक्त परिवारों ने गौशाला परिसर का अवलोकन कर हॉस्पिटल सहित अन्य स्थानों एवं व्यवस्थाओं को देखकर प्रबंध समिति की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि श्री गोपाल गौशाला में वास्तव में गौ माता की सेवा हो रही है। उन्होंने कहा कि वह हर जगह प्राय कर गौशालाओं में जाते हैं। परंतु झुंझुनूं की गौशाला देखकर अभिभत हो गए हैं। उन्होंने गौशाला में बायोगैस प्लांट लगाने की अपनी ओर से स्वीकृति प्रदान की। जिस पर गौशाला पदाधिकारीयों ने उनका आभार प्रकट किया। सुरेश खंडेलिया ने सहपत्नी मंजू खंडेलिया के साथ पृथक पृथक रूप से पंडित महावीर प्रसाद शर्मा के आचार्यत्व में विधि-विधान के साथ पूजा करवा कर के दो गिर गायों का गोदान किया। गौशाला की व्यवस्थाओं से खुश होकर उन्होंने प्रबंधन समिति से गौशाला में गौ सेवा में अपनी ओर से कुछ सहयोग करने की इच्छा प्रकट की। जिस पर उन्हें बताया गया कि गौशाला में बायोगैस प्लांट एवं गौवंश के लिए पानी की वर्तमान व्यवस्था से कुछ अतिरिक्त सुविधा हो जाए तो अच्छा रहेगा। इस पर गौ भक्त दानदाता सुरेश खंडेलिया ने सहर्ष एवं सहज भाव से बायोगैस प्लांट लगाने एवं खंडेलिया कुआं पर बोरिंग करवा कर पाइपलाइन से गौशाला को पानी उपलब्ध करवाने की स्वीकृति दी। जिसके लिए गौशाला प्रबंध कमेटी ने उनका आभार जताया।

# रोजगार अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं।** शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने जिला संयुक्त सचिव योगेश कटारिया के नेतृत्व मे क्षेत्रीय उप रोजगार अधिकारी झुंझुनूं को ज्ञापन दिया। नगर महासचिव सोहेल बहलिवान ने बताया कि राजस्थान सरकार बेरोजगार युवाओं को शर्तों के आधार पर बेरोजगारी भत्ता जारी कर रहा है। जिसको स्वीकार नहीं किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते के अंदर युवाओं से चार घंटे की अनिवार्य इंटर्नशिप को समाप्त कर बिना शर्त बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान ने बताया कि बताया कि बेरोजगारी भत्ते में दो लाख रूपए की सालाना को बढ़ाया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिल सके। सरकार द्वारा युवाओं की वाजिब मांगों को नहीं माना जाता है तो भारत की जनवादी नौजवान सभा आगामी दिनों में झुंझुनूं जिले के युवाओं को लामबंद कर बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील अध्यक्ष अजहरुद्दीन गहलोत, अनीश धायल, महिपाल पूनियां, उस्मान मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## साइबर शील्ड अभियान के तहत गुमशुदा मोबाइल पाकर चेहरे खिले



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** पुलिस द्वारा आमजन के हित में चलाए जा रहे अभियान साइबर शील्ड के तहत आज कुचामन पुलिस ने एक दिन में 18 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस लौटाए। अजमेर रेंज महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में यह सफलता मिली। शुक्रवार को एएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी नेमीचंद खारिया, डिप्टी एसपी अरविंद बिश्नोई और सीआई सतपाल की मौजूदगी में मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे गए। एएसपी ने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर घबराएं नहीं। तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाएं और सीईआईआर पोर्टल पर फोन का आईएमईआई नंबर दर्ज कर मोबाइल ब्लॉक करवाएं। इससे पुलिस को फोन ट्रैक करने में मदद मिलेगी।

## बाबूलाल कुमावत बने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**कुचामन सिटी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवनिर्वाचित शहर मंडल व ग्रामीण मंडल की सूची जारी की गई जिसमें कुचामन शहर से बाबूलाल कुमावत को कुचामन शहर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाया गया ज्ञात हो बाबूलाल कुमावत भारतीय जनता पार्टी के लिए निरंतर कार्य करके अपनी सेवाएं दे रहे हैं शहर मंडल निरंतर पार्टी के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों के अलावा शहर के सामाजिक संगठनों ने बाबूलाल कुमावत को बधाइयां दी वह माला वह साफा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया।

## स्वामी कुशल गिरी महाराज का शाकंभरी गौशाला में स्वागत



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय नागौर के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज का कुचामन में भव्य स्वागत किया गया। महाकुंभ मेले में प्रस्थान से पूर्व श्री शाकंभरी गोशाला के तत्वाधान में मेगा हाइवे पर गो भक्तों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान गो भक्तों ने स्वामी को माला पहनाई और भगवा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वामी ने गो सेवक रवि भार्गव को विशेष सम्मान देते हुए चांदी की तस्वीर भेंट की और गोसेवा के लिए निरंतर कार्यरत रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को गोसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मोनी बाबा, नरेंद्र सिंह, राहुल जैन जिलिया, महेंद्र ग्वाला, रूप सिंह राजपुरोहित, अशोक, प्रवीण दाधीच, सत्यवान भार्गव, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। चैनसुख गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, महेंद्र सिंह, मनोज रांकावत, शक्ति सिंह, मांगीलाल कुमावत और चंद्र प्रकाश कुमावत सहित बड़ी संख्या में गौभक्तों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## श्री श्याम मंदिर से 60वीं विशाल निशान पदयात्रा एक मार्च को

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** हर साल की तरह इस बार भी श्री श्याम मंदिर से फाल्गुन मेला 2025 पर 60वीं विशाल निशान पदयात्रा एवं अखंड ज्योत 28 फरवरी को रात्रि जागरण करके एक मार्च को सुबह 10 बजे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अखंड ज्योत साथ लेकर खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 28 फरवरी की रात्रि को श्री श्याम मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग की झांकी, पुष्प वर्षा, इत्र छिड़काव एवं भजन संध्या स्थानीय भजन कलाकार सज्जन दाधीच एवं मनीष भाटी के सानिध्य में होगी। पदयात्रा एक मार्च बड़ागांव, दो मार्च गुढ़ागौड़जी, तीन मार्च उदयपुरवाटी, चार मार्च खंडेला एवं पांच मार्च मंढा में रात्रि विश्राम करते हुए छह मार्च को नाचते-गाते बाबा के चरणों में खाटूश्यामजी निशान अर्पित करेंगे। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन मेला 2025 में हर वर्ष की भांति श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 वर्ष से संचालित दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली, वडा, डोसा व नारियल पानी आदि का विशाल भंडारा आठ, नौ एवं 10 मार्च को खाटू स्थित झुंझुनूं धाम धर्मशाला में लगाया जाएगा। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि पदयात्रा मे जाने वाले पदयात्री निशान के लिए नवीन मोदी से संपर्क करे। वहीं 10 मार्च को झुंझुनूं धाम धर्मशाला मे भजनों का कार्यक्रम किया जाएगा।

## जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों की जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन का आयोजन परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इसमें जिले के व्यवसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों से सेक्टरवार विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले कुल 29 विद्यार्थियों को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुईया के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सहायक परियोजना समन्वय समग्र शिक्षा कमलेश तेतरवाल, विशिष्ट अतिथि एपीसी राजबाला खीचड़, कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र यादव रहे। अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय की उप प्रधानाचार्य कमला ने की। निर्णायक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मील, महेश कुमार, रामनिवास महलावत, सुधेश कुमार, जमना झाझड़िया थे। जावेद खान टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी, परी कुमारी ब्यूटी वैलनेस, जियांशी होम फर्निशिंग, भारती एग्रीकल्चर, दीक्षा चाहर आईटी, मोनिका इलेक्ट्रॉनिक्स, स्नेहा खान हेल्थ एंड केयर, कोमल बैंकिंग, अजय कंस्ट्रक्शन, विवेक टेलीकॉम में प्रथम स्थान पर रहे।

कुम्भलगढ़ अभयारण्य में जलपक्षियों की गणना

# पंछियों की गिनती में मिलीं 30 प्रजातियां, मगरमच्छ भी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** कुम्भलगढ़ अभयारण्य में मध्य शीतकालीन जलपक्षी जनगणना 2025 के तहत सादड़ी और देसूरी रेंज के पांच प्राकृतिक जलस्रोतों पर विशेष गणना अभियान चलाया गया। इस दौरान नलवानिया बांध, राणकपुर/सादड़ी बांध, लाटाड़ा, छोड़ा और सेली की नाल बांध पर 48 घंटों में की गई गणना में पक्षी विशेषज्ञों की टीम ने पाया कि इन जलस्रोतों पर 266 ग्रेट व लिटिल कोरमोरेंट, 61 लिटिल इग्रेट, 51 स्पॉट बिल डक, 62 कॉमन कूट और 41 बरहेडेड गूज सहित कई दुर्लभ प्रजातियां मौजूद हैं। विशेष रूप से, इस बार पर्पल हेरॉन, ग्लॉसी



आइबिस, ब्राह्मणी डक और किंगफिशर जैसी प्रजातियां भी देखी गईं। अभयारण्य के सहायक वनसंरक्षक प्रमोदसिंह नरुका के अनुसार, कुछ जलस्रोतों में पानी की अधिकता के कारण प्रवासी पक्षियों की संख्या फिलहाल आंशिक रूप से कम दिखी है। उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए बांधों से पानी की निकासी के बाद इन पक्षियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। गणना के दौरान एक रोचक तथ्य यह भी सामने आया कि बांधों की चट्टानों पर मगरमच्छ भी धूप का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। यह गणना वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में की गई, जिसमें सहायक वनपाल, वनरक्षक और इको गाइड की टीम शामिल थी। विभाग के अनुसार, 28 फरवरी तक सामाजिक वानिकी विभाग में भी यह गणना जारी रहेगी। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष पक्षियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में अधिक दर्ज की गई है।

# खेत में मिला युवक का शव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में एक 20 साल के युवक की खेत में बॉडी मिली। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने हत्या की आशंका जताई। एमओबी, एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। फालना थानाप्रभारी विक्रमसिंह सांदू ने बताया कि फालना थाना क्षेत्र के खीमेल के निकट एक खेत में शुक्रवार को रानी गांव निवासी 20 साल के जगदीश साटिया की बॉडी मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गला घोंटकर युवक की हत्या की गई। युवक खेत की रखवाली करने का काम करता था।
जिस खेत की रखवाली करता था उसके पड़ोस के खेत में उसकी बॉडी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर बाली सीओ राजेश यादव, रानी एसएचओ पन्नालाल भी मय पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचे। विस्तृत जांच के लिए मौके पर एमओबी, एफएसएल को भी बुलाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। जिन्हें पुलिस ने घटना स्थल से दूर रखा।

आशापुरा माताजी ट्रस्ट

# 1081वीं जयंती समारोह धूमधाम से 31 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नाडोल।** श्री अन्नत आद्यशक्ति राजराजेश्वरी आशापुरा माताजी ट्रस्ट, पाट स्थान, नाडोल का वार्षिक पाटोत्सव एवं महाराव लाखणसी चौहान की 1081वीं जयंती समारोह धूमधाम से आगामी 31 जनवरी को मनाया जाएगा, जिसमें संत सानिध्य परम पूज्य गंगानाथ महाराज, गादीपति भेरूनाथ का अखाडा सरे मंदिर जालोर, नृत्यगोपाल महाराज गादीपति गढ़ सिवाना, तपोनिधी कृष्णभक्त दाता महेंद्र सिंह राणावत, गुडा मांगलियान, सम्मानित अतिथिगण राजेंद्र सिंह राठौड, पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत, पूर्व मंत्री एवं विधायक बाली, पंकज कुमार सिंह रेल मंडल प्रबंधक, जोधपुर महाराज, देवत सिंह सिरोही रहेगें। इससे पूर्व 30 जनवरी को विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्य कलाकार श्रवण गिरी नागौरी एवं पार्टी रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्टी एवं मेला आयोजन कमेटी प्रभारी एडवोकेट शैलेंद्र सिंह चौहान श्री सेला ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष करण सिंह उचियारडा के सानिध्य में सभी ट्रस्टी, स्टाफ युद्धस्तर पर तैयारी में तत्परता से जुटे हुए हैं, जिसमें चेनसिंह कोट किशनपुरा, कोषाध्यक्ष भगवत सिंह गुडला, ग्यावत पीथाराम नाडोल, रंगराज नाडोल व लाल सिंह शक्तावत, योगेंद्र सिंह बासनी, प्रहलाद सिंह, परबत सिंह सहित शामिल है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में सांडेराव के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में शुक्रवार को स्कूली बच्चों ने सामूहिक व्यायाम का पूर्व अभ्यास किया। प्रधानाचार्य कपूरचंद ने बताया कि यह अभ्यास आगामी 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए किया गया है। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ अभ्यास किया और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बच्चों की हौसला अफजाई की और कहा कि इस तरह के अभ्यास से बच्चों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। गणतंत्र दिवस पर इन बच्चों द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन की सभी को प्रतीक्षा है।

■ स्कूली बच्चों ने किया पूर्वाभ्यास

इस दौरान सांडेराव गांव की समस्त विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बालक-बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया है।

श्री वावडी वाला पूरब जी महाराज

# 10वां भव्य दो दिवसीय महोत्सव 27 से

## ▶▶ भजन संध्या के साथ कई धार्मिक आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज परिवार देसूरी के सानिध्य में वावडी वाला पूरबजी महाराज की छत्तरी प्रतिष्ठा के दसवीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 27 व 28 जनवरी को होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों पर चल रही है। श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज के मीडिया प्रभारी एवं अखिल भारत हिंदू युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महावीर मेवाड़ा सांडेराव, कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल, बाबूलाल, खुमाराम, नेमीचंद, मुलचंद, सुरेश मेवाड़ा देसूरी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि देसूरी में वावड़ी वाला पूरबजी महाराज की छत्तरी प्रतिष्ठा महोत्सव की दसवीं वर्षगांठ पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव के तहत 27 जनवरी सोमवार की रात एक शाम पूरबजी के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के ख्याति प्राप्त



भजन कलाकारों के साथ मारवाड़ी के साथ कॉमेडी कलाकारों व भजन पार्टीयों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतीयां दी जाएगी। 28 जनवरी मंगलवार सुबह देसूरी गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए एक विशाल वरघोड़े के रूप में सभी समाजबंधु पूरबजी स्थान पहुंचेगे, जहां अतिथियों के साथ भामाशाह परिवार का स्वागत व बहुमान के बाद श्रीमती मोहनीबाई, स्वः धनराज मेवाड़ा, गीताबाई मुकेश मेवाड़ा, परिवार द्वारा आयोजित महाप्रसादी का लाभ लेंगे। समाज के प्रचारक नटवर मेवाड़ा ने बताया कि इस दो दिवसीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देसूरी सरपंच संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर मेवाड़ा घाणेराव, ललिता राजेश मेवाड़ा घाणेराव, देसूरी सरपंच सहित समाज की कई नामचिन्ह हस्तियां मौजूद रहेगी। धार्मिक आयोजन में समाज के भामाशाहों की ओर से विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। समारोह को लेकर कार्यक्रम संयोजक के साथ रमेश मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा, आनंद मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा, चुनीलाल मेवाड़ा उमरवास, मांगीलाल मेवाड़ा, बाबुलाल तलाईच धनराज, सोहनलाल, गणपत मेवाड़ा, किरण मेवाड़ा, राजेश, मुकेश, संजय, प्रकाश के साथ युवा व समाज बंधु तैयारियों में जुटे हुए है। वहीं इस आयोजन में अधिक से अधिक समाज बंधुओं की उपस्थिती को लेकर कार्यक्रम संयोजक के साथ समाज के युवा मारवाड़-गोडवाड़ सहित मेवाड़ क्षेत्र में समाज बंधुओं के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रिका के साथ पिले चावल देकर समारोह में आने का न्यौता दे रहे हैं।

# बलवना स्कूल में 125 विद्यार्थियों को जूते बांटे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलवना में शुक्रवार को भामाशाह विनायक सेवा संस्थान सुमेरपुर के संस्थापक पुष्पकांत मेवाड़ा द्वारा विद्यालय के 125 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। कार्यवाहक संस्था प्रधान प्रेम सिंह राणावत ने बताया कि संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह का बहुमान किया गया तथा आभार प्रकट किया गया। भामाशाह मेवाड़ा ने कहा कि जब भी विद्यालय को आवश्यकता होगी मैं सदैव मदद को तैयार रहूंगा। ग्रीन और फार्मास्यूटिकल कंपनी की डा. विपुल निकुम द्वारा छात्र-छात्राओं को पशुपालन एम मौसमी बीमारियों के रखरखाव वी एवं पोषण संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर विनायक सेवा संस्था परिवार से सुरेंद्र तुशावरा, कांग्रेस ब्लॉक सचिव जसवंत भारद्वाज, विपुल कुमार,



भगवत सिंह देवड़ा, उमा देवी, दिलीप सिंह देवड़ा, गणपतलाल बारूपाल, देवी सिंह गुर्जर, नरेंद्र कुमार राणा, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, नवीन ओझा, अंजना चौधरी, मोहनलाल मालवीय, मणि प्रकाश राव, फिरोज खान आदि उपस्थित थे।

# मकान के शौचालय में घुसी भारतीय बिलाव

## रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ा

**बाली।** सादड़ी कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के इको सेंसेटिव जोन में जाटों की डोरण क्षेत्र में स्थित एक खेत पर बने मकान के शौचालय में भारतीय बिलाव (इंडियन सिवेट कैट) घुस गई। जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। खेत मालिक शंकरलाल और जगदीश की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सहायक वन संरक्षक प्रमोद सिंह नरुका के निर्देशन में सहायक वनपाल ईश्वर सिंह चौहान और टाइगर रेस्क्यू टीम ने कार्रवाई की। रेस्क्यू टीम में रफीक पठान, अशोक देवड़ा, जगदीश कुमार, अज्जू दमामी, मयंक और शाहनवाज शामिल थे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बिलाव को सुरक्षित पकड़ा और प्लास्टिक के बैग में रखकर जंगल में ले गई। जंगल में छोड़ते ही बिलाव तेजी से झाड़ियों की ओर भाग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस जानवर को गोरखोदा या बिज्जू के नाम से जाना जाता है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुंभलगढ़ अभयारण्य का यह क्षेत्र इको सेंसेटिव ज़ोन में आता है, जहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीव पाए जाते हैं। भारतीय बिलाव एक मांसाहारी प्रजाति है, जो आमतौर पर जंगल में रहती है, लेकिन कभी-कभी मानव बस्तियों के पास भी आ जाती है।



बाली तहसील में जमीन विवाद

# धोखाधड़ी और फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र का मामला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली तहसील के वेलार गांव में एक जमीन विवाद सामने आया है, जिसमें धोखाधड़ी और फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र का मामला शामिल है। शिकायतकर्ता मांगीलाल धीरजमल रावल और महेश भाई ऊर्फ फाऊलाल धीरूभाई रावल ने आरोप लगाया है कि उनके भाइयों प्रकाशचंद्र, हिम्मतराम और भवरलाल ने उनके पिता का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर उनके हिस्से की जमीन बेच दी। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके पिता धीरजलाल मकनाजी रावल का देहांत आठ अप्रैल 2003 को हुआ था, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र नवसारी नगरपालिका में दर्ज है। लेकिन उनके भाइयों ने उनका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके भाइयों ने धोखाधड़ी और फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र का उपयोग करके उनके हिस्से की जमीन बेच दी। उन्होंने बताया कि उनके भाइयों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी का भी उपयोग किया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु के बाद, उनके भाइयों ने उनके हिस्से की जमीन को बेचने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र का उपयोग किया। उन्होंने बताया कि उनके भाइयों ने दिनांक 30 जून 2024 को सब रजिस्टार ऑफिस नाना में बेचान रजिस्ट्री नंबर-202403478100347 से उपरोक्त भूमि की रजिस्ट्री करवा दी। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया

# भामाशाहों का किया सम्मान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी के शोभावास गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव उमंग और भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि देसूरी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता रतन जणवा, एसीबीईओ मंगलाराम नायक और पीईईओ तुलसाराम बागरेचा विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालचंद मीणा और स्टाफ ने अतिथियों का विशेष सम्मान किया।
कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत, राजस्थानी लोक संगीत और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने भरपूर तालियों से सराहा। इस अवसर पर विद्यालय को शिक्षण सामग्री और आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों का भी विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मोहनलाल बलाई ने अपने संबोधन में शिक्षा




के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का अहम हिस्सा है, जो बच्चों को ज्ञान और कौशल प्रदान कर बेहतर नागरिक बनने में मदद करती है। उन्होंने छात्रों से शिक्षकों का सम्मान करने और शिक्षा को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। इस दौरान सोनाणा प्रधानाचार्य मूलचंद मालवीय, आना बालिका स्कूल प्रधानाचार्य चंपालाल सुथार, मोहनलाल चौहान व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालचंद मीणा, दीपाराम कुमावत, मालमसिंह, विकास कुमार, टीना गोजा, रिंकू कुमारी, व्याख्याता अर्जुनसिंह, विजेंद्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष हरिराम सोलंकी, शिक्षक संघ अध्यक्ष विक्रम मीणा, आरपी रघुवीर सिंह समेत ग्रामीण व छात्र मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धन्नाराम सोलंकी, मुख्य अतिथि प्रकाश सुथार एवं अध्यक्षता पीईईओ कपूरचंद, सरपंच दाकुदेवी उपस्थित रहे।
अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष द्विप प्रज्वलित कर पुष्पहार पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने नृत्य के साथ सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। संस्था प्रधान कपूरचंद सहित स्टाफ ने मेहमानों का भारतीय संस्कृति अनुसार स्वागत किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी भामाशाहों का साफा और माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम



में विद्यालय में प्रतिशत उपस्थिति, पढ़ाई में अव्वल रहे विद्यार्थीयों, खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों सहित विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बालक-बालिकाओं के साथ स्टाफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा प्रद एक से बढ़कर एक बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था प्रधान कपूरचंद ने विद्यालय की उपलब्धियां सहित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम सिंह चंपावत ने किया। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्रसिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि व भामाशाहों ने भी संबोधित किया।

■ उत्कृष्ट कामों के लिए विधार्थियों का सम्मान

उन्होंने विद्यार्थीयों का उत्साह वर्धन कर लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव रखकर उसे हासिल करने की सीख दी। इस दौरान उपप्रधानाचार्य रुपाराम पारंगी, हरिराम माली, दिनेश सिंह, कपूराराम, चमन यादव, निलम, महेंद्र कुमार, प्रकाश खटीक, मनोहरलाल, मन्नाराम, महावीर मेवाडा, ओटाराम लुहार सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एक दिन की प्रधानाचार्या बनीं ट्विंकल परमार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** आदर्श कॉलोनी स्थित मयूर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान निर्मला धवंर ने बताया कि बालिका ट्विंकल परमार को एक दिन की प्रधानाचार्या बनाया गया। उन्होंने बताया कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। सभी विद्यार्थियों को बालिका दिवस का महत्व बताते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कन्या भ्रूण हत्या सहित फैली कुरीतिया मिटाने को कहा। इस मौके पर किशन शर्मा, चंद्रलता वैष्णव, शीना गोस्वामी, रूचिका गहलोत, मितुल राजपुत, विनल सेन, अंजली, नीतू सुथार, रेनू आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।



# स्थाईकरण एवं नियमित वेतन बढ़ोत्तरी को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना में लगे कार्मिक को की समस्या को लेकर मेवाड़ा ने कलेक्टर के नाम सुमेरपुर उपखंड अधिकारी कालुराम कुम्हार को ज्ञापन सौंपा है। महावीर मेवाड़ा ने बताया कि उच्च अधिकारी को ध्यान रहे कि राजस्थान में पिछले लम्बे समय से स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य मार्गदर्शक पोस्ट पर कार्यरत है पिछले लंबे समय से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों को स्थाईकरण का लाभ मिलता है लेकिन सरकार की ओर इस से ध्यान नहीं देने पर इन कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। आज भी बेहद कम वेतन में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। महावीर मेवाड़ा ने बताया कि उन्हें इस महत्वपूर्ण आपात सेवा के लिए महज़ 7500 सौ रुपए प्रति महीने मिलते हैं, जो आज की महंगाई के हिसाब से घर चलाने के लिए बहुत कम है। इनका ये भी कहना है कि राजस्थान कर्मचारियों के समान ही इनका काम है लेकिन इनके मानदेय में ज़मीन-आसमान का अंतर है। इस कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि राजस्थान में कोरोना काल में कोविड जैसी महामारी में भी कार्य सेवा देने वाले स्वास्थ्य मार्गदर्शक जीवनदायिनी इमरजेंसी सेवा में कार्य किया। जिस पर लोगों के स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का नाम परिवर्तन होते रहे परंतु सरकार सिर्फ इसे निजी कंपनियों द्वारा अनुबंध के जरिए संचालित किया जाता है। लेकिन इनकी खुद की सेवा, सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। ठेका कंपनी इनका लगातार शोषण कर रही है, तो वहीं सरकार अनदेखी कर रही है ऐसे में इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा।" हालांकि पिछले समय जयपुर में हड़ताल की जिसका असर में सरकार से आश्वासन मिला था। स्वास्थ्य मार्गदर्शकों का कहना है कि हमें स्थाईकरण एवं नियमित वेतन बढोत्तरी सहित इसकी पूरी ज़िम्मेदारी सरकार है। परंतु उच्च अधिकारियों को इस और ध्यान नहीं देने के कारण समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मेवाड़ा ने पाली जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम कालूराम कुम्हार को ज्ञापन देकर उक्त समस्या का जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि बीसीएमओ ऑफिस डॉक्टर गोविंदसिंह चुंडावत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर मोहनलाल चौधरी को प्रेषित की गई।



# एक शाम अलखधणी के नाम 30 को

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पनोता गांव स्थित अलखजी मंदिर प्रांगण में गुरूवार 30 जनवरी को एक शाम अलखधणी के नाम भजन संध्या व शुक्रवार 31 जनवरी को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि दाखू देवी धनाराम कालीराणा परिवार की ओर से मारवाड़ जक्षन विधायक केसाराम चौधरी, पूर्व विधायक खुशवीर सिंह, जोजावर के मुख्य अतिथि व देसूरी प्रधान संगीता राजपुरोहित एवं पनोता सरपंच श्रीमति मूमल के विशिष्ट अतिथि में आयोजित एक शाम अलखधणी के नाम भजन संध्या में छोटूसिंह रावणा एंड पार्टी सहित एक दर्जन भजन कलाकार अलखधणी मंडित भजनों की प्रस्तुति देगें। वहीं 31 जनवरी को सुबह अलखजी का भव्य वरघौड़ा निकाला जाएगा। वरघौड़ा मंदिर प्रांगण से शुरू होगा, जो गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ मंदिर प्रांगण जाकर संपन्न होगा। इस अवसर महाप्रसादी का आयोजन भी कालीराणा परिवार की ओर से किया जाएगा।

# दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा की आरती उतारी

**सुमेरपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई हुई दिव्य ज्योति कलश यात्रा सुमेरपुर क्षेत्र के विभिन्न गांव से होते हुए गुरूवार शाम को नगर में पहुंची। जिसका गांधी चौराहे पर मूलचंद नामदेव, शिवलाल दवे, नटवर नागर, प्रेमाराम व अन्य नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही यहां से भैरू चौक तक के मुख्य मार्ग में व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। भैरू चौक पर महिला मंडल अध्यक्ष मंजू देवी के नेतृत्व में कलश यात्रा को बाणमाता मंदिर प्रांगण तक ले जाया गया। यहां बाणमाता मंदिर पर ज्योति कलश यात्रा के आगमन पर 1008 द्वीप प्रज्वलित कर दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। ज्योति कलश रथ यात्रा के तहसील संयोजक भागचंद प्रजापत ने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जिस अखंड दीपक के आगे प्रचंड गायत्री साधना कर सिद्धियां प्राप्त की थी। उसको 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में यह दिव्य ज्योति कलश रथ-यात्रा पूरे भारत में निकाली जा रही है जो सन् 2026 में पूरी होगी। इस रथ के प्रभारी मुरलीधर गौड़ व साथी सुरेश दवे, रमेश नागर, ओमप्रकाश देवासी सहित ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# चेन्नई में उतरेगी नई टीम इंडिया

**चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद अब दूसरे मैच की तैयारी में जुटी है। सीरीज का दूसरा मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम वहां पहुंच भी गई है। खास बात ये है कि चेन्नई में टीम इंडिया लंबे समय बाद टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए उतरेगी। इस बार तो अर्सा इतना इतना लंबा हो गया है कि करीब-करीब पूरी टीम ही बदल चुकी है। हालांकि एक खिलाड़ी ऐसा है, जो इससे पहले वाले मैच में था और इसी सीरीज के मैच में भी होगा। लेकिन क्या उसे भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा। ये देखना दिलचस्प होगा।**



### सात साल में हो गया बदलाव

### 2018 में भारत का वेस्टइंडीज से आमना-सामना

टीम इंडिया ने साल 2018 में आखिरी बार यहां पर टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था, तब भारत का मुकाबला वेस्टइंडीज था। तब टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा थे और अब कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव पर थी। ये वो वक्त था, जब सूर्यकुमार यादव को कोई जानता नहीं था, क्योंकि उनका इंटरनेशनल डेब्यू नहीं हुआ था। लेकिन आज की तारीख में सूर्यकुमार यादव विश्व क्रिकेट के एक चमकते हुए सितारे हैं।

### वॉशिंगटन सुंदर अकेले कॉमन खिलाड़ी

साल 2018 की टीम इंडिया और अब की टीम इंडिया में केवल एक ही खिलाड़ी कॉमन है, जिनका नाम है वॉशिंगटन सुंदर। इस बार सुंदर टीम में तो चुने गए हैं, लेकिन वे प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे कि नहीं, ये पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है। क्योंकि सीरीज के पहले मुकाबले में वे नहीं खेले थे। टीम इंडिया की कोशिश होगी कि लगातार दो मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम करने की ओर एक और कदम बढ़ाया जाए।

### चेन्नई में पहली बार टी20 मुकाबला खेलने उतरेगी इंग्लैंड की टीम

भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टी20 मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम पहली बार चेन्नई में कोई टी20 इंटरनेशनल मैच खेल रही है। हालांकि इंग्लैंड के कई खिलाड़ी आईपीएल में अपनी-अपनी टीमों से यहां खेलते रहे हैं, लेकिन फिर भी ज्यादातर के लिए ये मैदान बिल्कुल नया और अलग होने वाला है। टीम इंडिया करीब सात साल बाद यहां पर टी20 मैच खेलने के लिए उतरने जा रही है। सात साल पहले टीम कुछ और थी और अब बिल्कुल बदल चुकी है। सात साल पहले खेले कई खिलाड़ी तो अब रिटायरमेंट तक का ऐलान क चुके हैं। जो रिटायर नहीं हुए हैं, वे इस टीम में शामिल नहीं किए गए हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : जोकोविच चोटिल



**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में सात-छह (पांच) से गंवा दिया था। उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

- पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

रणजी ट्रॉफी

# रोहित शर्मा की वापसी दूसरे प्रयास में भी नाकाम



**मुंबई।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं। अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया।

# दूसरे टी20 मैच को प्लेइंग इलेवन का ऐलान

### टीम इंग्लैंड में बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मैच अब करीब आ रहा है। सीरीज का पहला मैच जो कोलकाता में खेला गया था, उसे टीम इंडिया ने सात विकेट से शानदार तरीके से अपने नाम किया था। अब भारत की कोशिश दूसरा मैच जीतकर सीरीज को जीतने की ओर एक और कदम बढ़ाने की होगी। इस बीच सवाल दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन को लेकर है। अब दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन सामने आ गई है। इसमें एक बदलाव किया गया है। इंग्लैंड की टीम ने मैच से एक दिन पहले ही बड़ा ऐलान कर दिया है।



### दूसरे टी20 मैच इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जॉस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, ब्रायडेन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

### टीम के 12वें खिलाड़ी जेमी स्मिथ

- इंग्लैंड की ओर से बाकी कोई भी बदलाव करने की बात अभी तक तो नहीं बताई गई है। इतना जरूर बताया गया है कि जेमी स्मिथ 12 खिलाड़ी होंगे। जो जरूरत पड़ने पर ही मैदान में आएंगे। पहला मैच बुरी तरह से हारने के बाद इस बात की संभावना थी कि टीम में बदलाव होगा और ऐसा ही हुआ है।

### गस एटकिंसन की छुट्टी

- इंग्लैंड की टीम ने सीरीज के दूसरे मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है। जो 25 जनवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होना है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से ऐलान किया गया है कि पहले मैच के बाद दूसरे मैच के लिए एक बदलाव किया गया है। बताया गया है कि गस एटकिंसन पहले मैच के बाद दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ब्रायडन कार्स को मौका दिया गया है।

### जॉस बटलर कर पाए ठीक प्रदर्शन

- कप्तान जॉस बटलर को छोड़कर पहले मैच में इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज कुछ भी खास नहीं कर पाया। वो तो जॉस बटलर ने 44 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली, इसलिए टीम 132 रनों का स्कोर खड़ा कर पाई, नहीं तो टीम और भी ज्यादा संकट में होती। इंग्लैंड की टीम अगर अच्छी गेंदबाजी करती तो मैच टक्कर का हो सकता था, लेकिन गेंदबाजी में भी कई सारी कमजोरियां सामने आई और भारत ने महज 12.5 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया

# कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद टेस्ट टीम में होंगे शामिल

### बिग बैश लीग के दौरान दाहिना अंगूठा टूटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई है। बिग बैश लीग के दौरान पिछले सप्ताह कुहनेमैन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान वह नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में कुहनेमैन को हीट और क्वींसलैंड के गेंदबाजी कोच एंडी बिचेल ने आठ ओवर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए आउट किया। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने फील्डिंग करते हुए कुछ कैच पकड़े। गुरुवार को ब्रिस्बेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद कुहनेमैन श्रीलंका में होने वाली आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने को लेकर आशावादी हैं।



**टेस्ट सीरीज :**
29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल
6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल

**ऑस्ट्रेलिया टीम :**
स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

पुरुष वनडे टीम

# आईसीसी ने वर्ष 2024 टीम बनाई

### एक भी भारतीय को जगह नहीं

**दुबई।** भारत का वर्ष 2024 में 50 ओवरों से प्रारूप में कम मैच खेलने का असर शुक्रवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में देखने को मिला जिसमें किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। आईसीसी की वर्ष की वनडे टीम में श्रीलंका के चार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन तथा वेस्टइंडीज का एक खिलाड़ी शामिल है। भारत ने पिछले साल केवल तीन वनडे खेले थे। श्रीलंका में खेले गए इन तीन मैच में से भारतीय टीम को दो मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच टाइ समाप्त हुआ।

**पुरुष वनडे टीम :**
चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

## म नो रं ज न

# रोजलिन के दावों के बीच हिना ने शेयर कीं स्टनिंग तस्वीरें





हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज से जूझ रही हैं, पर इसका असर उन्होंने अपने करियर और जिंदगी पर नहीं पड़ने दिया है। उनका जज्बा और हौसला देख फैंस भी मुरीद हैं। हिना एक तरफ अपना कैंसर का ट्रीटमेंट करवा रही हैं, वहीं दूसरी ओर वह अपनी स्टनिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वह वेकेशन पर जा चुकी हैं और इवेंट्स में भी हिस्सा लेती रहती हैं। अब हिना ने कुछ और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देख फैंस फिदा हैं। मालूम हो कि हिना खान कैंसर के इलाज के बीच जिस तरह से घूम-फिर रही हैं और सारे काम कर रही हैं, उसे लेकर कैंसर सर्वाइवर और एक्ट्रेस रोजलिन खान ने सवाल उठा दिए थे। रोजलिन ने दावा किया था कि हिना खान अपने कैंसर को पब्लिसिटी के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही उन्होंने एक्ट्रेस की 15 घंटे की सर्जरी पर भी सवाल उठाए थे।

लेकिन ऐसा लगता है कि हिना खान इससे बेपरवाह हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बारे में कौन क्या सोचता है। तभी तो 37 वर्षीय एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं और सबके होश उड़ा दिए हैं। हिना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिंक कलर की ड्रेस में तस्वीरें शेयर की हैं। साथ में लिखा है- ग्रो, ग्लो और फ्लो यानी ग्रो करो, आगे बढ़ो, चमकते रहो और बहते रहो।'

हिना की इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। एकता कपूर, लता सभरवाल और सुनीता राजवर ने भी खूब प्यार लुटाया है। एक फैन ने लिखा है, 'असली फाइटर हो तुम।' एक अन्य फैन ने कमेंट लिखा, 'वॉरियर। एक और कमेंट है- कितनी सुंदर लग रही हो।' लेकिन कुछ यूजर्स ने हिना खान को ट्रोल करना शुरू कर दिया और कहा कि वह सिंपथी ले रही हैं।

वहीं हिना ने हाल ही 'स्क्रीन' से बातचीत में बताया कि कैंसर के कारण उनके हाथ से दो-तीन प्रोजेक्ट्स निकल गए। हिना के मुताबिक, कैंसर दो से तीन महीने में ठीक हो जाता है, पर उन्हें डेढ़ साल लग गया। इस वजह से उनके हाथ से दो प्रोजेक्ट्स निकल गए। पर इस दौरान उन्होंने अपनी सेहत पर ध्यान दिया।

# शाहिद की फिल्म 'देवा' के गानों को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' के गानों को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स पर फैंस के प्रति आभार जताया है। शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' को लेकर चर्चा में हैं। शाहिद कपूर के मराठी रैप सॉन्ग 'मर्ज़ी चा मालिक' और धमाकेदार ट्रैक 'भसड़ मचा' ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन गानों ने उनकी वर्सेटाइल अपील को और मजबूती से साबित किया है। साथ ही, उनकी आने वाली फिल्म 'देवा' के ट्रेलर ने जबरदस्त सराहना बटोरी है। शाहिद ने अपने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपने फैंस का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने अपने हालिया प्रोजेक्ट्स 'देवा' को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए सभी का आभार जताया। लाइव सेशन के दौरान शाहिद कपूर इमोशन से भरे नजर आए, जब उन्होंने हर तरफ से मिल रहे प्यार और सराहना की बात की। 'देवा' के मेकर्स ने हाल ही में फैंस की भारी डिमांड पर फिल्म का मराठी रैप सॉन्ग 'मर्ज़ी चा मालिक' लॉन्च कर दिया है। जाने-माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है।

# ऑस्कर में 'अनुजा' की एंट्री




**गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा को मिली कामयाबी**

ऑस्कर्स को लेकर इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर आई है। ऑस्कर 2025 की दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व फिल्म 'अनुजा' करेगी। गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा की अगुवाई में बनी फिल्म 'अनुजा' को ऑस्कर 2025 में बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में नामांकन मिला है। 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए गुरुवार को ऐलान कर दिया गया। बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में अलग-अलग देशों की 180 फिल्मों के बीच तगड़ा मुकाबला था। इनमें से महज पांच फिल्में ही फाइनल राउंड में जगह बना पाई हैं। ट्रॉफी की रेस में पहुंची इन पांच फिल्मों में भारतीय फिल्म 'अनुजा' के साथ 'एलियन', 'रोबोट', 'द लास्ट रेंजर' और 'अ मैन हू वुड नॉट रीमेन साइलेंट' को शामिल किया गया है। खास बात ये गुनीत मोंगा के लिए ऑस्कर में ये तीसरी बार नॉमिनेशन है। गुनीत मोंगा इससे पहले 'द एलिफेंट व्हिस्परर' से भी जुडी रही हैं, इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को ऑस्कर के प्लेटफॉर्म पर बड़ी पहचान दिलाई थी। अब 'अनुजा' इस प्लेटफॉर्म पर क्या कमाल दिखाएगी। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा। प्रियंका चोपड़ा ने भी इंस्टा पर पोस्ट कर फिल्म के ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए थैंक्यू बोलते हुए लिखा है- 'इनक्रेडिबल'। इस पोस्ट पर उन्होंने फिल्म में काम करने वाली एक्ट्रेस सजदा पठान और अनन्या शानबाग की एक्टिंग की भी तारीफ की है। ऑस्कर 2025 को कॉनन ओ ब्रायन होस्ट करेंगे। कॉनन ओ ब्रायन के लिए ऑस्कर के मंच पर ये पहला मौका होगा। 97वें ऑस्कर अवॉर्ड्स का आयोजन दो मार्च को लॉस एंजेल्स के डॉल्बे थिएटर में किया जाएगा। बात करें प्रियंका चोपड़ा की तो एक्ट्रेस इन दिनों मुंबई में हैं। हाल ही में हैदराबाद के फेमस बालाजी मंदिर में भी पहुंची थी। जिसकी तस्वीरें उन्होंने फैंस के साथ इंस्टाग्राम के जरिए शेयर की थी।

# क्या सारा अली खान को डेट कर रहे हैं अर्जुन प्रताप बाजवा?



सारा अली खान की लव लाइफ तब से चर्चा में है, जब से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत के साथ 'केदारनाथ' में डेब्यू किया था। पिछले साल उनके अभिनेता और मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ डेटिंग करने की अफवाह उड़ी थी। उन्हें 'केदारनाथ' में उनके साथ देखा गया था। अब, एक साल बाद अर्जुन ने डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'लोगों को जो लिखना है, वे लिखेंगे।'

हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने चल रहीं अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह उनका काम है, जबकि वह सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'तो, लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है। वे अपना काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं और यह वास्तव में मुझे परेशान नहीं करता है।' इस बीच सारा ने अभी तक डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रताप बाजवा पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और राजनीतिज्ञ फतेह सिंह बाजवा के बेटे हैं। वह 'सिंह इज ब्लिंग' में सहायक थे और उन्होंने 'बैंड ऑफ महाराजा' फिल्म में काम किया है। अभिनेता और मॉडल होने के अलावा, वह फिटनेस के भी शौकीन हैं। वह एक प्रशिक्षित एमएमए फाइटर हैं।

# जाट की रिलीज डेट का ऐलान




बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म के डायरेक्टर गोपीचंद ने अपने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को आज गुड न्यूज़ दी है। डायरेक्टर गोपीचंद ने सोशल मीडिया पर 'जाट' का एक पोस्टर भी शेयर किया है और रिलीज डेट बताई है। 'जाट' सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। गोपीचंद ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हर किसी के पसंदीदा एक्शन सुपरस्टार सनी देओल आ रहे हैं। एक्टर एक्शन फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। 'जाट' 10 अप्रैल को हिंदी, तेलुगू और तमिल में दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है। बड़े उत्सव की गारंटी है।" दिलचस्प बात ये है कि सनी देओल की फिल्म 'जाट' का अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' से क्लैश हो रहा है। इसके अलावा अजीत कुमार की फिल्म 'गुड बैड अग्ली', धनुष की फिल्म 'इडली कढ़ाई', प्रभाष की 'द राजा साब' भी 10 अप्रैल को ही रिलीज हो रही है। इस एक्शन एंटरटेनर 'जाट' में अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सनी के साथ रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसेंड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। 'पुष्पा 2' के साथ जाट का टीजर 12,500 स्क्रीन पर दिखाया गया था। इसे देख फैंस एक्साइटेड हैं।

भारत की ऊर्जा क्रांति

# महाराष्ट्र में देश की पहली लिथियम रिफाइनरी की स्थापना

## बुटीबोरी में लगेगी बैटरी निर्माण की फैक्ट्री



### 'मेक इन इंडिया' में गेम-चेंजर

प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण "मेक इन इंडिया" के साथ मेल खाती यह परियोजना भारत के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्धान लिथियम की उन्नत सुविधा न केवल भारत की बढ़ती लिथियम-आधारित उत्पादों की मांग को पूरा करेगी।

### दूरदर्शी नेतृत्व

फडणवीस के नेतृत्व ने महाराष्ट्र को पहले लिथियम रिफाइनरी और बैटरी निर्माण सुविधा का मेजबान बनाया है। यह समझौता स्विट्ज़रलैंड के दावोस में हस्ताक्षरित हुआ, जो महाराष्ट्र के औद्योगिक कौशल और वैश्विक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

### वैश्विक मानक एवं विश्व-स्तरीय तकनीक

संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी भागीदारों के सहयोग से वर्धान लिथियम यह सुनिश्चित करता है कि नागपुर सुविधा में निर्मित उत्पाद उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगे।

**मुंबई।** भारत अपने ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में एक परिवर्तनकारी क़दम उठाने जा रहा है। नागपुर, महाराष्ट्र के अतिरिक्त बुटीबोरी में देश का पहला लिथियम रिफाइनरी और बैटरी निर्माण फैक्ट्री स्थापित की जाएगी। इस अभूतपूर्व परियोजना के लिए 42,532 करोड़ रुपए का भारी निवेश किया जाएगा, जो देश के महत्वपूर्ण ऊर्जा संसाधनों में आत्मनिर्भरता को परिभाषित करेगा और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। सुनिल जोशी, चेयरमैन, और वेदांश जोशी, प्रबंध निदेशक, इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं, जो भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 500 एकड़ में फैली इस सुविधा का उद्देश्य भारत की लिथियम आयात पर निर्भरता को कम करना है, जिससे एक मजबूत घरेलू आपूर्ति श्रृंखला बनाई जा सके। इस रिफाइनिंग क्षमता के साथ, यहां 60,000 टन लिथियम की वार्षिक रिफाइनिंग और 20 GWh बैटरियों का उत्पादन होगा, जो भारत के वाहनों, घरों और उद्योगों को ऊर्जा प्रदान करेगा।

# महाराष्ट्र में 23 दिन में 11 बाघों की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले 23 दिनों में 11 बाघों की मौत हो चुकी है। वन विभाग ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से अब तक पांच बाघों की मौत प्राकृतिक रूप से, 3 दुर्घटना में तथा 3 की मौत शिकार की वजह से हुई। वन विभाग के अनुसार चंद्रपुर जिले के ब्रह्मपुरी और वन परिक्षेत्र में 2 जनवरी 2025 को बाघों के आपसी संघर्ष में मौत हुई। भंडारा जिले के तुमसर वन क्षेत्र में 6 जनवरी को एक बाघिन की बिजली का करंट लगने और 7 जनवरी को पांढरकवड़ा वन विभाग के अंतर्गत वणी में एक बाघिन का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला था। मामले की जांच चल रही है, क्योंकि बाघिन के दांत और पंजे गायब हैं। नागपुर के देवलापार वन क्षेत्र में 8 जनवरी को एक शावक की बिजली के झटके से और ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के प्राथमिक वन क्षेत्र में 9 जनवरी को एक शावक की मृत्यु हो गई।

वैश्विक मानक एवं विश्व-स्तरीय तकनीक

मंत्रालय में दक्ष परियोजना पर चर्चा

# कौशल विकास विभाग के सुदृढ़ीकरण को सतर्कता परियोजना : लोढ़ा



**मुंबई।** मंत्रालय में विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ 'दक्ष' परियोजना पर चर्चा के लिए मुख्य सचिव के कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने विश्व बैंक के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि कौशल विकास विभाग की मजबूती के लिए विश्व बैंक की सहायता से शुरू की जाने वाली 'दक्ष' परियोजना को सरकार तेजी से आगे बढ़ाएगी। लोढ़ा ने कहा कि कौशल विकास विभाग में महाराष्ट्र राज्य इनोवेशन सोसाइटी, राज्य कौशल विकास सोसाइटी, राज्य कौशल आयुक्तालय, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय के कौशल विकास कार्य का समन्वय किया जाएगा। मंगल प्रभात लोढ़ा, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, सचिव गणेश पाटिल आदि उपस्थित थे।

### व्यक्ति का कौशल विकसित करने पर जोर

परियोजना 'दक्ष' का लक्ष्य समय के अनुसार आवश्यक कौशल पाठ्यक्रम विकसित करके विश्व स्तरीय कुशल जनशक्ति तैयार करना है। परियोजना के माध्यम से महिलाओं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के कौशल को विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

### सभी विभागों के समन्वयन पर जोर

वेबसाइट को अपडेट करने के लिए उच्च स्तरीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लेना 'दक्ष' परियोजना कार्यान्वयन सेल के लिए 45 जनशक्ति की तत्काल स्वीकृति और इस परियोजना के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है।

### इनोवेशन सिटी की स्थापना का सुझाव

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने नवप्रवर्तन और कौशल विकास की अवधारणा पर जोर देने का सुझाव दिया है। उसी के अनुरूप इस बैठक में ग्लोबल स्किल सेंटर के विकास और इनोवेशन सिटी की स्थापना पर भी चर्चा हुई।

# 6 हजार करोड़ के घोटाले में स्कूल प्रिंसिपल गिरफ्तार!

70 करोड़ का 'खेल'



**अहमदाबाद।** पूरे गुजरात में हड़कंप मचाने वाले बीजेड घोटाले में एक के बाद एक आरोपियों की गिरफ्तारी सीआईडी क्राइम द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में मोडासा तालुका के भेमापुर प्राथमिक स्कूल में प्रिंसिपल के रूप में कार्यरत और बीजेड ग्रुप के सबसे बड़े एजेंट विनोद पटेल को सीआईडी क्राइम की टीम ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीजेड ग्रोफर्स से जुड़े 6000 करोड़ रुपए के घोटाले में सीआईडी क्राइम ने मेघरज तालुका के भेमापुर प्राथमिक स्कूल के शिक्षक विनोद पटेल को गिरफ्तार किया है। इस घोटाले में आरोपी और बीजेड ग्रुप के मुख्य एजेंट के रूप में भूमिका निभाने वाले प्रिंसिपल की संलिप्तता सामने आने के बाद साबरकांठा और अरावली क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विनोद पटेल ने इस घोटाले में मोडासा में बीजेड की फ्रेंचाइजी खरीदी थी।

### एक करोड़ का कमीशन और मर्सिडीज कार

- फ्रेंचाइजी के माध्यम से 1300 निवेशकों को इकट्ठा करके बीजेड ग्रुप में अब तक लगभग 70 करोड़ रुपए का इनवेस्टमेंट बीजेड फाइनेंशियल सर्विस की मोडासा ब्रांच में कराया गया था। इसके बदले में विनोद पटेल को अब तक एक करोड़ रुपए का कमीशन और मर्सिडीज कार भी भूपेंद्रसिंह झाला ने दी थी। बीजेड घोटाले में भूपेंद्रसिंह झाला समेत अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी सीआईडी कर चुकी है।

### अलग-अलग वेबसाइट से पोंजी स्कीम

केस के मुख्य आरोपी भूपेंद्रसिंह झाला ने अलग-अलग वेबसाइट बनाकर पोंजी स्कीम शुरू की और 11232 निवेशकों से 422.96 करोड़ रुपए वसूले थे। इनमें से 6866 लोगों को कुल 172.59 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया है। इस मामले की जांच कर रही सीआईडी क्राइम की टीम ने मेघरज तालुका के प्राथमिक स्कूल में प्रिंसिपल के रूप में कार्यरत विनोद पटेल को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी खुद प्रिंसिपल और शिक्षक होने के कारण अरावली और साबरकांठा के कई शिक्षक उसके संपर्क में थे। गौरतलब है कि कई रिटायर और कार्यरत शिक्षकों ने अपनी सुविधा और व्यवस्था के अनुसार बीजेड ग्रुप में इन्वेस्टमेंट किया था। अब तक आरोपी विनोद पटेल ने 70 करोड़ रुपए का इनवेस्टमेंट बीजेड की मोडासा शाखा में कराया है। प्रिंसिपल विनोद पटेल की गिरफ्तारी के साथ ही साबरकांठा और अरावली जिले के कई शिक्षक लंबी छुट्टी लेकर फरार हो गए हैं।

# 51 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी, छह गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बीकानेर।** पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई नागणेची मंदिर क्षेत्र में हुई, जहां इन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी बैंक खातों को किराए पर लेते थे और उन्हें ठगी के लिए इस्तेमाल करते थे। आरोपी इन्हें ठगी करने वालों तक पहुंचाकर बदले में मोटा कमीशन कमा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में पवनपुरी निवासी समर्थ सोनी, धर्मनारायण सिंह, रोहित सिंह, शिव नारायण सिंह, राजीव नगर निवासी विकास बिश्नोई, एमपी कॉलोनी निवासी गुरदेव विश्नोई शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और बैंकिंग सामग्री बरामद की है, जिसमें 8 बैंक पासबुक, 16 चेक बुक, 23 एटीएम/ डेबिट कार्ड, 3 अलग-अलग फर्म की सील-मोहरें और केवाईसी फॉर्म शामिल हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह केवल बीकानेर तक सीमित नहीं था, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी इनके नेटवर्क के लिंक मिले हैं। कई और युवा भी इस ठगी में शामिल हो सकते हैं, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि गिरोह पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी।

# महाराष्ट्र में बनेगी भारत की पहली 'ए आई यूनिवर्सिटी' : शेलार

- एआई और साइबर सुरक्षा के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने टास्कफोर्स गठित



**मुंबई।** "विकसित भारत 2047" मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने और भारत को $5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा और तकनीक की अहम भूमिका होगी। आईटी मंत्री एड. आशीष शेलार ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र भारत का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्वविद्यालय स्थापित करने वाला राज्य बनेगा। विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए मंत्री शेलार ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील के नेतृत्व में इस परियोजना को लागू किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय छात्रों और युवाओं को आधुनिक तकनीक क्रांति के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। शेलार ने कहा कि यह अत्याधुनिक अनुसंधान और कौशल विकास का केंद्र बनेगा और भारतीय युवाओं को एआई-आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्व के लिए तैयार करेगा।

### तकनीकी क्षेत्र में आगे महाराष्ट्र

एड. शेलार ने कहा कि सरकार जल्द ही भारत का पहला राज्य-स्तरीय एआई और साइबर सुरक्षा नीति की घोषणा करेगी। इस नीति का खाका तैयार करने के लिए एक विशेष टास्कफोर्स का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व स्वयं आईटी मंत्री करेंगे। "महाराष्ट्र तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी होगा, और हमारा सरकार तकनीक के जरिए शिक्षा में परिवर्तन लाने और भविष्य के कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

राजस्थान में उठी मांग

# हलाल प्रोडक्ट्स पर लगाया जाए प्रतिबंध




**जयपुर।** देशभर में एक बार फिर हलाल का मुद्दा खड़ा हो गया है। अब राजस्थान में हलाल प्रोडक्ट को बैन करने की मांग उठी है। भाजपा नेताओं ने हलाल प्रोडक्ट पर पैसे वसूलने के मसले पर चिंता जताई है। जयपुर के हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि सीमेंट सरिया खाने के प्रोडक्ट पर हलाल सर्टिफिकेट या पैसा वसूलना साजिश है। हलाल के नाम पर किस तरह का फंड जुटाया जा रहा है इसकी जांच होनी चाहिए। विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। हमारी सरकार है और हम इसकी जांच कराने वाले है कि आखिर राजस्थान में किन प्रोडक्ट पर हलाल सर्टिफिकेट की आवयश्कता पड़ रही है और हलाल प्रोडक्ट को बैन करेंगे। सांसद मंजू शर्मा ने हलाल प्रोडक्ट को लेकर कहा कि जिससे जनता का भला ना हो, जनता का नुकसान हो वो काम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है। वहीं, राजस्थान कैबिनेट मिनिस्टर अविनाश गहलोत ने भी कहा है कि हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट राजस्थान में बैन होना चाहिए। हम इसकी समीक्षा कराने जा रहे हैं। इसकी अनुशंसा मुख्यमंत्री से करने जा रहे हैं। हलाल से जुड़े प्रोडक्ट्स का पैसा कहां जा रहा है, ये पता लगना चाहिए। हमारी जानकारी में आया है कि इस तरह का पैसा लव जिहाद और देश विरोधी ताकतों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है लिहाजा इसकी जांच बेहद जरूरी है।

# पति ने खुद लगवाई पत्नी की नौकरी, फिर करवा दिया सस्पेंड



**कोटा।** राजस्थान के कोटा से हैरतअंगेज मामला सामने आया है। एक महिला रेलवे कर्मचारी के पति ने विभाग में उसकी शिकायत कर दी, जिसके बाद पत्नी को नौकरी से हाथ धोना पड़ गया। रेलवे कर्मचारी के पति ने शिकायत में बताया कि नौकरी में उसका सेलेक्शन डमी कैंडिडेट की मदद से हुआ था। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि उसने खुद एक एजेंट की मदद से 15 लाख रुपए में इंतजाम करवाया था। शिकायत करने वाला शख्स कथित तौर पर अपनी पत्नी के दो साल की नौकरी के बाद अलग होने से निराश और क्रोधित था। उसने रेलवे अधिकारियों पर मामले में उसकी शिकायत पर निष्क्रियता का भी आरोप लगाया। हालांकि, रेलवे अधिकारियों ने दावा किया कि संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। इस बीच, कोटा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (DCM) सौरभ जैन ने गुरुवार को बताया कि शिकायत मिलने के बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है।

# राजस्थान हाईकोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश



- नियुक्ति वारंट जारी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को तीन नए न्यायाधीश मिल गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने न्यायिक अधिकारी कोटे से तीन न्यायिक अधिकारियों के नाम को मंजूरी दी है। इन तीनों न्यायिक अधिकारियों के नियुक्ति वारंट जारी कर दिए गए हैं। जिन न्यायाधीशों को नियुक्ति मिली है, उनके नाम चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चंद्रप्रकाश श्रीमाली हैं। तीनों न्यायाधीशों को जल्द ही राजस्थान हाईकोर्ट में शपथ दिलाई जाएगी। प्रमिल कुमार माथुर वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के रूप में कार्यरत हैं, जबकि चंद्रप्रकाश श्रीमाली जयपुर के महानगर द्वितीय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं। चंद्रशेखर शर्मा जोधपुर में जिला एवं सत्र न्यायधीश (डीजे) के पद पर कार्यरत हैं। इन तीनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या अब 34 हो जाएगी, जबकि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल 50 पद स्वीकृत हैं। गौरतलब है कि हाईकोर्ट में आज तक कभी भी पूरे 50 पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाई है। हाईकोर्ट की कॉलेजियम ने वकील कोटे से कई नाम हाईकोर्ट जज की नियुक्ति के लिए भेजे थे, जिन पर स्वीकृति आनी अभी बाकी है। वहीं, इस साल 5 दूसरे न्यायाधीश रिटायर्ड हो रहे हैं। जस्टिस पंकज भंडारी एवं जस्टिस मदन गोपाल व्यास रिटायर्ड हो गए हैं। मई माह में जस्टिस बीरेंद्र कुमार सितंबर में जस्टिस नरेंद्र सिंह और नवंबर में मनोज कुमार गर्ग सेवानिवृत्त होंगे।

# भिवंडी के गोदामों से 10 करोड़ के खतरनाक रसायन जब्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 30 गोदामों पर छापे मारे और अवैध रूप से रखे गए 10 करोड़ रुपए मूल्य के खतरनाक रसायन जब्त कर लिए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इन गोदामों के मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, खतरनाक रसायनों के विनिर्माण, भंडारण और आयात नियम तथा पेट्रोकेमिकल अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। गोदाम मालिक बाजीराव चिकने को नोटिस जारी किया गया है।

वर्धमान महावीर खुला विवि का 17वां दीक्षांत समारोह

# विद्यार्थी विकसित भारत का संकल्प करें साकार : राज्यपाल




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षित विद्यार्थी अर्जित ज्ञान का नैतिकता और विवेकशीलता के साथ उपयोग कर लोक कल्याण के लिए समर्पित रहें। निरंतर बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के प्रयास करें। हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा जीवन पथ का आलोक है, उससे प्रेरणा लेते हुए अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करें। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत की परंपरा जीवन का एक नया अध्याय है जिसमें विद्यार्थी को ज्ञान के सागर में उतरकर अनेक नवाचार करने होंगे और देश व समाज के उत्तरदायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, कौशल और बौद्धिक क्षमता का संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा कर्म करो कि आपकी पहचान बन जाए। हर कदम ऐसा रखो कि निशान बन जाए। भगवान महावीर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए ऐसा जीवन जीयो कि कर्तव्य पथ से कोई आपको डिगा ना सके, कोई आपकी तपस्या भंग ना कर सके। उन्होंने गुरुजनों का भी आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान भंडार को विद्यार्थियों को हस्तांतरित करें, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास हों। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति जो 400 कुलपतियों, 1000 शिक्षाविदों और 1400 विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में तैयार की गई है, इसके उत्कृष्ट परिणाम आने वाले समय में परिलक्षित होंगे। यह शिक्षा नीति देश, समाज और हर नागरिक के लिए उपयोगी होगी। यह सिर्फ लिखना, पढ़ना, सिखाने की बजाय जीवन कैसा हो, यह सिखाएगी।

# राजस्थान : नई जिला परिषदों का होगा गठन

## आमजन को मिलेगा नए जिलों का वास्तविक लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार नए जिलों में प्रशासनिक ढांचा तैयार करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने नई जिला परिषदों के गठन एवं प्रभावित जिला परिषदों के पुनर्गठन से संबंधित कार्यवाही के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत संबंधित जिलों (8 नए जिले एवं 12 प्रभावित जिले) के जिला कलक्टर पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन एवं पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही इससे प्रभावित पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के नवसृजन एवं पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे। जिला कलक्टरों द्वारा इन प्रस्तावों को सार्वजनिक अवलोकन के लिए प्रसारित कर एक माह में आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण एवं अनुमोदन पश्चात नवगठित/पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले एवं 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया लेकिन नवसृजित जिलों में नई जिला परिषदों का गठन नहीं किया। हाल ही में राज्य सरकार ने जिलों का पुनर्निर्धारण किया है। पुनर्निर्धारण के बाद यथावत रखे गए 8 नए जिलों में राज्य सरकार ने नई जिला परिषदों के गठन का निर्णय लिया है।

# पूर्व सीएम राजे सहित कई नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

## विधायक जीवाराम चौधरी की माता के निधन पर राजे सहित कई नेता व गणमान्य लोग पहुंचे भादुरूणा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को भादरूणा पहुंची। वे विधायक जीवाराम चौधरी की माता के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक सभा में शामिल हुई। उन्होंने बिजरोल के खेतेश्वर जन्मस्थली मंदिर के दर्शन किए। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुंबाराम चौधरी, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, रणदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति के भाई, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर, ओसिया विधायक भैराराम सियोल, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, चंद्रभानसिंह आकिया विधायक चितौड़गढ़, यूनुस खान विधायक डीडवाना, आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, नरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक पुराराम चौधरी, पूर्व विधायक रेवदर जगसीराम कोली, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, पूर्व जिला प्रमुख वनेसिंह गोहिल, पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धनाराम पुरोहित, टीकमसिंह राणावत, पूर्व विधायक रामलाल, सवाराम पटेल, रमिला मेघवाल, सिरोही कलक्टर अल्पा चौधरी, जालोर एसपी ज्ञानचंद यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# रामगंजमंडी में बालिका सैनिक विद्यालय को भूमि आवंटन की मंजूरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में ईआरसीपी परियोजना (रामजल सेतु लिंक परियोजना) के कार्यों को गति प्रदान करने और बारां जिले में जनजाति बहुल क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भूमि आवंटन के महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। शर्मा ने रीको को राजस्थान पेट्रोजोन की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा 2024-25 के क्रम में कोटा संभाग में बालिका सैनिक विद्यालय की स्थापना के लिए कोटा जिले की रामगंजमंडी तहसील में 22 हैक्टेयर भूमि का आवंटन स्कूल शिक्षा विभाग को करने की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी परियोजना के अंतर्गत बांरा जिले में रामगढ एवं महलपुर बैराज के निर्माण से डूब क्षेत्र में आने वाले विस्थापितों एवं प्रभावित परिवारों को अन्यत्र बसाने हेतु आबादी के लिए ग्राम कोयला में 35 हैक्टेयर भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की। इसी प्रकार वन भूमि प्रत्यावर्तन के तहत तहसील शाहाबाद की 381 हैक्टेयर भूमि एवं तहसील किशनगंज की 551 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को आवंटित करने की मंजूरी दी गई है।

# पंजाब में करोड़पति बना राजस्थान का सरकारी बाबू

## चमकी किस्मत, मिले एक करोड़ रुपए



**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना शहर में लॉटरी के इनाम निकलने का सिलसिला जारी है। इसी दौरान राजस्थान का रहने वाले अनिल कुमार, जो एक सरकारी विभाग में कर्मचारी है, पिछले दिनों लुधियाना घूमने आए थे। उन्होंने लुधियाना की एक नामी दुकान से 10 करोड़ इनाम की चार टिकटें खरीदीं। इनमें से एक टिकट का दूसरा इनाम एक करोड़ का उसे लोहड़ी बंपर में लग गया। जबकि पहला इनाम 10 करोड़ का रोपड़ के रहने वाले एक व्यक्ति का निकला था। लॉटरी जीतने को लेकर अनिल कुमार ने कहा कि ये बाबा खाटू श्याम की कृपा हैं। उन्होंने कहा कि वह इन पैसों से कर्ज चुकाएंगे और बच्चों का भविष्य सुरक्षित करेंगे।

### 'बाबा खाटू श्याम की कृपा'

गौरतलब है कि लुधियाना शहर में लगातार लॉटरी के जरिए कई लोग करोड़पति बन रहे हैं। उनमें से ही यह व्यक्ति भी आज एक करोड़पति बने हैं। अनिल कुमार का कहना है कि उन पर बाबा खाटू श्याम की कृपा हुई है, जिसके कारण उसका एक करोड़ का इनाम निकला है। उन्होंने बताया कि अब वह इन पैसों से अपना लिया हुआ कर्ज चुकाएगा और अपने बच्चों के भविष्य के लिए इसका उपयोग करेगा।

### 'लॉटरी लगने के काफी चांस'

दूसरी ओर, दुकानदार का कहना है कि यह सिलसिला पिछले कई सालों से उनकी दुकान पर चल रहा है। उनकी दुकान से जो भी व्यक्ति लॉटरी खरीदता है, उसकी लॉटरी लगने के काफी चांस होते हैं। उनका यह भी कहना है कि वे ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं, जिसके कारण परमात्मा उन पर कृपा बरसा रहा है। उल्लेखनीय है कि जहां लोग मेहनत करते-करते अपनी जिंदगी बिता देते हैं, लेकिन करोड़पति नहीं बन पाते, वहीं एक लॉटरी के जरिए कई लोग करोड़पति बन रहे हैं।